ISSN 2277-5854 UGC Approved Journal No. 40949 UPNUL/2013/51445

षाण्मासिकी

श्रीविद्यामन्त्रमहायोग

गुरुवर जन्मशती विशेषांक

श्रीविद्या साधना पीठ
वाराणसी-उ.प्र.

वर्ष १५ फरवरी २०२६ अंक २

ब्रह्मलीन पूज्यपाद धर्मसम्राट् श्रीहरिहरानन्दसरस्वतीकरपात्रस्वामी
दीक्षानाम - षोडशानन्दनाथ

शिवसायुज्य प्राप्त पं० सीताराम कविराज
दीक्षानाम - दत्तात्रेयानन्दनाथ

UPNUL/2013/51445
अभिनिर्देशित एवं सन्दर्भित

ISSN 2277-5854
UGC CARE LISTED

श्रीविद्यामन्त्रमहायोग

(आगमतन्त्र की शोधपत्रिका)

(षाण्मासिकी)

गुरुवरजन्मशतीविशेषाङ्कः

संस्थापक सम्पादक
श्री दत्तात्रेयानन्दनाथ जी
(सीताराम कविराज)

सम्पादक
प्रो. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
पूर्व-समन्वयक, उच्च अध्ययन केन्द्र व
पूर्व-अध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

सह-सम्पादक
डॉ. दीपक कुमार शर्मा
सहायक आचार्य, डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय), वाराणसी

श्रीविद्यासाधनापीठ
वाराणसी (उ.प्र.)

वर्ष 15 अङ्क 2

श्रीविद्या साधना पीठ शिवसदन गणेश बाग, नगवा, वाराणसी के लिये प्रकाशानन्दनाथ द्वारा श्रीविद्या साधना पीठ, शिवसदन, गणेश बाग, नगवा, वाराणसी से प्रकाशित एवं स्टार लाईन भवन संख्या बी 13/90 सोनारपुरा, वाराणसी से मुद्रित।

Website Link : https://shreevidyasadhanapeeth.com/home/our_pooja

फरवरी, **2026**

सम्पादक :
प्रो. राजेन्द्रप्रसाद शर्मा

प्राप्तिस्थान
प्रकाशन विभाग
श्रीविद्यासाधनापीठ
शिवसदन, गणेशबाग, नगवाँ, वाराणसी
दूरभाष : 0542-2366622/9452917551

UPNUL/2013/51445
ISSN. 2277-5854
UGC Approved Journal (No. 40949)
UGC CARE-listed

सङ्गणकटङ्कित :
विशाल कम्प्यूटर्स, जयपुर

मुद्रक :
स्टार लाईन
सोनारपुरा, वाराणसी।

मूल्य : 250/-

सम्पादकीय परामर्श मण्डल

प्रो. यज्ञेश्वर शास्त्री, पूर्व-कुलपति, साञ्ची विश्वविद्यालय, साञ्ची

प्रो. एस. सुदर्शन शर्मा, पूर्व-कुलपति, श्री वेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय, तिरुपति।

प्रो. श्रीनिवास वरखेडी, कुलपति, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली।

प्रो. श्रीकिशोर मिश्र, पूर्व प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, काशी हिन्दू वि. वि., वाराणसी-221005

प्रो. सच्चिदानन्द मिश्र, सदस्य, भारतीय दार्शनिक अनुसन्धान परिषद्, महरौली-बदरपुर रोड, नई दिल्ली-110062

प्रो. रमाकान्त आङ्गिरस, कालिदास प्रोफेसर एवं पूर्व-अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़।

प्रो. शीतलाप्रसाद पांडेय, अध्यक्ष, धर्मागम विभाग, संस्कृतविद्या, धर्मविज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी-221005

प्रो. गोपाल प्रसाद शर्मा, पूर्व अध्यक्ष, वेद विभाग, श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

प्रो. रवीन्द्रनाथ भट्टाचार्य, संस्कृत विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय, कोलकाता-700073

प्रो. चन्द्रकान्ता राय, पूर्व अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, आर्यमहिला पी.जी. कॉलेज, वाराणसी,-221002

प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा, दर्शन विभाग, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर-470003

नोट : इस अंक में प्रकाशित समस्त लेखों के सम्बन्ध में सभी विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

UPNUL/2013/51445 Peer Reviewed & referred ISSN 2277-5854
Peer Reviewed & referred UGC CARE LISTED

ŚRĪVIDYĀ MANTRAMAHĀYOGA

Āgamic-Tāntric Research Journal

(Bi-annual)

Guruvara Janmashatee Visheshanka

Founder-Editor
Sri Dattātreyānandanāth
(Sitaram Kaviraj)

Editor
Prof. Rajendra Prasad Sharma
Ex-Co-ordinator (UGC CAS)
Ex-Head, Department of Philosophy,
University of Rajasthan, Jaipur.

Co-Editor
Dr. Deepak Kumar Sharma
Asstt. Professor, D.A.V. PG College, (Banaras Hindu University) Varanasi.

ŚRĪVIDYĀ SĀDHANĀ PĪTHA
Varanasi (U.P.)

वर्ष 15 अङ्क 2

Printed and Published by Prakashanand Nath on behalf of Shree Vidya Sadhna Peeth, Shivsadan Ganesh Bagh, Nagwa, Varanasi.
Printed at Starline, H. No.-B-13/90, Sonarpura, Varanasi and Published at Shree Vidya Sadhna Peeth, Shivsadan, Ganesh Bagh, Nagwa, Varanasi.

Website Link : https://shreevidyasadhanapeeth.com/home/our_pooja

February, 2026

Editor :
Prof. Rajendra Prasad Sharma

Publications are available at :
Publications Department
ŚRĪVIDYĀ SĀDHANĀ PĪTHA
Shiv Sadan, Nagawa, Varanasi-221005
Ph. 0542-2366622 / 9452917551

UPNUL/2013/51445
ISSN. 2277-5854
UGC Approved Journal (No. 40949)
UGC CARE-listed

Type Setting :
Vishal Computers, Jaipur.

Printer :
Starline, Sonarpura, Varanasi

Price : 250/-

Note : Any dispute arising on articles published in this issue shall be decided under the jurisdiction of Varanasi Court only.

विषय–सूची

	सम्पादकीय	प्रो. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा	
संस्मरण आलेख			
1.	पूज्य गुरुदेव के श्रीचरणों का पावन संस्मरण	आचार्य हृदय रंजन शर्मा	1–2
2.	श्रीगुरु चरण स्मरण	प्रो. श्रीकिशोर मिश्र	3–5
3.	बन्दउँ गुरुपदपदुमपरागा	प्रो. कमलाकान्तत्रिपाठी	6–10
4.	गुरुवाग्विलास	प्रो. शीतलाप्रसाद पाण्डेय	11–15
5.	श्रीगुरुस्मरण	प्रो. उपेन्द्र कुमार त्रिपाठी	16–18
6.	मेरी स्मृति में नित्य विद्यमान गुरुजी दत्तात्रेयानन्दनाथ (पं. सीताराम कविराज)	डॉ. पुष्पा त्रिपाठी (शिवपुरन्ध्रि)	19–21
7.	वन्दे बोधमयं नित्यं गुरुं शङ्कररूपिणम्	डॉ. दीपक कुमार शर्मा	22–23
8.	बंदऊ गुरु पद कंज कृपा सिन्धु नर रूप हरि	रविशंकर शुक्ल	24–25
9.	मुक्तिदा गुरुवागेका	प्रो. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा	26–29
शोधलेख			
10.	माँ ही संस्कृत है–संस्कृति है	आचार्य गुलाब कोठारी	30–32
11.	उशतीरिव मातरो मा विशन्तु	प्रो. हरीश	33–38
12.	मन्त्रसिद्धि की चाभी	डॉ. हर्षदेव माधव	39–44
13.	त्रिकागमे शून्यस्य पारमार्थिकस्वरूपविमर्शः	हरिप्रिया तिरुनगरि	45–53
14.	*नैषधचरिते* विवाहसंस्कारविधिः	डॉ .सुप्रीतिसाहा एवं डॉ. लोकेश–मण्डल	54–64
15.	'पञ्चस्तवी' स्तोत्र में प्रतिपादित शाक्त–आगम की प्रमुख अवधारणाएँ	डॉ. रमेश चन्द्र नैलवाल	65–73
16.	नाथ–दर्शन की सृष्टि प्रक्रिया में शिव तथा ललिता तत्त्व की महत्ता	डॉ. रञ्जनलता	74–78

17.	वैष्णव पाञ्चरात्र आगम : परिचय	डॉ. बिंदिया त्रिवेदी	79–87
18.	श्रीनेत्रतन्त्रोक्त अष्टाङ्ग योग विमर्श	नवकान्त	88–94
19.	आगम तन्त्र : दार्शनिक, साधनात्मक एवं सांस्कृतिक अन्वेषण	सिद्धार्थ तिवारी	95–101
20.	निगम आगम में शिव तत्त्व	शुभम कुमार पाण्डेय	102–110
21.	मीमांसा दर्शन में लोक–अर्थ की प्रधानता	प्रो. गोपाल प्रसाद शर्मा	111–115
22.	कष्टार्तव की समस्या का योग द्वारा निवारण	कृष्णा दग्दी एवं डॉ राकेश गिरी	116–122
23.	Pāñcarātra Āgama and its Epigraphical Presence	Dr. Pankaj Kumar Mishra	123–133
24.	The Cultural Imprint of the Pāñcarātra Āgama	Sakshi Kumari	134–145
25.	Integrative Metaphysics of Consciousness: A Scientific Reinterpretation of Śiva-Śakti-Bindu Dynamics in Tantra Philosophy	Dr. Sunita Barman	146–154
26.	Abhinavan Tantric Interpretationof Knowledge in the *Gītārtha-Saṅgraha*	Shradha Aggarwal	155–162
27.	Śaṅkara, Rāmānuja and Madhva: Vedāntic Interpretations of the Upaniṣadic Vision with Reference to the Kathopaniṣad and the Āgama Tradition	Dr. Krushna Chandra Panda	163–170
28.	Contribution of Sri Aurobindo in the field of Indology: A Critical Study	Dibyajyoti Hazra & Dr. Subhrajit Sen	171–182

सम्पादकीय

प्रात:स्मरणीय परमपूज्य गुरुवर दत्तात्रेयनाथ (सीताराम कविराज) के चरणों में कोटिश: प्रणाम। हर्ष और परम सौभाग्य का विषय है कि गुरुदेव की जन्मशती फाल्गुन शुक्ल नवमी (25 फरवरी, 2026) को पूर्ण हो रही है। एतदर्थ *श्रीविद्यामन्त्रमहायोग* का परिवर्धित विशेषांक प्रस्तुत किया जा रहा है। इसमें पत्रिका के पृष्ठों की वृद्धि करने का निर्णय भी श्री प्रकाशानन्दजी के द्वारा किया गया है। यह सौभाग्य एवं आनन्द का विषय है। गुरुजी के जन्मोत्सव को साधकों का सदा मानना ही चाहिये, यह तन्त्र की परम्परा है। अत: गुरुजी की इच्छा अनुरूप शोध पत्रिका का प्रकाशन अबाधित गति से हो रहा है। इससे श्रीविद्या साधकों को शास्त्रीय तत्त्व समझने में अति सरलता एवं सहजता होती है। यह एक सारस्वत यज्ञ है। इनकी निरन्तरता हमारे पर गुरुजी के आशीर्वाद का प्रतिफलन है।

आलेख परिचय

निम्नलिखित संस्मरण आलेख संख्या प्रथम से नवम तक सभी संस्मरण आलेख गुरुजी की जन्मशती पर उनके व्यक्तित्व एवं संस्मरण को समर्पित है—

1. पूज्य गुरुदेव के श्रीचरणों का पावन संस्मरण — आचार्य हृदय रंजन शर्मा
2. श्रीगुरु चरण स्मरण — प्रो. श्रीकिशोर मिश्र
3. बन्दउँ गुरुपदपदुमपरागा — प्रो. कमलाकान्तत्रिपाठी
4. गुरुवाग्विलास — प्रो. शीतलाप्रसाद पाण्डेय
5. श्रीगुरुस्मरण — प्रो. उपेन्द्र कुमार त्रिपाठी
6. मेरी स्मृति में नित्य विद्यमान गुरुजी दत्तात्रेयानन्दनाथ (पं. सीताराम कविराज) — डॉ. पुष्पा त्रिपाठी
7. वन्दे बोधमयं नित्यं गुरुं शङ्कररूपिणम् — डॉ. दीपक कुमार शर्मा
8. बंदऊ गुरु पद कंज कृपा सिन्धु — रविशंकर शुक्ल
9. मुक्तिदा गुरुवागेका — प्रो. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

इनके लेखक वरेण्यों का सादर प्रणाम, साधुवाद व अभिनन्दन।

इस अङ्क के दशम आलेख 'माँ ही संस्कृत है–संस्कृति है' में राजस्थान पत्रिका के प्रधान सम्पादक एवं पं. मधुसूदन ओझा वैदिक अध्ययन संस्थान के आचार्य गुलाब कोठारी ने शब्द सृष्टि के रहस्य उद्घाटित

करते हुए संस्कृत भाषा की दिव्यरूपता को भारती या सरस्वती रूप में तथा पदार्थ जगत् को लक्ष्मी रूप में सिद्धान्तित किया है। परा और अपरा प्रकृति इन दोनों को सिद्ध किया है तथा मातृशक्ति के दिव्य पक्ष पर विवेचन किया है। अत: सादर प्रणाम और अभिनन्दन।

एकादश आलेख 'उशतीरिव मातरो मा विशन्तु' में प्रो. हरीश ने आगम साहित्य के स्तोत्र ग्रन्थों के आधार पर श्रीचक्र की महिमा प्रतिपादित की है। ब्रह्माण्ड का प्रतीक सिद्ध करते हुए मातृ साधना की सर्वोच्चता सिद्ध की है। मातृशक्ति की प्रसन्नता से ही मोक्ष सम्भव है। इस स्तुत्य प्रयास हेतु सादर प्रणमन एवं अभिनन्दन।

द्वादश आलेख 'मन्त्रसिद्धि की चाभी' में डॉ. हर्षदेव माधव [प्रकाशानन्दनाथ–महानित्याम्बा] ने सिद्ध कुञ्जिका स्तोत्र के आगमिक रहस्यों की व्याख्या का अनुपम प्रयास किया है। 'दुर्गामातृका' का नवीन चिन्तन प्रस्तुत कर साधकों को उपकृत किया है। अत: आचार्यवर को सादर प्रणाम।

त्रयोदश आलेख 'त्रिकागमे शून्यस्य पारमार्थिकस्वरूपविमर्शः' में हरिप्रिया तिरुनगरि ने त्रिकागम के आधार पर नवनादों की अनुपम व्याख्या प्रस्तुत की है। शून्य (बिन्दु) चक्र से महाबिन्दु तक की अन्तर्यागीय साधना का सैद्धान्तिक विवेचन प्रस्तुत कर महान् कार्य किया है। शून्य यहाँ पूर्णता के अर्थ में है तथा शिव के प्रत्यक्ष में कारण रूप है। इनका विशिष्ट अभिनन्दन व वर्धापन।

चतुर्दश आलेख '*नैषधचरिते* विवाहसंस्कारविधि:' में डॉ .सुप्रीतिसाहा एवं डॉ. लोकेश–मण्डल ने *नैषधचरित* के आधार पर विवाह विधानों की वैदिकता को विवेचित किया है। स्वयंवर, मधुपर्क, लाजाहोम आदि शास्त्रीय विधि का निरूपण कर महनीय कार्य किया है। एतदर्थ हार्दिक साधुवाद।

पन्द्रहवें आलेख 'पञ्चस्तवी' स्तोत्र में प्रतिपादित शाक्त–आगम की प्रमुख अवधारणाएँ' में डॉ. रमेश चन्द्र नैलवाल ने पञ्चस्तवी स्तोत्र में निरूपित आगमिक विषयों का शास्त्रीय विवरण प्रस्तुत करते हुए दीक्षा, शिवशक्ति, सामरस्य एवं उपाय आदि का समालोचन कर महनीय कार्य किया है। इनके इस विवेचन से गम्भीर रहस्य उद्घाटित होते हैं। अत: सादर साधुवाद।

सोलहवें आलेख में 'नाथ–दर्शन की सृष्टि प्रक्रिया में शिव तथा ललिता तत्त्व की महत्ता' में डॉ. रञ्जनलता ने गोरखनाथ के दर्शन में शिव तथा ललिता तत्त्व का प्रामाणिक विवेचन प्रस्तुत किया है। सृष्टि प्रक्रिया में इनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका सिद्ध की है। अत: हार्दिक साधुवाद।

सत्रहवें आलेख 'वैष्णव पाञ्चरात्र आगम : परिचय' में डॉ. बिंदिया त्रिवेदी ने पञ्चरात्र के कई पारिभाषिक अर्थों का विवेचन किया है। इस दर्शन की संहिता, शास्त्र तथा पञ्चकाल एवं व्यूह की शास्त्रीय मीमांसा प्रस्तुत कर अनुपम कार्य किया है। एतदर्थ हार्दिक साधुवाद।

अट्ठारहवें आलेख 'श्रीनेत्रतन्त्रोक्त अष्टाङ्ग योग विमर्श' में नवकान्त ने पातञ्जल अष्टांगयोग तथा नेत्रतन्त्रोक्त अष्टांगयोग का भेद सुस्पष्ट किया है तथा *मालिनीविजयतन्त्र* के षडङ्ग योग की तुलना कर उल्लेखनीय कार्य किया है। एतदर्थ साधुवाद।

उन्नीसवें आलेख 'आगम तन्त्र : दार्शनिक, साधनात्मक एवं सांस्कृतिक अन्वेषण' में सिद्धार्थ तिवारी ने आगम और तन्त्र के विविध आयामों का संक्षिप्त विवेचन प्रस्तुत कर उत्तम कार्य किया है। अत: साधुवाद।

बीसवें आलेख 'निगम आगम में शिव तत्त्व' में शुभम कुमार पाण्डेय ने वैदिक रुद्र तथा आगमिक शिव की एकता को सप्रमाण सिद्ध किया है। शिव नाशक भी हैं और कल्याणकर्ता भी। भगवान् शिव की पाँच शक्तियों का भी विवेचन प्रस्तुत है। सादर साधुवाद।

इक्कीसवें आलेख 'मीमांसा दर्शन में लोक–अर्थ की प्रधानता' में प्रो. गोपाल प्रसाद शर्मा ने वेदों के अर्थ विचार की मीमांसक पद्धति पर शोध लेख लिखा है। पदों के अर्थ विचारणा में लोक अर्थ की प्रधानता रहती है। यह सिद्ध कर उत्तम कार्य किया है। आचार्यवर को सादर प्रणाम।

बाईसवें आलेख 'कष्टार्तव की समस्या का योग द्वारा निवारण' में कृष्णा दग्दी एवं डॉ राकेश गिरी ने योगसाधना द्वारा कष्टार्तव निदान प्रस्तुत कर अनुपम कार्य किया है। एतदर्थ सादर साधुवाद।

तेइसवें आलेख 'Pāñcarātra Āgama and its Epigraphical Presence' में प्रो. पंकज कुमार मिश्र ने पाञ्चरात्र का विशद विवेचन करते हुए संहिताओं के चार पाद—ज्ञान, योग, क्रिया और चर्या का विवरण दिया है। पाञ्चरात्र के विविध अर्थों का स्पष्टीकरण करते हुए ऐतिहासिक विवेचन कर महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। अत: सादर नमन व अभिनन्दन।

चौबीसवें आलेख 'The Cultural Imprint of the Pāñcarātra Āgama' में साक्षी कुमारी ने पाञ्चरात्र के सांस्कृतिक अवदानों की चर्चा करते हुए उनकी कला एवं संस्कृति के पक्ष का सुन्दर विवेचन किया है। काव्य, नृत्य व दान परम्परा का भी सम्यक् अध्ययन किया है तथा उसका प्रभाव भी विवेचित किया है। अत: साधुवाद।

पच्चीसवें आलेख 'Integrative Metaphysics of Consciousness: A Scientific Reinterpretation of Śiva-Śakti-Bindu Dynamics in Tantra Philosophy' में डॉ. सुनीता बर्मन ने शिव, शक्ति एवं बिन्दु के प्रतीकार्थ को परिभाषित किया है तथा शब्दशक्ति पर गम्भीर विवेचन किया है। आगमिक विषयों का संक्षिप्त विवेचन कर महनीय उपकार किया है। अत: बहुत–बहुत साधुवाद।

छब्बीसवें आलेख 'Abhinavan Tantric Interpretationof Knowledge in the *Gītārtha-Saṅgraha'* में श्रद्धा अग्रवाल ने अभिनव गुप्त की गीता की व्याख्या *'गीतार्थ संग्रह'* में प्राप्त आगमिक विषय—प्रकाश, विमर्श, शक्तिपात, प्रत्यभिज्ञा, शक्ति, भक्ति, स्पन्द तथा चतुर्विध उपाय का विवेचन कर अनुपम शोध कार्य किया है। अत: हार्दिक साधुवाद।

सत्ताइसवें आलेख 'Śaṅkara, Rāmānuja and Madhva: Vedāntic Interpretations of the Upaniṣadic Vision with Reference to the *Kathopaniṣad* and the Āgama Tradition' में डॉ. कृष्णचन्द्र पण्डा ने *कठोपनिषद्* के विविध भाष्यों की समीक्षा प्रस्तुत कर उत्तम कार्य किया है। एतदर्थ सादर साधुवाद।

अट्ठाइसवें आलेख 'Contribution of Sri Aurobindo in the field of Indology: A Critical Study' में दिव्य ज्योति हाजरा एवं शुभ्रजित् सेन ने अरविन्द के दर्शन की समीक्षा करते हुए उसकी संस्कृत कृतियाँ—*प्राण इदं सर्वम्, भवानी भारती तथा तान्त्रिक सिद्धि प्रकरणम्* आदि की विस्तृत विवेचना कर अनुपम कार्य किया है। अत: सादर साधुवाद।

यह अङ्क न केवल अभूतपूर्व एवं महत्त्वपूर्ण सामग्री को साधकों के लिये उपलब्ध कराता है अपितु नई अनुसन्धानपरक रचनाओं के द्वारा तन्त्रशास्त्र की सार्वकालिक उपादेयता पर विचार करता है। हमें विश्वास है कि साधकवर्ग में इस अङ्क का भी यथापूर्व स्वागत होगा और यह उनके लिये अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगा। जो साधक इस सारस्वत यज्ञ में लेख रूपी आहुति देना चाहते हैं, वे इमेल पर 'वर्ड डाकुमेन्ट' में भेज सकते हैं।

प्रो. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
(शिवानन्दनाथ पूर्णाभिषिक्त)
सम्पादक
55 गोविन्दनगर, वैशाली नगर, जयपुर-302021
चलवाणी- 9413970601
rajendrasharmauniraj@gmail.com

पूज्य गुरुदेव के श्रीचरणों का पावन संस्मरण

आचार्य हृदय रंजन शर्मा

मेरे जीवन का यह परम सौभाग्य है कि काशी में पूज्य गुरुदेव का दर्शन एवं सत्संगति प्राप्त हुई। उनका सस्नेह और अनुग्रहपरक आशीषभाव मन के अन्तराल में ज्योतिर्मय पवित्र अनुभूति को स्पन्दित कर देने वाला रहा तथा आज भी स्पन्दन का वह पुनीत भाव उनके स्मरण मात्र से सर्वतोभावेन अभिसिंचित करते हुए जीवन को कृतार्थ कर रहा है। यथावसर उनके कृपापूर्ण सामीप्य में माँ भगवती के कतिपय दिव्य रहस्य आख्यानों को सुनकर धन्य होने का भी सुअवसर प्राप्त हुआ।

पूज्य गुरुदेव की सुसंगति के क्रम में ही उनके सुयोग्य पुत्र एवं मेरे अनुज तुल्य चि. गोपी जी से भी, प्रकृतिगत स्वभाव की समरसता के कारण परिचय का सहजभाव प्रगाढ़ता के आत्मीयभाव में परिणत होता गया। पूज्य गुरुदेव के प्रवचन से अतिरिक्त समय में, यथा अवसर, अनुज गोपी जी के साथ पूजा-अर्चना एवं उपासना से सम्बन्धित वेदादिशास्त्रों में विहित आधिदैविक स्वरूपों पर चर्चा होती रहती थी।

इसी क्रम में कुछ दिनों बाद मंगलमय नवरात्र के शुभ अवसर पर, गुरुदेव के संकल्प के अनुसार, असम प्रदेश स्थित कामाख्या धाम की दिव्य यात्रा का कार्यक्रम निश्चित हुआ। चयनित शिष्य-मण्डली के साथ हम सभी लोग यथासमय कामाख्या धाम पहुँचे और गुरुदेव के निर्देश के अनुसार वहाँ के एक प्रतिष्ठित पण्डा जी के भवन में ठहरने की सुव्यवस्था की गई।

प्रातःकाल नित्यक्रिया, सन्ध्यावन्दन एवं जलपान के बाद हम सभी लोग पूज्य गुरुदेव के साथ भवन के एक विशाल कक्ष में बैठकर कुछ आवश्यक चर्चा कर रहे थे। तभी माननीय पण्डा जी गुरुदेव से मिलने उस सभाकक्ष में आए और गुरुदेव को प्रणाम करके उनके समीप ही बैठकर बातचीत करने लगे। कुछ समय बाद गुरुदेव ने मुखवास (`सौंफ-इलायची-केसर` आदि मिश्रित वस्तु) के डिब्बे को निकाला और एक चम्मच स्वयं लेकर पण्डा जी को वह डिब्बा देने लगे।

इसी समय एक चमत्कारी घटना घटी। पूज्य गुरुदेव के समीप ही बैठे हुए आधुनिक विषय के एक वयोवृद्ध आचार्य जी, जो स्वयं तन्त्र-मन्त्र के विशेषज्ञ थे, ने वह डब्बा अपने हाथ में गुरुदेव से ले लिया और बोले पण्डा जी को मैं दूंगा। इसके बाद मुखवास देने के लिए उस डब्बे में रखी चम्मच लेना चाहे परन्तु

दस, पन्द्रह क्षण तक उन्हें डब्बे में रखी चम्मच जब नहीं दिखी तो परेशान सा होकर, बोले चम्मच कहाँ गई? फिर एकाएक डब्बे में चम्मच दिखने पर बोले हाँ यह मिल गई।

तब पण्डा जी ने गरजती हुई आवाज में कहा कि- "आचार्य जी! अब नहीं" और फिर अपनी बात स्पष्ट करते हुए पण्डा जी बोले कि जब तक मैं डब्बी को देख रहा था तब चम्मच ढूंढ़ लेते तब आपकी सामर्थ्य मानते। फिर और जोर देकर बोले, ''पण्डित जी!'' गुरुदेव मुझे प्रेम से मुखवास देना चाह रहे थे, और आपने अभिमान वश व्यवधान करके उनके हाथ से डब्बा ले लिया। यह सुनकर आचार्य जी हतप्रभ से रह गए। तब पूज्य गुरुदेव ने स्थिति को संभालते हुए आचार्य जी से डब्बा अपने हाथ में लेकर कुछ हंसते हुए पण्डा जी से कहा कि कुछ अन्यथा न लें और इसे मेरे हाथ से स्वीकार करें। इस पर पण्डा जी ने भी सहज होकर गुरुदेव के प्रति सम्मान भाव प्रदर्शित करते हुए मुखवास को सहर्ष स्वीकार कर लिया।

कुछ देर बाद जब पण्डा जी गुरुदेव से मिलकर चले गए तब गुरुदेव ने हम सब से कहा कि यह कामाख्या धाम का परिसर तन्त्र-मन्त्र की शक्ति से अत्यन्त जागृत क्षेत्र है। यहाँ सर्वत्र दिव्य शक्ति के विविध स्वरूप प्रकाशित होते रहते हैं। उन विविध आलोकित स्वरूपों से प्रभावित या भयभीत न होकर माँ भगवती का नाम स्मरण करते हुए यहाँ रहना चाहिए।

यहीं इस दिव्य धाम में पूज्य गुरुदेव के विशेष आशीर्वाद के रूप में मुझे मन्त्र-दीक्षा रूप अनुपम संस्कार से अभिसिंचित होने का परम सौभाग्य भी प्राप्त हुआ।

पूज्य गुरुदेव के सान्निध्य में कतिपय दिव्य अनुभवों का स्मरण कर आज भी मन असीम आनन्द से आप्लावित हो उठता है। जीवन को धन्य कर देने वाले पूज्य गुरुदेव के श्रीचरणों में शत-शत सादर नमन एवं अभिवन्दन के साथ।

पूर्व अध्यक्ष एवं आजीवन मानोन्नत-
आचार्य, वेदविभाग,
सं. वि. ध. वि. सं.
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी

श्रीगुरु चरण स्मरण

प्रो. श्रीकिशोर मिश्र

'प्रज्ञां ददाति चाचार्यः तस्मात् स गुरुरुच्यते'—वाल्मीकि रामायण की इस उक्ति के अनुसार मानव में प्रज्ञा का आधान गुरु के माध्यम से होता है। इस के द्वारा व्यक्ति के जीवन की शैली का परिवर्तन और परिष्करण हो जाता है। आध्यात्मिक परिष्करण के प्रणेता पूज्य धर्मसम्राट् स्वामी करपात्री जी महाराज के शिष्य पं.सीताराम कविराज जी का काशी में आगमन अपने गुरुजी की उपासना-परम्परा को प्रसारित करने के उद्देश्य से हुआ था। काशी के आस्तिक समाज ने श्रीदत्तात्रेयानन्दनाथ जी के रूप में उनके उपासक व्यक्तित्व को नमन करते हुये श्रीविद्या साधना के मार्ग में पुनर्जागरण प्राप्त किया। श्रीविद्या साधना पीठ और भगवती शाङ्करी देवी के देवालय की वाराणसी में स्थापना पूज्य गुरुवर्य श्री सीताराम कविराज जी द्वारा वाराणसी को समर्पित कालजयी अवदान है।

पूज्यचरण गुरुवर्य आचार्य दत्तात्रेयानन्दनाथजी महाराज का आरम्भिक सान्निध्य काशी में मुमुक्षु भवन परिसर में मुझे प्राप्त हुआ । अस्सी के दशक में अनेक व्यावहारिक झञ्झावातों के कारण मेरा चित्त उद्विग्न था और स्थिरता के लिये इतस्ततः आधार खोजने में व्यापृत रहता था । उद्वेग के कालखण्ड में प्रशान्त आश्रय की उपलब्धि जीवन की रीतियों को ही परिवर्तित कर सकती है। वर्ष 1985 के आसपास मुमुक्षुभवन के आवास पर पूज्य गुरुजी के दर्शन के अवसर पर पराम्बा भगवती की अर्चा का वैभव हृद्य शान्ति और पुण्यमय वातावरण के रूप में मुझे अनुभूत हुआ । पूज्य गुरुजी अपने अन्तेवासियों से अर्चा कार्य में सामान्य ही सहयोग लेते थे। स्वयं ही कठिन उपासना में निरत होकर अत्यन्त साधारण रीति से लोकचर्या का निर्वाह करते थे। एक बार मध्याह्न में पहुंच कर मैंने दत्तचित्त होकर पाकनिर्माण करते हुये गुरुजी का दर्शन किया तो उन्होंने निर्देश दिया कि अन्तेवासियों के रहते हुये भी श्री भगवती के लिये मैं स्वयं भोगप्रसाद बनाने में समर्थ हूँ। साधकों के लिये यह प्रेरणा गुरुजन अपने क्रियाकलाप से सहज ही प्रदान कर देते हैं। उपासना के प्रति पूज्य गुरुजी की शारीरिक कर्मठता पर अवस्था का प्रभाव कभी नहीं रहा। अवस्था अधिक हो जाने पर भी अर्चन, याग, पाठ उच्चारण में पूज्य गुरुदेव पूर्ण सक्रिय रहते थे। सत्रयाग आदि के बड़े आयोजनों में ब्राह्ममुहूर्त से प्रारम्भ कर अर्धरात्रि तक उनका उपासना-श्रम अविरत रहता था। मेरे लिये उनकी यह आत्मशक्ति आजीवन आश्चर्य का विषय रही है और मैं इसमें उनके आधिदैविक स्वरूप का अनुभव करता हूँ, क्योंकि अपनी युवावस्था में भी पूज्य गुरुजी के इस अर्चाश्रम का अनुकरण करने में मैं असमर्थ रहा हूँ।

पूज्य गुरुजी का यह आधिदैविक प्रभाव परिचितों, परिजनों के लिये अत्यन्त आनंद का आधायक था। इस आनन्द को प्राप्त करने अनेक विद्वान्, मनीषी, उद्योगपति, छात्र और सामान्य जन उनके दर्शनार्थ आते थे और अपनी रुचि के अनुकूल समाधान और परामर्श प्राप्त कर आनन्दित होते थे। मेरे द्वारा अपनी पुस्तक – *प्राचीन भारतीय सामाजिक धर्मः* को 1990 में पूज्य गुरुजी को समर्पित करने के अनन्तर आत्मगौरव का आभास होते ही उन्होंने कुछ पृष्ठों का अवलोकन करते हुये कहा कि इसमें उद्धृत *प्राणतोषिणी* ग्रन्थ का प्रामाण्य कैसे माना जा सकता है। इसको पूर्वाचार्यों ने समादृत नहीं किया है। गुरुजी के इस कथन से मुझे प्राचीन मनीषियों के द्वारा उद्धृत ग्रन्थों के अतिशय प्रामाण्य का निर्देश मिला । परम्परा और आर्ष शास्त्रीय निर्देशों के लाभ के लिये मूर्धन्य विद्वान् पूज्य गुरुजी के सान्निध्य हेतु उत्कण्ठित रहते थे। डॉ.मुरली मनोहर जोशी (पूर्व केन्द्रीय मंत्री), डॉ. टी.एन.चतुर्वेदी (पूर्व राज्यपाल), पं. विद्यानिवास मिश्र (पूर्व कुलपति), प्रो. मण्डन मिश्र (पूर्व कुलपति), प्रो. कमलेश दत्त त्रिपाठी (पूर्व कुलाधिपति), प्रो.युगल किशोर मिश्र (पूर्व कुलपति) तथा प्रो. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय (पूर्व कुलपति) पं.रेवा प्रसाद द्विवेदी, प्रो.आद्याप्रसाद मिश्र (पूर्व कुलपति), पं. वायुनन्दन पाण्डेय, डॉ. विनोद दूबे आदि ज्ञानवयोवरिष्ठ अथवा दीक्षाप्राप्त आचार्यों के समक्ष मेरी अवस्थिति अत्यन्त सामान्य थी। परन्तु गुरुजी ने सर्वदा महत्त्व प्रदान किया तथा अनेक कार्यों में मुझे संयोजित किया था। उनके अनुग्रह से शाकम्भरी धाम, कोलकाता आदि स्थानों में कोट्यर्चन अनुष्ठानों में भागग्रहण का सौभाग्य प्राप्त हुआ था।

उपासना की कर्मठता में पूज्य गुरुजी के सुदृढ अनुशासन से अनेक शिष्यों ने जीवन में सफलता प्राप्त की है। पण्डितराज ने इसका उचित ही उल्लेख किया है –

गीर्भिर्गुरूणां परुषाक्षराभिस्तिरस्कृता यान्ति नरा महत्त्वम् ।
अलब्धशाणोत्कषणा नृपाणां न जातु मौलौ मणयो वसन्ति।।

पूज्य गुरुजी की ओजस्वी दृढ वाणी से अनुशासन का ग्रहण करने वाले शिष्यों ने जीवन में व्यावहारिक तथा आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त की, अन्यथा कर्मभीरु व्यक्ति उस लाभ से वञ्चित रहे। वस्तुतः कठोर अनुशासन के मूल में उनकी कृपा और स्निग्धता का भाव रहता था । अन्तेवासियों के सर्वकल्याण की उनकी दृष्टि का मैंने अनेकशः अनुभव किया है। मुझे प्रथम दीक्षा प्राप्त करने के लिये गुरुजी ने दिन निश्चित किया तथा दीक्षोपकरणादि स्वयं देकर मुझे उपकृत किया। उनके द्वारा उस समय प्रदत्त जपमाला अभी भी मेरे पास नित्योपयोग के लिये निधिस्वरूप सुरक्षित है। अग्रिम दीक्षा के लिये भी गुरुजी ने अकस्मात् स्वयम् आदेश दिया था। मध्याह्नोत्तर चर्चाओं में उनका प्रसन्न वदन शास्त्रीय और लोकोपकारक अनुभवों के प्रकाशन से विद्वानों के लिये हृदयावर्जक होता था । कामन्दकीय उक्ति—

मनः प्रसादः श्रद्धा च तथा करणपाटवम् ।
सहायोत्थानसम्पच्च कर्मणां सिद्धिलक्षणम् ।।

के अनुरूप गुरुजी का आह्लादयुक्त, गुरु के प्रति श्रद्धा से परिपूर्ण, कर्मनिष्ठ, सर्वोपकार संवलित व्यक्तित्व उनके सिद्ध स्वरूप को प्रत्यक्ष करता था। अपने पूज्य गुरुजी धर्मसम्राट् स्वामी करपात्री जी महाराज के प्रति अगाध श्रद्धा की अभिव्यक्ति उनकी सम्भवतः नित्यचर्या का अङ्ग थी। स्वामी जी महाराज की आविर्भाव जयन्ती का समारोह आयोजित करने की परम्परा उन्होने ही काशी में प्रारम्भ की थी। जिसका अनुकरण अनेक संस्थाओं ने कालान्तर में किया है। स्वामी करपात्री जी महाराज की कृपा और आशीर्वाद का निरन्तर स्मरण करते हुये उनके ग्रन्थों के प्रकाशन- सम्पादन का कार्य, उनकी स्मृति में पुरस्कार की योजना, अर्चन की प्रायोगिक परम्परा का प्रसार आदि नानाविध उपक्रमों के द्वारा गुरु के प्रति निर्व्याज भक्ति का उन्होंने आदर्श स्थापित किया है। मैंने भी पूज्य दत्तात्रेयानन्दनाथ गुरु जी के अमृतमहोत्सव में उनके निर्देशानुसार यथामति कार्य किया तथा *श्रीविद्यावार्ता* के *अमृत महोत्सव विशेषाङ्क* के संयोजन में कुछ सहयोग किया था। श्रीविद्या साधना पीठ के आयोजनों में मेरी सहभागिता से पूज्य गुरु जी अत्यन्त प्रसन्न रहते थे। उनके ही आध्यात्मिक प्रभाव और प्रत्यक्ष आशीर्वाद से मुझे शान्ति से समञ्चित परिपूर्णता का आनन्द जीवन में प्राप्त हुआ। वर्तमान में भी गुरुपीठाधिष्ठित पूज्य प्रकाशानन्दनाथ जी महाराज द्वारा मुझे गुरुवदनुग्रह प्राप्त हो रहा है, यह पात्रता मेरी अमूल्य निधि है।

गुरुवर्य की आविर्भाव शताब्दी के पुण्यप्रसङ्ग से उनके आशीर्वाद का स्मरण मेरे लिये सर्वविध-कल्याणप्रद है। इस अवसर देशिकप्रवर पूज्य दत्तात्रेयानन्दनाथजी के चरणों में प्रणति निवेदन कर मैं धन्यता का अनुभव करता हूँ।

(श्रीकिशोर मिश्र)
पूर्व प्रोफेसर,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी।
मो. 9415685328

बन्दउँ गुरुपदपदुमपरागा

प्रो. कमलाकान्तत्रिपाठी

अखण्डं सहजं चैव सच्चिदाकारविग्रहम्। सर्वशेषितया भान्तं तमानन्दमुपास्महे।।1।।
ब्रह्मविद्याव्रतोत्कर्षसमुद्यद्ब्रह्मवर्चसम्। श्रीक्रमोपासनोद्दीप्तं सीतारामपदं भजे।।2।।

जिनके साथ बिताये क्षणों में यह सुना था कि सततोपासाप्रकर्षप्राप्तपरदेवतास्वरूप महाव्रत की तरह अनेक चित्रमय प्रमेयप्रयोगदक्ष गुरुपदप्रवाल स्वयमेव अपने अभीष्ट शिष्य को अन्वेषणपुर:सर प्राप्त कर लेते हैं उनके ही विषय में सुलब्ध लेखनीचालन परमप्रमोदमहाह्रद में अवगाहन से कम नहीं है। प्रात:स्मरणीयपदकञ्ज सहृदयतातिरेकप्रकटविमलप्रतिभान तिरस्कृतात्माभिमान समर्पितपरमेश्वरीनिध्यानप्राप्तश्रीविद्योत्कृष्टविज्ञान जगत्प्राण स्मितपूर्वोदीरितमाधुर्यमयगीर्वाण सकलविद्वदपश्चिमाराधितचरणनलिन विश्रुतश्रीसीतारामकविराज-मङ्गलमयनामधेय प्रपन्नजन-भागधेय गुरुदेवताप्रसादप्राप्तासाधारणकवित्वैकमात्रोदाहरण निजचरणकमल-मकरन्दपान-रसिकशिष्यषट्पदभवबाधाहरण नितान्तनिर्मलकरण श्रीचरण गुरुजी का स्मरण जब जब होता है तब तब सत्त्व नाना विकल्पों में भावभरित होकर तल्लीन हो जाता है। उनका नित्यनिरवद्य रूप पीयूषकूप की तरह हर प्रबोधपिपासापरीत भावत: विपरीत जन के भी चित्त को चित्ताकर्षणमोहमन्त्र की तरह आकृष्ट कर लेता था। अत एव हनुमान् घाट पर जब मैं पूज्यपाद अनारतवन्दनीयपादारविन्द श्रीपट्टाभिरामशास्त्रि-वन्द्याभिधान मीमांसाशास्त्रपरिपक्वविज्ञान मीमांसागुरुजी के यहाँ एकाकी *भाट्टदीपिका* पढ़ रहा था उसी समय आप का प्रथम दर्शन एक विशेष कौतूहल के साथ हुआ। अपने-अपने क्षेत्र के अप्रतिम दो महापुरुषों के मध्य परदेवतोपासना के विषय में ही चर्चा हुई। अल्पकाल के बाद ही वे नया प्रकाशित ग्रन्थरत्न 'श्रीविद्यारत्नाकर'गुरुजी को भेट करके चले गये। जाने के बाद तत्काल मैंने गुरुजी से पूछा कि प्रत्यक्षपरदेवतोपासनाप्रकाशपुञ्ज के समान आसादित परमभर्ग वे कौन महापुरुष हैं। गुरुजी ने मुझे बताया कि वे धर्मसम्राट् स्वामी करपात्री जी के परमकृपाभाजनतया उनसे ही श्रीविद्यारहस्य का ज्ञान प्राप्त करके पूर्णाभिषिक्त होकर सुलब्धदत्तात्रेयानन्दनाथाभिख्य प्रख्योपाख्याविलसितकाय स्वीकृतपरविद्यारूपात्रेपुरानिकाय श्रीसीतारामकविराज जी हैं जो परमसमर्पणभावना से पैंतिस सालों तक सविधि साङ्ग सावरण श्रीविद्या की उपासना करके श्रीभगवती की प्रेरणा से काशीसेवन के लिए यहाँ आ गये हैं। श्रीमद्गुरुपादपद्म से प्रख्यातकविराजोपनाम वस्तुत: रूप-नाम से अस्पृष्ट महापुरुष के विषय में मेरे मानस में सकौतुक विचार आया—मातापिता का उपकार यथासंस्कारसंस्कृततया जन्म देकर पालनपोषण का है किन्तु गुरु आचार्य का परम उपकार दीक्षापुर:सर परम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सद्विद्यासदाचारप्रदानद्वारा ब्राह्म कलेवर प्रदान करने से

है। गुरु ही एक ऐसा परमभर्गस्वरूप तत्त्व है कि जिसके प्रति श्रद्धासोपान पर आरूढ पुरुष परम प्राप्य अशेषविशेषविनिर्मुक्त सच्चिदानन्दघनप्राण जगज्जन्मादिकारण दयादाक्षिण्यपरम-सौकुमार्यसौशील्यमङ्गलाद्य-संख्येयानवधिक-गुणनिधान कल्याणैकतान प्रपन्नजनहृदयपुण्डरीकव्यापि-वैकुण्ठकृतविश्राम आत्माभिराम परब्रह्मपुरुषोत्तम श्रीभगवान् को प्राप्त कर लेता है। समग्रता में विराजमान ऐश्वर्य, वीर्य, यश, समृद्धि ज्ञान और वैराग्य की 'भग' संज्ञा है जो पुरुषोत्तम कामेश्वर की विमर्शशक्ति है—भग: शक्तिर्भगवान् काम ईश:। दोनों का अत्यन्त अविनाभावरूप तादात्म्य होने के कारण ही वेदान्त में ब्रह्म को ही अभिन्ननिमित्तोपादान कारण माना जाता है। चाहे स्त्रीरूप में या पुरुषरूप में उपासना हो एक ही उपासना मानी जाती है। इस भावना से धर्मसम्राट से रहस्यविद्याप्राप्तिपूर्वक श्रीविद्या की उपासना के वे फल ही हो सकते हैं, अन्यथा वैसा स्फीत देदीप्यमान लोकोत्तरतया अवस्थित स्वसंवेदनगोचर श्रीविग्रह के साक्षात् रूप में विद्यमान स्वरूप संभव ही नहीं है। योग्य साधकों के मनोरथ को पूर्ण करने के लिए पराम्बा भगवती ही उन्हें अपने दिव्य लोक से भेजा है'। इस तरह विचारमग्न ही था कि गुरुजी ने मीमांसा का पाठ आगे चला दिया।

मैं मुमुक्षुभवन में अपने आवास पर आकर श्रीविद्योपासनासाक्षाद्विपाक कषाय के परिपाक से पाञ्चभौतिक शरीर में स्थित होकर भी परमब्रह्मवर्चसाकार दिव्यतीर्थ की तरह परमपावन गुरुजी का ही चिन्तन करता रहा। एक दिन वे स्वयम् मेरी अनुपस्थिति में हमारे यहाँ आये और साथ रह रहे मेरे पितामह से बोले कि सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालय में सरस्वतीभवन में पाण्डुलिपिनिरीक्षक बनवा देते हैं, मुझे उनके पास भेज दें। आकर विदितवृत्तान्त होने के बाद यह आभास हुआ कि देशिकप्रवर स्वयम् अपने अनुरूप शिष्य का अन्वेषण करके अपने चरणकमलों में आश्रय देकर कृतार्थ करते हैं। गुरु जी से मिलने का ही प्रमोद था, वृत्ति तो प्रारब्धत: दु:खवत् प्राप्त हो जाती है। 'भावस्थिराणि जननान्तरसौहृदानि', इस महाकवि कालिदास की सूक्ति के अनुसार प्राक्तन जन्म के अनुरूप किसी का किसी से समागम होता है।

यथा काष्ठं च काष्ठं च समेयातां महोदधौ। समेत्य च व्यतीयातां तद्वद् भूतसमागम:।।

इस महाभारत के वचनानुसार प्राणियों का एक दूसरे से मिलन महासागर में एक काष्ठ से दूसरे काष्ठ के समान होता है जो स्वत: वियुक्त होकर फिर कभी नहीं होता। यह न्याय कुटुम्बसम्बन्ध को लेकर वैराग्यजनन के लिए प्रसृत है। परम प्राप्य प्रभु की ओर पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करने वाले देशिकप्रवर श्रीगुरु के लिए नहीं है। वे तो जन्मजन्मान्तरों के पुण्यप्रकर्ष से कामेश्वराङ्निलया जगदम्बा की कृपा से ही प्राप्त होते हैं और अपनी दिव्यता से शिष्य को आप्लावित करते हुए परम लक्ष्य तक पहुंचाने में वैसी अनुभूतियों की छाप मानसपटल पर छोड़ देते हैं जिससे यावच्छ्वास पुरुष सन्मार्गस्थ होता हुआ वहीं पहुंचता है जहाँ सद्गुरु देशिकप्रवर पहले से ही अपने चिन्मयवपु में विराजमान रहते हैं। गुरु के विषय में गोस्वामी श्रीतुलसीदास जी यह वचन उनको सदा अपने स्मृतिपटल पर रखना चाहिये जो ऐहिक और पारलौकिक दोनों सफलता की सीढ़ी पार उतरना चाहते हैं—

बन्दउ गुरुपदकञ्ज कृपासिन्धु नररूप हरि। महामोह तमपुञ्ज जासु वचन रविकरनिकर।।

पुण्डरीकाक्ष भगवान् श्रीनारायण ही परब्रह्म हैं जो 'तस्य कप्यासं पुण्डरीकमेवाक्षिणी', इस श्रुति से सिद्ध है। श्रीहरि भगवान् नारायण का ही नाम हैं। गुरु नररूप में नारायण ही हैं जो पारम्पर्यत:

भवसिन्धुतरणोपायरहस्यवित्तया अपनी उपासनासन्तति के प्रभाव से चिन्मयवपु में विराजमान रहते हैं। मन को संसार से ऊपर उठाने में गुरु की भूमिका रहती है, अत: श्रीहरिरूपी गुरु के भक्त चतुर्विध पुरुषार्थ प्राप्त करने में सफल होते हैं। जैसा कि कहा गया है—

एते वेदोदिता: सर्वे पुरुषार्थाश्चतुर्विधा:। गुरुभक्तस्य हस्तस्था भवन्त्यत्र न संशय:।।

अत एव काम्य अग्निहोत्र आदि कर्मों से प्राप्त स्वर्ग आदि लोकों का परीक्षण करके उनकी क्षयिष्णुता का विचार करके नित्यताप्राप्ति की ओर अग्रसर ब्राह्मण के लिए वैसे गुरु के पास जाने का उपदेश प्राप्त होता है जो ब्रह्मनिष्ठ हो—

परीक्ष्य लोकान् कर्मचितान् ब्राह्मणो निर्वेदमायान्नास्त्यकृत: कृतेन।
तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाऽभिगच्छेत् समित्पाणि: श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम्।। (*मुण्डक.* 2/12)

इसी श्रुति के अनुसार श्रद्धाभरिततया हृदय में हर्षप्रकर्ष से युक्त मैं उपासनारहस्य-विषयकासाधारणवैदुष्यसम्पन्न एवम् लब्धपरदेवताप्रसाद की तरह पूर्णत: प्रमोदघन में अवस्थित श्रीगुरुजी से मिलकर अपने जीवन को कृतार्थ समझा। शनै: शनै: गुरु जी मेरे स्वभाव से परिचित होकर पत्नी के साथ मुझे विधिवत् संस्कारोद्दीप्तकलेवर करके मन्त्र प्रदान किये। वे हमेशा यही कहते थे कि पुरश्चरण के द्वारा जब मन्त्र को चैतन्य कर दिया जाता है तभी वह ब्रह्मरूपतापन्न प्रसन्न होकर साधकाभिलाष को साभिलाष पूर्ण करता है। गुरु जी यह जानते थे कि मैं शास्त्राभ्यास में तल्लीन हूँ तो यथावत् पुरश्चरण नहीं कर पाऊँगा। इसीलिए अपने आराधनकाल में मुझे बुलाकर करीब तीन घण्टे बैठाकर मन्त्रजप कराते थे। एवञ्च, गुरु जी के सन्निधान में ही उनके अद्भुतप्रकारक समाराधन के मध्य पुरश्चरण करने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ। एक बार चन्द्रग्रहण में मुझे गुरु जी का आदेश प्राप्त हुआ कि उनके पावन सन्निधान में ही यथावत् मन्त्रजप करूँ। वैसा ही हुआ। गुरु जी अपने पर्यङ्क पर ही थे और मुझे पूर्वाभिमुख जपार्थ बैठा दिये। मेरे मन में विचार आया कि गुरु जी मुझे जप में बैठाकर स्वयम् आराम कर रहे हैं। मेरा भ्रमभूधर तब दूर हुआ जब मैं दैर्घकालिक जप करके तन्द्रा में आने लगा। प्रायग्रहणकाल के जप में लोग तन्द्रालीनचेतस्क अन्यमनस्कतया या प्रत्युपस्थितानेकजन्मसंचित-दुष्कृतप्रभावाक्रान्तसत्त्वतया हो जाते हैं। उसी बीच मुझे वैसा देखकर गुरुजी ने अपनी मन्दहुङ्कर से जागरित कर दिया जिससे पूरे काल तक निस्तन्द्र होकर मैंने अपना जप पूर्ण किया। ज्ञात यह भी हुआ कि गुरु अपने लोकोत्तर समर्चा में लीन होकर भी मेरी ओर अपनी दृष्टि रखे हुए थे। वह मेरे जीवन का अविस्मरणीय क्षण था।

गुरु के प्रति शिष्य का क्या और वैसा भाव होना चाहिये इसे कुछ अंश में मुझे ज्ञान था क्योंकि पहले से ही मैं महाभारत, श्रीमद्भागवत और अन्य महाकवियों के प्रबन्धों को पढ़ लिया था। सहृदयचक्रवर्ती प्रात:स्मरणीयपदपद्म श्रीमदखण्डानन्दसरस्वती जी महाराज का यह निदेश मुझे प्राप्त था कि मैं निर्विराम अध्ययनशील ही रहूँ और द्रव्यलाभप्रयुक्त प्रवचनव्यासङ्गमहावागुरा में न फंसूं। पं.प्र. श्रीराजवंशीद्विवेदी, पं.प्र. श्रीवैद्यनाथझा, महामहोपाध्याय साहित्यशास्त्र के पारदृश्वा मनीषी श्रीवायुनन्दनपाण्डेय, पं.प्र. श्रीशशिधरमिश्र, पण्डितप्रवर श्रीरामप्रसादत्रिपाठी आदि गुरुओं से अध्ययन किया था तो गुरुमहत्त्व का ज्ञान प्राप्त ही था। विशेषत: ज्ञान तो गुरुजी से प्राप्त हुआ जब वे मुझे अपने गुरु धर्मसाम्राट् स्वामिश्रीकरपात्री जी के चरणसंवाहन

की चर्चा कर रहे थे। श्रीस्वामीजी के चरण वस्तुत: विकच कमल की तरह कोमल और रक्तिमा के साथ आभा में नवपल्लव जैसे थे। बहुत ही भावपूर्ण प्रकार से गुरुजी ने अपने उस सेवासौभाग्यसंभार का प्रतिपादन मुझसे किया था। तभी से गुरुसेवा वैसी होनी चाहिये इसका मुझे ज्ञान परोक्षात्मक होते हुए भी स्वलक्षणमात्रपर्यवसित साक्षात्कारात्मक हो गया था। आराधना में श्रीगुरुस्मरण ही व्यवधायक नहीं होता, अन्य सारे कौटुम्बिकविषयक स्मरण व्यवधायक ही होते हैं। इसीलिए जब भी गुरुजी से वार्ता का क्रम चलता तो शास्त्रसम्बन्धी ही चर्चा होती।

आगमशास्त्र में उनका कितना अधिकार था वह संपूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालय से प्रकाशित *स्पन्दकारिका* आदि ग्रन्थों की व्याख्या और *श्रीविद्यार्णवतन्त्र* की विवृत्ति के अवलोकन से समझा जा सकता है। वे स्वयं कहते थे कि स्पन्दकारिरका का अवगमन विना सिद्धगुरु के संभव ही नहीं है। अन्य शास्त्रों के विद्वानों का स्वतन्त्र रूप से उसमें चञ्चूप्रवेश भी नहीं होगा। साहित्य में काव्यप्रकाश और कुवलयानन्द पर उनका एकाधिकार था। कवित्व की धारा तो उनके प्रतिभान में विराजमान थी। अनेकों कविसम्मेलनों का आयोजन वे किया करते थे जिनमें काशी के सभी विद्वत्कवि बड़ी ही श्रद्धा से भाग लिया करते थे। वहाँ अद्भुत काव्य का श्रवण अन्त में आप के श्रीमुख से होता था। श्रीरामानन्दतीर्थ और श्रीभास्करराय के भाष्य के साथ मेरी भाषाव्याख्या से संवलित *त्रिपुरोपनिषत्* का जो प्रकाशन हुआ है वह गुरु जी के साथ आगमविषयकचर्चा का ही फल है। एक बार *नित्योत्सव* में प्रतिपादित देवी को भक्तभोग समर्पित करने के लिए व्यञ्जन में 'लशुन' का भी उपयोग मुझे देखने को मिला। सन्देह हुआ कि लशुन जैसे दुर्गन्ध से पूर्ण निषिद्ध पदार्थ जहाँ मिला हो उसे भगवती को वैसे समर्पित किया जा सकता है। गुरु जी से पूछा तो उन्होंने बताया कि तन्त्रविद्या में शूद्र-म्लेच्छ आदि का भी अधिकार है। लशुनभक्षण का निषेध त्रैवर्णिकों के लिए ही है, शूद्र आदि के लिए नहीं है तो लशुनसंस्कृत व्यञ्जनों का उपयोग करने वाले शूद्र आदि देवी के भोग में उसका उपयोग कर सकते हैं। हो गया समाधान। *नित्योत्सव* श्रीविद्या का प्रयोगात्मक ग्रन्थ है। मेरा गुरुजी के साथ मित्रात्मक व्यवहार था इसीलिए किसी भी विषय में उनसे मेरी वार्ता खुल कर होती थी। प्रतिभाधनी व्याकरण पढ़ने वाले श्रीवेदप्रकाश जी भी गुरुजी से दीक्षा लेकर जप में लग गये थे। उनकी प्रशंसा गुरु जी मुझसे किया करते थे। वेद-प्रकाश जी मुझसे *मीमांसान्यायप्रकाश* पूरा पढ़े थे। वे श्रीविष्णुआश्रमस्वामी जी महाराज से नैष्ठिकब्रह्मचारी की दीक्षा ले लिये तो मैंने जाकर गुरुजी को बताया कि वे साधू हो गये। गुरुजी ने तत्काल कहा कि बहुत अच्छा हुआ कि उन्होंने अपना उचित मार्ग चुन लिया। गुरु जी की बात मुझे बड़ी अटपटी लगी। मैंने उनसे कहा कि आप श्रीशङ्कराचार्य की गृहस्थपरम्परा को विशेष महत्त्व श्रीविद्या में देते हैं और स्वयम् भी गार्हस्थ्य आश्रम को स्वीकार किये हुए हैं तो वेदप्रकाशजी के विषय में ऐसा क्यों कह रहे हैं। गुरुजी ने प्रकरण को तत्काल हास्यरस में परिणत कर दिया। उन्होंने कहा कि उसको न दाढ़ी और न मूछ है तो क्या गृहस्थाश्रम में जाकर करेगा।

गुरुजी अपने मन को शास्त्र या परदेवता में ही लगाये रखते थे। पारिवारिक निर्वाह जो करना है वह कर देते थे किन्तु उसमें लीन नहीं रहते थे। मेरे सुहृद्वर्य श्रीपांडे जी एक बार गुरु जी के समक्ष ही अपने किसी पुत्र

के वर्णन में तल्लीन होकर भावविभोर हो गये थे। गुरु जी ने तत्काल कहा कि यह मायावी आदमी है, पारिवारिक चर्चा में रम जाता है। आगे मेरे विषय में भी उन्होंने पांडे जी के समक्ष ही कहा था—'तुम महात्मा आदमी हो'। श्रीमद्भागवतमहापुराण के भी वे मर्मज्ञ थे। 'स एष जीवो विवरप्रसूतिः' इत्यादि रहस्यात्मक श्लोकों की व्याख्या करके मन्त्रमुग्ध कर देते थे। आचार्य श्रीरामजीमालवीय जैसे आगम के विद्वान् उनके यहाँ आते थे। प्रयोगविद्या में उनकी कुशलता जो थी वह बाद में मुझे प्रातःस्मरणीय अयोध्या, कोसलेशसदन के महाराज जी में दिखायी दी। गुरुजी पूर्णताप्राप्त महापुरुष थे। वे चर्चा में कहे थे कि लक्षार्चन बहुत हुए, अब कोट्यर्चन भी होना चाहिये। बाद में उन्होंने अनेकों कोट्यर्चन भी कराये जिनमें सपत्नीक संमिलित होने का सौभाग्य मुझे भी मिला। गुरु जी का उत्साह इतना था कि वार्धक्य में भी '*श्रीविद्यार्णवतन्त्र*' का संशोधन करा कर प्रकाशन करा दिये। संशोधन का कार्यभार मुझे और श्रीगिरीश पाण्डेय जी को दिया गया था। हिन्दीविवरण गुरुजी का ही लिखा हुआ है। गुरु जी आत्मा की प्रतिष्ठा में प्रतिष्ठित थे। कोई कृत्रिमता उनमें नहीं थी। हम दोनों के लिए एकाकी ही दुकान में जाकर शीतोपयुक्त कपड़ा लाकर दिये थे। एक बार उनके साथ मैं केदारघाट, श्रीकरपात्रधाम में गया। वे ऊपर स्वामीश्रीसर्वेश्वरानन्दसरस्वती जी के यहाँ आयासबहुलता के कारण नहीं गये। मन्दिर में दर्शन करने गये थे तो वहीं पर स्वामी जी शीघ्र ही नाना उपहारों को लेकर आये और कृतकृत्य होकर गुरुजी का सम्मान किये। इससे यह पता चलता है कि गुरुजी के प्रति धर्मसम्राट्स्वामीकरपात्री जी के शिष्यों का भी कितना आदरभाव था।

देवोपासक केवल देवतासंबन्धी ही कार्य करें, अन्यत्र ध्यान न दें तो उनमें समुत्पन्न विशेषापन्न मनोरथ को देवता ही पूर्ण कर देते हैं ऐसा 'योगक्षेमं वहाम्यहम्'से श्रीभगवान् ने ही सुस्पष्ट कर दिया है। गुरु जी इसके उदाहरण हैं। मैं भी उनकी उस विशेषता में ढलने का प्रयास किया है और परमार्थातिरिक्त कार्यों में ध्यान नहीं दिया है। एक बार गुरु जी पूर्णतः अस्वस्थ हो गये थे। मैंने जाकर उन्हें देखा तो अन्दर से हिल गया और कहा कि वे पूर्णतः स्वस्थ होकर पहले जैसे ही विद्वानों के मध्य शास्त्रीयवृत्तों के आमोद-प्रमोद में मग्न होंगे। गुरु जी पूर्णतः स्वस्थ हुए और कई कविगोष्ठियों का आयोजन कराये और वहाँ उनके मुखारविन्द से सुमधुर काव्यसौरभ के आघ्राण का सौभाग्य हम सभी को प्राप्त हुआ। गुरुजी के विषय में असीमित संस्मरण मेरे हृदय में हैं जिसे आगे भी मैं सहृदयों के मध्य व्यक्त करूँगा। अन्त में पुनः मैं यही कहना चाहूँगा कि श्रीगुरुचरणरजःसुसिक्तकलेवर पुरुषवर गुरुओं के प्रति श्रीभगवदनतिरिक्त श्रद्धा के बल पर सब कुछ प्राप्त कर लेता है। जो नहीं प्राप्त किये हैं उनके अन्दर अवश्य उस श्रद्धा की न्यूनता है। गुरुपुत्र में भी गुरुवद्वृत्ति का निदेश शास्त्रों में है। आज श्रीप्रकाशानन्द नाथ जी महाराज श्रीगुरुजी के अपर रूप में हमें कृतार्थ कर रहे हैं। उनका भी गुरुजी जैसा प्रेम हमें प्राप्त है जो अन्त तक निःश्रेयसपथ में बना रहे, यही गुरुचरणों से मुझे आशीर्वाद के रूप में अपेक्षित है।

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय,
वाराणसी

गुरुवाग्विलास

प्रो. शीतलाप्रसाद पाण्डेय

महतामुदयो धन्यः येन विश्वं प्रकाश्यते।
पूर्यते तेजसा विश्वमुदये जगदात्मनः।।

महापुरुषों का उदय, आविर्भाव तथा जन्म स्वयं में धन्य है क्योंकि उनसे सम्पूर्ण संसार प्रकाशित हो उठता है, जैसे भगवान् भास्कर के उदय होने पर सारा जगत् प्रकाशमय होता है।

पूज्य गुरुप्रवर आचार्य श्री दत्तात्रेयानन्दनाथ जी श्रीविद्या के उपासक थे। काशी के प्रकाश: धर्मसम्राट् स्वामी करपात्री जी से मन्त्र-दीक्षा प्राप्त कर इन्होंने अपनी साधना से जो सिद्धि प्राप्त की उसका वैभव वे अपनी वाग्मिता तथा लेखनी के माध्यम से अशेष देश-विदेश के जिज्ञासुओं के लिए आजीवन सुलभ करते रहे। संस्कृत, हिन्दी तथा बंगला आदि अनेक भाषाओं के वे विद्वान् थे। इन भाषाओं में वे अधिकारपूर्वक लिखते तथा बोलते थे और एक आचार्य की तरह जिज्ञासुओं की शंकाओं का समाधान करते थे। काशी में श्रीविद्या साधनापीठ की न केवल स्थापना की अपितु अपनी तेजस्विता से मण्डित किया। यद्यपि इनकी जन्मभूमि राजस्थान सीकर, मानस-भूमि कलकत्ता तथा कर्मभूमि काशी रही तथापि वे श्री-उपासना में देश-काल के किसी बन्धन को स्वीकार नहीं करते थे। सरस्वती के ऐसे साधक द्वारा सम्पादित एवम् अनूदित साहित्य- *श्रीविद्यारत्नाकर, श्रीविद्या-वरिवस्या, श्रीभुवनेश्वरी-वरिवस्या, महागणपति-वरिवस्या, ललितासहस्रनामस्तोत्र, मन्त्रमहायोग, श्रीविद्या एवं श्रीयन्त्र-एक परिचय, श्रीविद्या-अष्टाङ्गम्, उपचारमीमांसा, साम्बपञ्चाशिका, विरुपाक्षपञ्चाशिका, श्रीविद्यारण्य, षट्त्रिंशत्तत्त्वमीमांसा* तथा *भावनोपनिषद्* आदि हैं।[1]

गुरुवर्य आचार्य की दृष्टि "सा प्रथमा संस्कृतिर्विश्ववारा" से सम्पन्न थी। यह स्मरण दिलाने की आवश्यकता नहीं है कि वे जिस गुरु-परम्परा से आते हैं- वे धर्मसम्राट् थे जिनका आज ज्ञानशरीर वेदार्थपारिजात तथा भावशरीर भक्तिसुधा तथा भागवतसुधा है।[2] गुरुदेव में निगमागम की पारगामिता विद्यमान थी। निगमागम सम्मत रचना में विभिन्न विचारधाराओं का समन्वय प्रस्तुत कर इच्छा, ज्ञान व क्रिया की त्रिवेणी से अपने कृतित्व को सर्वार्थता तथा समग्रता दे गये। श्रीकृष्ण के शब्दों में 'स्वभाव' तथा 'स्वरूप' की उपलब्धि से ही मनुष्य के मंगल का वाग्द्वार खोलकर उसके निःश्रेयस सिद्धि के सोपान बता गये। गीता का उद्घोष है- 'स्वभावोऽध्यात्ममुच्यते'।[3] स्वभाव और स्वरूपोपलब्धि के अतिरिक्त अध्यात्म और है भी क्या?

महर्षि व्यास कहते हैं—'प्रज्ञा प्रतिष्ठा भूतानां प्रज्ञालाभः परो मतः।'[4] अर्थात् बुद्धि और कर्म ही सफलता के लिए अनिवार्य है। गुरुवर्य दत्तात्रेयानन्दनाथ के व्यक्तित्व में स्वभाव-स्वरूप के साथ बुद्धि और कर्म का भी अद्भुत मेल था।

आत्मस्वरूप के परम साधन एवं जीवन के रचनात्मक आदर्शों की अनिवार्य के लिए सर्वात्म समर्पण ही उपाय है। एकाग्रता ही पूर्ण व्यक्तित्व का विकास कर उसे चरमता और परमता देती है। पराभक्ति ही एकाग्रता की वह अवस्था है, जहाँ विषमता, समता, दीनता, महनीयता और कलुषता निर्मलता बन जाती है क्योंकि 'नान्यं जाने नैवजाने न जाने'[5] अथवा गुरुदेव के शब्दों में- "प्रत्यक्चैतन्याभिन्न चितिरूपा पञ्चकृत्यपरायणा पराम्बा भगवती भवनाटकनिपुणा के पादारविन्द में भावाञ्जलि की कल्पना करता हूँ, जिसके उन्मेष निमेष से विश्व का प्रभव व प्रलय होता है।"[6] यह अटूट आस्था ही मनुष्य की उच्चतमभक्ति है जो गुरुदेव में विद्यमान रही। पूज्य गुरुदेव प्रथम बार मेरा दर्शन 1990 ई. में हुआ था। उन दिनों गुरुदेव मुमुक्षु भवन अस्सी पर रहते थे। आचार्य प्रथम वर्ष धर्मागम का बी.एच.यू. में छात्र था। हमारे गुरुदेव प्रातःस्मरणीय गुरुदेव आचार्य कमलेशदत्त त्रिपाठी जी ने गुरुजी के विषय में बताया था कि बहुत अच्छे हैं। प्रशंसा सुनकर मैं गया। गुरुदेव को परिचय दिया गुरुदेव बड़े प्रेम से मिले प्रसाद भी दिया। सन् 1992 में जब मैं पी-एच.डी. का छात्र था। तब गुरुदेव युवा मारवाड़ी सेवा संघ, लक्सा रोड, वाराणसी में एक भव्य भगवती के आराधना, अर्चना का कार्यक्रम रखा, जिसमें मैं सपत्नीक उपस्थित रहा। रात्रिजागरण के अवसर पर भी मैं सपरिवार विद्यमान था। देश के बड़े-बड़े पण्डित विद्वान् उपस्थित रहे। उस समय गुरुदेव मेरे गुरुदेव त्रिपाठी जी से कहते थे कि *जयाख्यसंहिता* वाले विद्यार्थी बुलाइए। उसे दीक्षा देनी चाहिए। गुरुदेव के उस चमत्कार से मैं प्रभावित हुआ था। फिर क्रम चलता रहा और आज भी है।

भारतीय साधना और अध्यात्म परम्परा में भगवत्तत्त्व की प्राप्ति के लिए या जीव और ब्रह्म के ऐक्य बोध के लिए गुरु ही एकमात्र साधन है। अतः उसकी सर्वोच्चता तथा अनिवार्यता स्वतः सिद्ध है। यही कारण है कि पुराणों, ब्राह्मणग्रन्थों, उपनिषदों, दर्शन-शास्त्रों और तन्त्रागमों में गुरु को सर्वोपरि स्थान दिया गया है और उसे ब्रह्मा, विष्णु और शिव का साक्षात् स्वरूप कहा गया है—

गुरुः साक्षादादिनारायणपुरुषः[7]

तन्त्र और योगशास्त्र में तो गुरु के बिना साधना राज्य में प्रवेश ही नहीं किया जा सकता। साधना प्रणाली, इष्ट की प्राप्ति और योग सिद्धि के लिए गुरु ही सर्वसामर्थ्यवान सिद्ध पुरुष है-

इष्टदेवस्वरूपो यः सच्चिदानन्दविग्रहः।
शुद्धो बुद्धः प्रमुक्तश्च गुरुरादर्शमानवः।।[8]

स्वयं आचार्य गुरुदेव दत्तात्रेयानन्दनाथ के शब्दों में—

तस्यै दिशे सततमञ्जलिरेष पौष्पः, प्रक्षिप्यते मुखरितो भ्रमितद्विरेफैः।
जागर्ति यत्र भगवान् गुरुचक्रवर्तीविश्वोदय-प्रलय-नाटक-नित्यसाक्षी।[9]

यह गुरुदेव के जीवन का दूसरा 'असाधारण क्षण' था गुरु कृपा और शक्तिपात का। वहीं आगे चलकर लोक का आलोक और वाग्देव बन गया। सुरसरि सम सबका मंगल कर गया यह भी आचार्य दत्तात्रेयानन्द नाथ के व्यक्तित्व के विकास का एक पहलू है। इनके वैयक्तिक जीवन से भी हम उतना ही सीख सकते हैं, जितना उनके कृतित्व से। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। उनका जीवन इस कथन का साख्य है—

प्रकाशलक्षणा देवा मनुष्याः कर्मलक्षणाः।[10]

ऐसा व्यक्ति पलायन न कर परिस्थितियों 'कर्मलक्षण' से स्वामी बनता है। दुःख, विरोध और कष्ट उसे कभी हतोत्साहित नहीं करते। जो मनुष्य अपने जीवन में शिव संकल्प युक्त होते हैं, वे ही राष्ट्र व मानवता के अक्षय निधि हैं। मनुष्य की समस्त अभिव्यक्तियाँ, चाहे किसी प्रकार की हों, उसकी उत्कृष्टता के सारे भाव और सफलता के फल सारे निर्माण सनातन सत्य व सत्य की अभिव्यक्ति है—काल भी वही, कला भी वही। (डॉ. गोविन्दचन्द्र पाण्डेय)।[11]

त्रिपुरसुन्दरी माँ भगवती के सच्चे भक्त थे। आजीवन माता त्रिपुरसुन्दरी राजराजेश्वरी ललिता की प्रतिदिन पूजन करते रहे, तब तक, जब तक कि उनमें ऐसा करने की शक्ति क्षीण न हो गयी। बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी आचार्य से प्रभावित लोगों की कमी नहीं रही। श्रीविद्या का प्रभाव साधक के जीवन पर तो था ही, इसका प्रभाव शिल्पशास्त्र पर भी पड़ा। 17वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में स्थापक निरञ्जन महापात्र द्वारा विरचित एक पुस्तक 'शिल्परत्नकोश' के नाम से प्रसिद्ध है, जिसमें उड़ीसा (कलिंग) के मन्दिर स्थापत्य के विषय में एक संक्षिप्त विवरण दिया गया है। राजराणी मंजूश्री नाम का एक शक्तिमन्दिर का उल्लेख इस पुस्तक में किया गया है। मञ्जुश्री का अभिप्राय मञ्जुलश्री देवी के मन्दिर से है, जो श्रीचक्र के आधार पर निर्मित है। इसमें मेरुप्रस्तार, भूप्रस्तार तथा वैमानिक आदि पर प्रतीकात्मक ढंग से विचार इसकी चतुर्दश शिखरिकाएँ, चतुर्दशार का गर्भगृह वाला स्वरूप उद्घाटित करता है। दूसरी गणना के अनुसार शिखरिकाओं के आधार पर षोडशी का स्वरूप भी प्रतिबिम्बित होता है। श्रीचक्र का बिन्दुकलश के द्वारा अभिव्यक्त होता है तथा श्रीचक्र का वृत्तभाग आमलक के द्वारा चित्रित किया गया है। राजराणी मंजुश्री के मन्दिर में मातृमूर्ति स्थापित है। इसकी पर्वताकार ऊँचाई आधिभौतिक, बाहरी अभिव्यक्ति मेरुप्रस्तार द्वारा आधिदैविक स्वरूप का प्रतिपादन करता है और मनुष्य शरीर आध्यात्मिक पहलू पर दृष्टिपात करता है। इस प्रकार सम्पूर्ण श्रीचक्र प्रतीकात्मक रूप में अखिल ब्रह्माण्ड की सृष्टि तथा उसका अनुपालन द्योतित करता है।[12] ध्यातव्य है कि बौद्धसाधना पद्धति में मंजुश्री एक सफल बोधिसत्व के रूप में चित्रित किये गये हैं, किन्तु श्रीविद्या से इनका कोई सम्बन्ध है कि नहीं, यह अनुसन्धान का विषय है। यह गुरु प्रेरणा का उत्स ही है, जो उपर्युक्त पंक्तियों को लेखक द्वारा प्रकट किया गया।

प्राज्ञ पुरुष विद्या-विनय से सम्पन्न होकर सदाचारी होता है। वह पापी के प्रति पापमय व्यवहार नहीं करता, कुटिल के प्रति भी मृदु रहता है तथा उसका अन्तःकरण मैत्री से द्रवीभूत रहता है।[13] चरक के अनुसार मति, धृति तथा स्मृति ही प्रज्ञावान की विशेषताएँ हैं- ये ही सद्वृत्त हैं- 'तद्ध्यनुष्ठानं युजपत्संपादयत्यर्थ द्वयमारोग्यमिन्द्रिय विजयं चेति।'[14] प्रज्ञापराधी सद्वृत्त का विरोधी होता है। प्रज्ञापराध मूलतः आयुर्वेद का शब्द है। चरक[15], सुश्रुत तथा वाग्भट्ट ने इस पर विचार किया है। प्रज्ञापराध में कर्म से 'रजोमोहसमुत्थितम्' होता है। कदाचारलीन व कुलाचारहीन होना प्रज्ञापराध है। तुलसी ने मानसरोग में विशद् विवेचन किया है—

मोह सकल व्याधिन्ह कर मूला। तिन्ह ते पुनि उपजहि बहुसूला।

ये व्याधियाँ और शूल ही मानसरोग है। मानसिक तनाव शारीरिक व्याधि बन जाता है। अनेक अनुसन्धानों से, जिनमें 'किलीयन फोटोग्राफी' मुख्य है यही बताया गया है- क्रोधी, अभिमानी, विषयी के चरित्रों में समसंगति (हारमोनी) नहीं होती। यहाँ तक कि फूल पौधे भी विकसित नहीं होते। सभी व्याधियों की अनुत्पत्ति और उत्पन्न व्याधियों की शान्ति का उपाय भी निर्दिष्ट है- प्रज्ञापराधों का परित्याग, इन्द्रियोपशम, स्मृति, देशकालात्म विज्ञान एवं शास्त्रोक्त सदाचार का अनुष्ठान[16] मैं यह इसलिए कह रहा हूँ कि गुरुदेव एक कुशल वैद्य भी थे।

समग्र सन्तुलित साम्यदशा का प्रतीक श्रीमद्भागवत के आराध्यदैवत श्रीकृष्ण को महामानव जीवन का वैभव तथा कांस्य स्वीकार रहा, इसलिए सुदामा की दरिद्रता और दुर्बलता मिटाने में वे अग्रसर हुए किन्तु मदान्ध विलासी उपभोगवृत्ति तथा भयग्रस्त आक्रमक क्रूरता उन्हें मंजूर नहीं थी, इसलिए हिरण्यकश्यप, कंस या यादवों की आसुरी या विलासी महत्त्वाकांक्षा को गलत माना। सृष्टि मातृस्वरूपा है, इसलिए वात्सल्य भाव से उसका दोहन अभिप्रेत था, लेकिन लालची वृत्ति से सृष्टि पर विनाशकारी विषदृष्टि डालना उन्हें आत्मघातक पाप कृत्य लगा। जीवन के समग्र सौन्दर्य की और पूर्ण पुष्टि भी श्रीकृष्ण की अभीप्सा थी, इसलिए एकान्तिक त्याग या आत्मविस्मृत करने वाले भोग की कुरूपता उन्हें अपने जीवन से हटानी पड़ी। इसी सन्तुलन वृत्ति से जीने पर मानव और प्रकृति निरुपाधिक निष्पाप खेल में आनन्दपूर्ण पारस्परिकता से एकरस हो सकते हैं यह उन्होंने रासलीला से साबित किया। "रसानां समूहोरासः" के रहस्य के अप्रतिम व्याख्या गुरुदेव दत्तात्रेयानन्दनाथ जी भोक्ता और प्रयोक्ता प्रतीत होते थे। हो भी क्यों न स्वामी करपात्री जी महाराज जैसे श्रीगुरुचरणपञ्कज ही इनका एकमात्र लक्ष्य था।

अपने मन में सदा, सर्वदा, सर्वथा अपनी आराध्या भगवती त्रिपुरसुनदरी राजराजेश्वरी को रखा। अनन्य भाव से भक्ति की। समाज की हेयता को श्रेयस बनाने का संकल्प लिया। सांस्कृतिक पतन का घोर विरोध कर नव निर्माण की भूमिका दी। गुरुदेव कल्पवृक्ष हैं, जिसकी वरद शक्ति अमोघ है, इसके नीचे खड़े होकर शिवसंकल्प से हम अमृत प्राप्त कर सकते हैं। अतएव मैं इस पुनीत अवसर पर उनको नमन करके उनके अनुसरण की कामना को दोहराता हूँ। माँ के चरणों में—

श्रीचक्रं श्रुतिमूलकोश इति ते संसारचक्रात्मकम्,
विख्यातं तद्धिष्ठिताक्षरशिवं ज्योतिर्मयं सर्वतः।
एतन्मन्त्रमयात्मिकाभिररुणं श्रीसुन्दरीभिवृत्तं,
श्रीमाताललिताम्बिका देवी सदा प्रीयताम्।।

सन्दर्भ

1. श्रीविद्या साधनापीठ, शिवसदन, नगवाँ, वाराणसी, 2007 ई0
2. *देशधर्म और साहित्य*, पं0 विद्यानिवास मिश्र, राधाकृष्णप्रकाशन, दिल्ली, 1992, पृ0 51
3. *गीता* 8/3
4. *आदिपर्व* 180/2
5. *स्तोत्ररत्नावली,* रामस्तोत्राणि-30।
6. *श्रीविद्यावार्ता*- पृ0 7।
7. *महानारायणोपनिषद्*
8. *पूजातत्त्व*, पंडित गोपीनाथकविराज
9. *श्रीविद्यावार्ता*, पृ0 5
10. *अश्वमेधपर्व* 40/20
11. उद्धृत, वाग्द्वार, पृ0 44
12. *शिल्परत्नकोश*, अनुवादक एवं सम्पादक, डॉ0 बेट्टिना बामर एवं श्रीराजेन्द्रदास, प्रकाशित, इन्दिरा राष्ट्रीय कलाकेन्द्र जनपथ, नई दिल्ली, 1994 ई0, भूमिका, पृ0 5-6
13. *विष्णुपुराण*- 3/12/41
14. *चरकसंहिता*, शरीरस्थानम्- 8/2
15. *चरकसंहिता,* शरीरस्थानम्- 102
16. *चरकसंहिता,* सूत्रस्थानम्- 8/53

धर्मागम विभाग,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी

श्रीगुरुस्मरण

प्रो. उपेन्द्र कुमार त्रिपाठी

श्रद्धेय गुरुदेव आचार्य दत्तात्रेयानन्दनाथ (पण्डित सीताराम कविराज) गुरुजी का प्रथम दर्शन मुझे मारवाड़ी सेवा संघ लक्सा के कोटि अर्चन बर्ष 1993 के उपलक्ष्य में आयोजित विद्वत्सपर्या में हुआ था, मैं अपने पूज्यपितामह वेदमूर्ति स्व. आचार्य जगन्नाथ त्रिपाठी जी के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ था। उस समय सम्भवतः उत्तर मध्यमा कक्षा में पढ़ रहा था। उसी समय गुरु जी के मुखमण्डल पर अपूर्व तेज एवं स्नेहासिक्त आशीर्वाद मुझे प्राप्त हुआ, गुरुजी से मुझे एक मोती का माला तथा मोदकार्चन का प्रसाद लड्डू प्राप्त हुआ।उसके अनन्तर गुरु जी काशी स्थित मुमुक्षु भवन में रहने लगे। मेरे घर से मुमुक्षु भवन पास में हैं, मैं अक्सर गुरु जी के पास जाने लगा था गुरु जी के यहाँ जाकर उनके पास बैठने मात्र से एक अलग दिव्य-अनुभूति होती थी। गुरुजी में एक विशेष प्रकार का आकर्षण था,जो उनसे जुड़ता वह उनके दिव्य आभा के वशीभूत हो जाता था। मुझे गुरु जी के पास जाने से तात्कालिक लाभ मोदक एवं गुरु जी का स्नेह प्राप्त होने लगा था।वह हमें श्री विद्या उपासना के लिए सदैव प्रेरित करते थे। काशी मुमुक्षु भवन में ही मै गणेश मन्त्र की दीक्षा प्राप्त की। तदनन्तर श्री विद्या साधना पीठ की स्थापना हो गयी। वहाँ भी मैं गुरु जी के पास सप्ताह में दो या तीन दिन सायम् जाते रहता था। गुरु जी के आदेशानुसार वही मुझे बाला षड्क्षरी की दीक्षा प्राप्त हुई। वे मुझे उपासना के लिए सदैव प्रेरित करते रहते थे जबकि मैं थोड़ा प्रमादि प्रकृति का था तथा गुरुजी से मुह-बोला था,निःसंकोच कुछ भी खुलकर बात करता था। एक बार मैंने गुरु जी से कहा कि मुझे बाला मंत्र सदैव खाली समय में भी कही भी सोते उठते-चलते फिरते जप हुआ करता है,गुरुजी ने बताया कि यह बड़ा ही उत्तम पक्ष है यह तो अन्तर्यागी उपासकों को होता है, लगता है तुम्हारा पूर्वजन्म के संस्कार का फल है। वे हमें इस उपसाना में बढ़ाने के लिए सदैव प्रेरित करते रहे परन्तु मेरा ही दुर्भाग्य रहा कि गुरुजी से उपासना क्रम में आगे बढ़ा नही पाया परन्तु गुरु जी का आशीर्वाद मेरे साथ सदैव बना रहा। मैं ही नहीं मेरा पूरा परिवार मेरी धर्म-पत्नी, बेटी एवं मेरी तीन बहनों ने भी दीक्षा प्राप्त कर इस उपासना मार्ग के साथ गार्हस्थ्य जीवन सुखमय व्यतीत कर रही है। मैने काशी के अनेक संस्कृत विद्वानों को इस उपासना हेतु इस पीठ से जोड़ा जो इसके लिए हमें सदैव साधुवाद करते रहे हैं। गुरुजी शास्त्र व साधना के साथ-साथ लोक व्यवहार के भी कुशल आचार्य थे। वे मेरे पूज्य दादाजी एवं पूज्य पिताजी के गोलोकवासी होने पर शोक संवेदना प्रेषित करने हेतु कृपा पूर्वक घर पर पधारे थे तथा आत्मसम्बल व धैर्य प्रदान किये थे।

मेरी पत्नी तो गुरुजी के प्रति विशेष प्रकार का अस्था रखती हैं। हमारे बालक (प्रथमेश) का असामयिक निधन के समय वे अक्सर कहती रहती थी कि गुरुजी होते तो उसे बचा लेते।

वस्तुतः श्रीविद्योपासना पद्धति उत्तर भारत में प्रचार-प्रसार का श्रेय अभिनव शंकर स्वरूप धर्म-सम्राट यतिचक्र चूड़ामणि स्वामी हरिहरानंद सरस्वती (करपात्रीजी)महाराजजी को जाता हैं।गुरुजी नें उन्हीं से दीक्षा प्राप्त कर तथा आगमशास्त्र के गूढ़ पद्धतियों,रहस्यों को आत्मसात कर इस उपासना पद्धति के प्रचार-प्रसार में सम्पूर्ण जीवन सतत लगे रहें। इसके लिए वे निरन्तर काशी में अनेक लक्षार्चन,कोट्यर्चन शृङ्खला आरम्भ की अपितु काशी के बाहर—प्रयागराज, मुम्बई, कामाख्या धाम, विन्ध्याचल, शाकम्भरी देवी (राजस्थान) कोलकात्ता आदि स्थानों पर आयोजन किया। मुझे भी शाकम्भरी देवी (राजस्थान) विन्ध्याचल, कामाख्या, प्रयागराज, काशी आदि में आयोजित लक्षार्चनों कोट्यर्चनों में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ हैं।सम्प्रति भी गुरुजी के आविर्भाव शताब्दी महोत्सव के उपलक्ष्य में वह परम्परा गतिमान् हैं—दिनाङ्क 3 जनवरी 2026 से 23 जनवरी 2026 तक कोट्यर्चन श्रीविद्या साधना पीठ में आयोजित है।

प्रातः स्मरणीय परमश्रद्धेय पं. सीताराम कविराज दीक्षा नाम श्रद्धेय दत्तात्रेयानन्दनाथ गुरुजी ने उत्तर भारत में श्री विद्या साधना के प्रचार प्रसार हेतु काशी में कुछ विशिष्ट प्रकल्प स्थापित किये जो निरन्तर उनके संकल्पित स्वप्नों को आगे बढ़ा रहा है।

श्रीविद्या साधनापीठ (शिव-सदन) जिसमें श्रीविद्या साधकों को जिज्ञासकों को सुलभता से दिग्दर्शन प्राप्त करा रहा हैं।

- ✻ राजराजेश्वरी महात्रिपुरसुन्दरी का मन्दिर निर्माण एवं भगवती शाङ्करी देवी मूर्ति स्थापना ।
- ✻ वेद पाठशाला की स्थापना तथा श्रीविद्यासाधना की प्रायोगिक प्रशिक्षणशाला की स्थापना।
- ✻ श्रीविद्योपासना सम्बद्ध विशिष्ट ग्रन्थों का प्रकाशन ।

उपर्युक्त सभी प्रकल्प श्रीविद्योपासना हेतु महनीय है उनमें भी विशिष्ट प्रकल्प ग्रन्थ प्रकाशन का है,जो पूज्य गुरुदेव ने अपने जीवन काल में ही आगमिक साधना से सन्दर्भित दशाधिक मौलिक ग्रंथों,धर्म सम्राट स्वामी करपात्रीजी महाराज द्वारा विरचित *श्रीविद्यारत्नाकर* व *श्रीविद्यावारिवस्या* का सफलतम सम्पादन, 'श्री विद्या-वार्ता' (षाण्मासिक शोध पत्रिका), तान्त्रिक-पञ्चाङ्ग एवं विभिन्न आगामिक शोध पत्रिकाओं में लगभग 15 से अधिक तात्विक शोध लेख प्रकाशित हुये हैं।

सम्मान एवं पुरस्कार के दृष्टि से देखें तो गुरुजी के साधना से वशीभूत होकर तात्कालीन काशी एवं राष्ट्रीय स्तरके उद्भट्ट विद्वानों, प्रबुद्धजनों व प्रशासनिक अधिकरीगणों ने गुरु जी से दीक्षा प्राप्तकर अपनी आध्यात्मिक उत्कर्ष को प्राप्त किये उनमें प्रमुखरूप से—पद्मभूषण पण्डित विद्यानिवास मिश्र जी, प्रो. मण्डन मिश्रजी, पद्मविभूषण प्रो. मुरलीमनोहर जोशीजी, महालेखा निरीक्षक भारत सरकार श्री टी. एन चतुर्वेदीजी, प्रो रेवाप्रसाद द्विवेदीजी, प्रो. कमलेशदत्त त्रिपाठीजी, प्रो.वैपट कुटुम्ब शास्त्रीजी, श्रीमान् विनोद दूबेजी (विश्वबैंक), प्रो. रेवती रमण पाण्डेयजी, प्रो. सुरेश चन्द्रपाडेयजी, प्रो.व्यास मिश्रजी, प्रो.हृदय रंजन शर्माजी, प्रो. रमेश चन्द्र पण्डाजी, प्रो. युगल किशोर मिश्रजी, प्रो.श्रीकिशोर मिश्रजी, प्रो.राजेन्द्र प्रसाद शर्माजी, श्री हिमांशु कुमार (पूर्व अपर मुख्य सचिव उ.प्र.), श्रीमती स्मिता चौधरी (पूर्व उपनियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

भारत सरकार) एवं श्री अनन्त देव तिवारी (पूर्व डी.आई.जी.) आदि अनेकानेक रहे हैं। गुरु जी को दशाधिक संस्थानों द्वारा पुरस्कार व सम्मान प्राप्त हैं, विशेष रूप में वर्ष 2002 का संस्कृत वाङ्मय एवं आगम शास्त्र में नैपुण्य हेतु भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त हुआ था।

गुरुजी द्वारा स्थापित महनीय प्रकल्पों के साथ गुरुजी के सुयोग्य उत्तराधिकारी "आत्मा वै जायते पुत्रः" गुरु जी के कनिष्ठ पुत्र परमादरणीय आचार्य श्री प्रकाशानन्दनाथ जी, जिन्होंने गुरुजी से ही श्री विद्या-साधना की दीक्षा प्राप्तकर पूर्णाभिषेक विधि से अभिषिंचित है, आगे बढ़ा रहे हैं। आपने उस आध्यात्मिक साधना के सभी पक्षों को ध्यान रखते हुए दृढ-अनुशासन, सुव्यवस्थित, समय की पाबन्दी, आहार विहार की पवित्रता के साथ श्रीविद्या साधना पीठ का निरंतर भौतिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक वातावरण के लिए सतत प्रयत्नशील हैं। वे आज भी सुयोग्य साधक पात्र का परीक्षणोपरान्त ही दीक्षा प्रदान करते है।

गुरु जी द्वारा प्रकल्पित उपासना के साथ-साथ भारतीय विद्याओं एवं आगमिक शास्त्रों पर प्रकाशन का कार्य भी निरन्तर हो रहा है। गुरुजी के जाने के अनन्तर एक गोशाला, सुव्यवस्थित पुस्तकालय, साधक अतिथियों के लिए अतिथि निवास निर्माण, एक भू-खण्ड का क्रय एवं सुव्यवस्थित वेद पाठशाला, श्रीविद्या वार्ता (षाण्मासिक) का नियमित प्रकाशन, वृहत्तम पत्र-पुष्पों से आच्छादित श्रीविद्या साधना पीठ अपने सुरम्य वातावरण के साथ-साथ पूर्ण पवित्रतम स्वरूप द्वारा आध्यात्मिक ज्ञान को प्रसृत कर रहा है।

सौभाग्यभास्कर की उक्ति—

गुकारः सदिति प्रोक्ता रुकारो ज्ञानवाचकः।
ब्रह्मज्ञानैकरूपत्वाद् गुरुरित्यभिधीयते। ।

गुरु तत्व ब्रह्मज्ञानैक रूप वाला होता हैं। इस तादात्म्य की समग्र अनुभूति गुरुवर्य के जीवन में चरितार्थ थी। अपनी गुरुपरम्परा के प्रति उनका अनन्यभाव सम्पूर्ण शिष्यवर्ग के लिए आदर्श हैं। उन्होंने शिव सदन में स्वामी हरिहरानंद सरस्वती करपात्रीजी महाराज की प्रतिमा भी स्थापित किया था,बाद में शिष्यवर्ग नें गुरुजी की प्रतिमा भी बगल में स्थापित करवाया।गुरुजी द्वारा प्रत्येक वर्ष करपात्र-जयन्ती महोत्सव का आयोजन होता रहा जो आज भी बड़े धूम-धाम से करपात्र जयन्ती महोत्सव पीठ में मनाया जाता हैं। इस अवसर पर पीठ द्वारा श्रीविद्या साधक विद्वान को एक लाख रुपये का करपात्र रत्न सम्मान भी प्रदान किया जाता है।

पूज्य गुरुदेव के सान्निध्य में कतिपय दिव्य अनुभवों को स्मरण कर मन परमानन्द से परिपूर्ण हो जाता है। मै तो प्रतिदिन गुरुजी स्मरण करता हूँ, कोई भी कार्य हो बिना गुरु-स्मरण विना पूर्ण नही होता है। ऐसे परमानन्द प्रदान करने वाले गुरुजी के शताब्दी महोत्सव के महापर्व पर कोटिशःभाव पुष्पांजलि द्वारा सश्रद्ध कोटिशः नमन-वन्दन ।

आचार्य-वेदविभाग एवं संस्थापक, समन्वयक वैदिक विज्ञान केन्द्र
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
dr.upendrabhu@gmail.com

मेरी स्मृति में नित्य विद्यमान गुरुजी दत्तात्रेयानन्दनाथ (पं. सीताराम कविराज)

डॉ. पुष्पा त्रिपाठी (शिवपुरन्ध्रि)

फाल्गुन शुक्लपक्ष, दिनांक 25 फरवरी 2026 का पावन दिवस भारतीय आध्यात्मिक इतिहास में एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्मृति-पर्व के रूप में अंकित हो रहा है। इसी शुभ तिथि को श्रीविद्यासाधनापीठ के संस्थापक, परम श्रद्धेय गुरुवर्य श्री दत्तात्रेयानन्दनाथ (पं. सीताराम कविराज) जी का आविर्भाव शताब्दी महोत्सव श्रद्धा, कृतज्ञता और आत्मचिन्तन के साथ मनाया जा रहा है।

परम श्रद्धेय गुरुजी का आविर्भाव केवल एक महापुरुष का जन्म नहीं था, अपितु श्रीविद्या परम्परा में एक ऐसे दिव्य प्रकाश का प्राकट्य था, जिसने साधना, सेवा और साधुता—तीनों को एक सूत्र में बाँध दिया। उनका सम्पूर्ण जीवन आत्मोद्धार के साथ-साथ लोकमंगल की अखण्ड साधना को समर्पित रहा। गुरुजी श्रीविद्यासाधनापीठ के संस्थापक तथा परम्परा के प्रकाशस्तम्भ थे। यह पीठ केवल साधना-केन्द्र नहीं, बल्कि श्रीविद्या की शुद्ध, मर्यादित और गुरु-परम्परा से संयुक्त साधना का जीवंत केन्द्र रहा है। गुरुजी की दृष्टि में श्रीविद्या कोई प्रदर्शनात्मक तान्त्रिक प्रक्रिया नहीं बल्कि आत्मशुद्धि, संयम और करुणा से युक्त पराशक्ति की आराधना थी। उनके लिए श्रीचक्र कोई बाह्य यन्त्र नहीं, बल्कि साक्षात् महात्रिपुरसुन्दरी का जीवन्त साक्षात्कार था। वे मानते थे कि—'साधना वही है, जो साधक के अहंकार को गलाकर उसे विवेक और करुणा में प्रतिष्ठित कर दे।"

गुरुजी का जीवन अहर्निश साधना का जीवन्त आदर्श था। जप, ध्यान और स्वाध्याय यही उनकी जीवन-शैली थी। उन्होंने साधना को किसी विशेष समय या अनुष्ठान तक सीमित नहीं किया, बल्कि उसे जीवन की स्वाभाविक श्वास-प्रश्वास बना दिया। उनका व्यक्तित्व अत्यन्त सहज, सौम्य और तेजस्वी था। उनके सान्निध्य में आने मात्र से ही शांति, विश्वास और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव होता था।

आध्यात्मिक साधना के साथ-साथ गुरुजी एक सिद्ध आयुर्वेदाचार्य भी थे। आयुर्वेद उनके लिए केवल रोग-निवारण की पद्धति नहीं, बल्कि सम्पूर्ण जीवन-दर्शन था। वे मानते थे कि जब तक शरीर, मन और आत्मा—तीनों में सामंजस्य न हो, तब तक वास्तविक आरोग्य संभव नहीं। जड़ी-बूटियों, देशज औषधियों और सात्त्विक जीवन-शैली के माध्यम से उन्होंने असंख्य रोगियों का निःस्वार्थ भाव से उपचार किया। उनकी चिकित्सा में करुणा, अनुभव और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत समन्वय दिखाई देता था। साधक हो या रोगी, शिष्य हो या आगन्तुक—सभी के प्रति उनका व्यवहार समान रूप से करुणामय और मार्गदर्शक था। उनका गुरु-भाव औपचारिक दीक्षा से कहीं आगे जाकर जीवन जीने की कला सिखाने में प्रकट होता था।

गुरुकृपा के सान्निध्य में : कुछ अविस्मरणीय क्षण

परम श्रद्धेय गुरुजी का सान्निध्य केवल आध्यात्मिक पथदर्शन तक सीमित नहीं था, वह जीवन के प्रत्येक मोड़ पर अदृश्य रूप से साथ चलता हुआ एक सशक्त सम्बल था। उनके प्रति मेरी श्रद्धा अनुभवैकगम्य है, जिन्हें शब्दों में बाँधना सरल नहीं, फिर भी स्मृति के रूप में उन्हें सहेजना आवश्यक है। नागपुर विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए मैंने आवेदन किया था। इंटरव्यू लेटर आया तो जाने के एक दिन पूर्व वह पत्र गुरुजी के श्रीचरणों में रख दिया। उन्होंने सहज भाव से पूछा—"क्या है?" मैंने निवेदन किया कि इंटरव्यू के लिए बुलावा आया है, आशीर्वाद चाहिए। गुरुजी कुछ क्षण मौन रहे। फिर गंभीर स्वर में बोले—"सारी दुनिया काशी आना चाहती है और तुम काशी छोड़कर जाने की बात करती हो! ठीक है, तुम्हारी इच्छा है तो जाओ।"

उनके शब्दों में न रोष था, न आग्रह—केवल संकेत था। मैं उदास मन से वहाँ से लौटी। नागपुर में मेरा चयन नहीं हुआ। आज जब पीछे मुड़कर देखती हूँ, तो स्पष्ट अनुभव होता है कि उनकी इच्छा थी कि मैं काशी में ही रहूँ और उन्हीं के आशीर्वाद से आर्य महिला पी. जी. कॉलेज में स्थान प्राप्त हुआ। उस समय गुरुजी देह रूप में उपस्थित नहीं थे परन्तु उनका आशीर्वाद पूर्णतः मेरे साथ था।

एक अन्य घटना मेरे जीवन की सबसे संवेदनशील स्मृतियों में से है। एक समय मेरा स्वास्थ्य अत्यन्त खराब चल रहा था। डॉक्टरों को हृदय अथवा किडनी की समस्या का संदेह था। पैरों में अत्यधिक सूजन थी और मन आशंकाओं से घिरा हुआ था। मैंने अपने पतिदेव से कहा कि किसी भी जाँच से पूर्व गुरुजी का आशीर्वाद लेना चाहती हूँ। उस रात हम दोनों ही अत्यन्त चिंतित थे। मुझे अपने बच्चे की बहुत चिंता हो रही थी । भावावेश में, हल्के मज़ाक के स्वर में मैंने कह दिया—"आप तो दूसरी शादी कर लेंगे, लेकिन मेरे बच्चे का क्या होगा?" वे नाराज़ हो गए। वह एक नितांत निजी क्षण था। हम दोनों के अतिरिक्त कोई साक्षी नहीं था। अगले दिन गुरुजी के पास पहुँचे। उन्होंने गंभीर दृष्टि से मेरे पतिदेव से पूछा—"माधव! पुष्पा रात में तुमसे क्या कह रही थी?" हम दोनों स्तब्ध रह गए। कोई उत्तर नहीं। फिर गुरुजी बोले—"यह तुमसे जाने की बात कर रही थी?" मेरी आँखें भर आईं। मैं उनकी ओर देख भी नहीं पा रही थी। उन्होंने स्नेह और अधिकार से कहा—"मैं बैठा रहूँगा और तुम चली जाओगी? जाओ, जाँच करवाओ—कुछ नहीं निकलेगा।" और सचमुच, जाँच में कुछ भी गंभीर नहीं निकला। उस दिन अनुभव हुआ कि गुरु केवल उपदेश नहीं देते वे शिष्य के मन के भीतर उतरकर उसकी पीड़ा हर लेते हैं।

गुरुकृपा का एक स्नेहिल प्रसंग

एक बार गुरु जी ने सहज भाव सेपतिदेव से कहा—"माधव! कल मुझे बी.एच.यू. की नर्सरी ले चलो। वहाँ देखकर कुछ पौधे ले आएँगे।"दूसरे दिन हम लोग नर्सरी पहुँचे। चारों ओर हरियाली फैली थी और बड़े-बड़े गुलाब के फूल पूर्ण वैभव में लहलहा रहे थे। उन पुष्पों की आभा ऐसी थी कि मन स्वतः ही आकृष्ट हो उठा। गुरु जी आगे-आगे चल रहे थे और हम दोनों उनके पीछे। सुन्दर -सुन्दर गुलाब को देखकर मेरा मन ललचा गया। मैंने चुपके से पतिदेव को संकेत किया—कितना सुन्दर पुष्प है! गुरु जी हमारी ओर देखे बिना ही, मानो मन की बात पढ़ ली हो, मुस्कराते हुए बोले— "तोड़ लो पुष्पा! भगवती के लिए की गई चोरी, चोरी नहीं होती।"

गुरु की आज्ञा मिलते ही हम दोनों ने वह पुष्प तोड़ लिया। वह क्षण अत्यन्त सहज, स्नेहिल और आनन्द से भरा हुआ था जहाँ गुरु का वात्सल्य, विनोद और करुणा एक साथ प्रकट हो उठे। आज भी जब उस प्रसंग को स्मरण करती हूँ, तो अनुभव होता है कि गुरु जी के साथ बिताया गया प्रत्येक क्षण केवल स्मृति नहीं, बल्कि

जीवन की अमूल्य धरोहर है। ऐसे ही असंख्य छोटे-छोटे, किन्तु गहन अर्थ से भरे क्षण मेरे जीवन को आज भी आलोकित करते हैं।

गुरुजी के साथ कार्य करना स्वयं में एक साधना थी। *पंचरत्नम्* तथा *श्रीविद्यार्णवतन्त्रम्* जैसे ग्रंथों का निर्माण गुरुजी की दूरदर्शिता का प्रमाण है। *श्रीविद्या पंचरत्नम्* के लेखन के समय वे अत्यन्त उत्साह से भरे रहते थे। 'महापूजा' के प्रायोगिक पक्ष को लिखवाते समय वे प्रतीकात्मक रूप से पात्र सजाकर स्वयं पूजा करते जाते और विधि लिखवाते जाते। गर्मी की दोपहर में, आज जहाँ लाइब्रेरी है, वहीं चटाई पर बैठकर यह दुर्लभ कार्य हो रहा था। बीच-बीच में मुस्कराकर कहते—"तुम इतना तेज लिखती हो कि मैं बोलने में पीछे हो जाता हूँ।"लिखे हुए को वे बार-बार पढ़वाते, संशोधन करवाते—"नहीं, इसे ऐसे लिखा जाए तो बात अधिक स्पष्ट होगी। पढ़ने वाले को कहीं संशय नहीं होना चाहिए।" वे कहते—"पुष्पा! यह बहुत महत्त्वपूर्ण कार्य है। जब यह पूर्ण होगा, तो साधकों के लिए महापूजा सुगम हो जाएगी। इससे 'महापूजा" करने वाले साधकों की संख्या बढ़ेगी और विश्व का कल्याण होगा।" उनकी दृष्टि सदैव व्यापक थी—व्यक्तिगत से ऊपर, सार्वभौमिक कल्याण की ओर उन्मुख।

पंचरत्नम् के पश्चात् *श्रीविद्यार्णवतन्त्रम्* का कार्य आरम्भ हुआ। कहीं-कहीं वे अर्थ छोड़ देते। पूछने पर कहते— "यह गुप्त विद्या है। सब कुछ लिख देना उचित नहीं। यह अनुभवैकगम्य है। यदि सब लिख दिया जाएगा तो गुरु की आवश्यकता ही क्या रह जाएगी?" उन दिनों ऐसा लगता था मानो कोई उत्सव चल रहा हो। लेखन, टाइपिंग और प्रूफ-रीडिंग साथ-साथ। उनके मुखमंडल पर तेज और प्रसन्नता निरन्तर झलकती रहती थी। आज भी जब उन दिनों को स्मरण करती हूँ, तो स्पष्ट अनुभव होता है गुरुजी केवल ग्रन्थ नहीं गढ़ रहे थे, वे परम्परा को भविष्य के लिए सुरक्षित कर रहे थे। उनका का व्यक्तित्व इस युग में विरल था, जहाँ साधना, ज्ञान और सेवा का ऐसा संतुलित समन्वय दुर्लभ है। उनका जीवन यह सन्देश देता है कि सच्ची आध्यात्मिकता संसार से पलायन नहीं, बल्कि संसार के मध्य रहकर भी निष्काम, निर्मल और करुणामय बने रहने की साधना है। उनका सान्निध्य मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है।

आविर्भाव शताब्दी महोत्सव केवल स्मरण का पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिन्तन, आत्मानुकरण और कृतज्ञता का महायज्ञ है। गुरुजी की साधना, सेवा और जीवन-दर्शन आज भी असंख्य साधकों के लिए प्रकाशपथ एवं प्रेरणापुंज है। है। इस पावन अवसर पर परम श्रद्धेय गुरुवर्य श्री दत्तात्रेयानन्दनाथ (पं. सीताराम कविराज) जी के श्रीचरणों में कोटि-कोटि नमन करते हुए यही प्रार्थना है कि हम उनके प्रदर्शित मार्ग पर चलकर अपने जीवन को अधिक सात्त्विक, सार्थक और लोकमंगलकारी बना सकें। ऐसे दिव्य महापुरुष के श्रीचरणों में नमन करते हुए यही कामना है कि उनके द्वारा प्रदर्शित साधना, सेवा और समर्पण के मार्ग पर चलकर हम अपने जीवन को अधिक सार्थक, सात्त्विक और लोकमंगलकारी बना सकें।

संस्कृत विभाग,
आर्य महिला पी.जी. कॉलेज,
वाराणसी, उ.प्र.

वन्दे बोधमयं नित्यं गुरुं शङ्कररूपिणम्

डॉ. दीपक कुमार शर्मा

प्रातः स्मरणीय पूज्य गुरुदेव के प्रथम कृपा कटाक्ष ने ही सम्पूर्ण जीवन यात्रा की दशा एवं दिशा दोनों ही बदल दीं जो जीवन उपासना से दूर मात्र अध्ययन और दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु किये जाने वाले कर्मो तक ही सीमित था उसमें एक नया प्रकाश नवीन ऊर्जा तथा नूतन उद्देश्यों का सृजन हुआ जिसका उद्देश्य मात्र गुरुदेव के आदेश का पालन था, न जिसमे कोई सांसारिक उद्देश्य न ही अपना पूर्वाग्रह। उस प्रथम साक्षात्कार में गुरुजी की दिव्य छटा एवं अद्भुत देवतुल्य व्यक्तित्व ने सदैव के लिए गुरुजी का बना दिया था ठीक उसी प्रकार जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है—"यद्गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम" बात सन2008 की है जब मैंने प्रथम गुरुजी के दिव्य दर्शन किये मेरा परम सौभाग्य था कि वेदाध्ययन के उपरान्त वेदाध्यापन हेतु मुझे पूज्य गुरुजी प्रो. युगल किशोर मिश्र जी ने पूज्य आचार्य चरण डॉ.अरुण कुमार मिश्र जी के द्वारा वाराणसी बुलवाया। वेदाध्यापन हेतु काशी में बुलाना मेरे लिए अत्यंत आह्लादास्पद था उस समय में मैं श्रीमद्भागवत कथा व्यास के रूप में समाज में कार्यरत था परन्तु प्रभु से सदैव यही निवेदन करता था कि माता मुझे जीवन-निर्वाह हेतु कथा वाचन न करना पड़े। क्योंकि मुझे अनुभव हो गया था कि शास्त्रोक्त सिद्धान्तों के प्रतिपादन में भी यजमान के मिजाज को देखना पडता था जो कि मुझे असह्य था तथा बाल्य स्वभाववश या मानवीय दुस्त्यज स्वभाववश अन्य व्यासों से प्रतिस्पर्धा भी होने लग गयी थी जिसके परिणामस्वरूप मेरा मन खिन्न हो गया था। भगवान् ने मेरी प्रार्थना को स्वीकार किया तथा मुझे अध्यापन का अवसर प्रदान किया परन्तु उस समय जो दुर्भाग्य दिख रहा था वो वास्तव में सौभाग्य के रूप में परिणत हुआ जहाँ के लिए मुझे बुलाया गया था उस स्थान पर मेरे आने के पूर्व ही अन्य अध्यापक को नियुक्त कर दिया एवं वेद विद्या प्रतिष्ठान से मुझे मध्यप्रदेश में कटनी में अध्यापन हेतु जाने के लिए तत्कालीन सचिव प्रो. श्रीकिशोर मिश्र गुरुजी ने आदेशित किया। इस हेतु मैंने आपसे निवेदन किया कि मैं काशी आ गया हूँ, अब कहीं अन्यत्र जाने की कोई कामना नहीं है। आपने कहा कि अभी तो कोई स्थान रिक्त नहीं है। अभी किसी अध्यापक के अवकाश-अवधि में पं.पट्टाभिराम शास्त्री वेद मीमांसा केंद्र, वाराणसी में आप सेवा कीजिये। आपके कार्य के अनुसार विचार किया जाएगा। मैंने 09 माह वहां अध्यापन के साथ ही जो अन्य दायित्व दिए गए उनका यथामति पालन किया।

एक दिन भगवती की कृपा से मेरा सुषुप्त भाग्य जागृत् हुआ और मुझे वेद विद्या प्रतिष्ठान के तत्कालीन सचिव प्रो. श्रीकिशोर मिश्र गुरुजी ने श्रीविद्या साधना पीठ में पूज्य गुरुदेव के पास भेजा और साथ में मुझसे कहा कि गुरुजी अनुशासन में दृढ हैं वहां निरंतरता तथा समर्पण दोनों ही परमावश्यक हैं। आपके आदेश को शिरोधार्य करके मैं पूज्य गुरुदेव के दर्शनार्थ अपने प्रिय मित्र डॉ.विमलचन्द्र कांडपाल जी (गुरुजी के दीक्षित शिष्य) के साथ गुरुदेव के दर्शनार्थ पीठ में आया गुरुदेव के दिव्य मुखमंडल पर अलौकिक दिव्यता एवं विशिष्ट गाम्भीर्य था। आपकी

वाणी में ऐसा अद्भुत ओज था जो कि अद्यावधि पर्यंत अन्यत्र देखने को नहीं मिला फलस्वरूप आपने मुझसे भागवत का एक श्लोक सप्रसंग सुना और मुझे वेदाध्यापनार्थ आदेशित किया। अपनी दैनिकचर्या में नवीन अध्याय का प्रारम्भ श्रीविद्या साधना पीठ में पूज्य गुरुदेव के चरण-शरण से हुआ प्रतिदिन मैं अध्यापनार्थ आता था प्रत्युत प्रतिदिन गुरुजी का दर्शन लाभ नहीं हो पाता था। आपके सेवकों द्वारा निर्देश दिया गया था कि गुरुजी को चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार बहुत ज्यादा लोगों से नहीं मिलना है अस्तु मैंने कभी दुराग्रह भी नहीं किया। एक दिन पूज्य गुरुदेव ने मुझे बुलाया तथा अभिभावाकोचित डांट लगाते हुए कहा कि तुम मुझसे मिलने क्यों नहीं आते हो? मैंने गुरुजी से निवेदन किया कि आपकी अस्वस्थता के कारण संकोच होता है तब गुरुजी ने कहा कि तुम अवश्य ही मुझसे मिलने आओगे मैं पूर्णरूपेण स्वस्थ हूँ।

मुझे अध्यापन करते हुए प्रायः 08 माह व्यतीत हो गए थे परन्तु अभी तक वेद विद्या प्रतिष्ठान से कोई मानदेय प्राप्त नहीं हुआ था एक दिन गुरुजी ने मुझसे पूछा कि तुमको कितना दिन हुआ और क्या वेतन मिला मैंने कहा गुरुजी सब आपका आशीर्वाद है, मिल जायेगा। तब गुरुजी द्रवित हो गये अरे! तुम्हें अभी तक कुछ भी नहीं मिला कैसे जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति हो रही है बस मैं शरणागत था। गुरुजी ने अत्यंत स्नेहपूर्वक मुझे अनेक आशीर्वचन प्रदान किये जो कि अनेकगुणित होकर फलीभूत हो रहे हैं। गुरुजी ने *श्रीविद्यारत्नाकर* का कुछ अंश पढ़ने के लिया दिया, तदुपरांत गुरुजी अत्यंत प्रसन्न हुए और श्रीविद्या साधना हेतु मुझे अंगीकार किया तथा उत्तम मुहूर्त में दीक्षा प्रदान करते हुए जप की महिमा श्रीविद्या का स्वरूप बोध करवाया। यद्यपि वह अप्रौढावस्था थी तथापि आपकी क्रियाशक्ति ने मन में ऐसा प्रवेश किया कि उपासना जीवन की मूल हो गयी अन्य समस्त क्रियाकलाप स्वतः गौण हो गए।

पूज्य गुरुदेव द्वारा उपदिष्ट मार्ग से जो भी अनुभव प्राप्त हुए हैं वो सब अनिर्वचनीय हैं बस यही कहा जा सकता है कि गुरुदेव की कृपा से सब संभव है श्रीमद्भागवत के पद्मपुराणोक्त माहात्म्य में आया है—

चिन्तामणिर्लोकसुखं सुरद्रुः स्वर्ग सम्पदम्।
प्रयच्छति गुरुः प्रीतो वैकुण्ठं योगिदुर्लभम्।।

निश्चित ही समर्थ महापुरुष की प्राप्ति किसी सामान्य पुण्य का फल नहीं है, अपितु जन्म-जन्मान्तर में कहीं भगवान या उनके किसी भक्त की किसी सेवाके फलस्वरूप समर्थ महापुरुष की प्राप्ति संभव है। पूज्य गुरुदेव की चरण सन्निधि ने भगवती से जोड़ दिया अब जीवन में कोई अभिलाषा शेष नहीं है। पूज्य गुरुदेव के उपदिष्ट मार्ग पर चलने की शक्ति भी आपकी ही कृपा से संभव है। आपके चरण कमल के स्मरण को ही जीवन का सर्वस्व मानता हूँ। पूज्य गुरुदेव के चरणों में रति प्राप्त हो एकमात्र यही कामना है। इति शम्।

सहायकाचार्य, संस्कृत विभाग,
डी.ए.वी.पी.जी.कॉलेज,
(काशी हिन्दू विश्वविद्यालय),वाराणसी

बंदऊ गुरु पद कंज कृपा सिन्धु नर रूप हरि

रविशंकर शुक्ल

मैं 2003 में बरेली में सहायक आबकारी आयुक्त / जिला आबकारी अधिकारी के पद पर नियुक्त था। माह सितम्बर में जिलाधिकारी के पद पर श्री हिमांशु जी की नियुक्ति हुई मुझे घर बनारस आना था, अवकाश के लिए जिलाधिकारी महोदय से अनुमति लेने गया । वे पूछे कि कहाँ जाना है, मैंने बताया बनारस, पूछे बनारस में कहाँ, मैंने कहा लंका पर पूछा क्या आप नगवाँ के श्रीविद्या साधना पीठ जानते हैं मैंने कहाँ नगवा जानता हूँ। उन्होंने कहा श्रीविद्या साधना पीठ जाकर गुरुजी से मिलकर समाचार बताइएगा। मैं बनारस पहुँचने के दूसरे दिन गुरुजी से मिलकर श्री हिमांशु कुमार साहब का समाचार बताया तथा गुरुजी का आशीर्वाद लेकर घर आ गया। घर पर मेरे पारिवारिक पं. श्री डॉ. कमलेश तिवारी जी से चर्चा हुई तो वे गुरुजी को सिद्ध पुरुष बताए तथा यह भी बताया कि उनकी साधना से प्रसन्न हो श्री गणेश जी दर्शन दिए हैं। इसके बाद मेरा गुरुजी से एक वर्ष तक कोई सम्पर्क नहीं था । एक वर्ष पश्चात् जिलाधिकारी श्री हिमांशु कुमार साहब का फोन मेरे पास आया क्या रवि जी आप बरेली में है? मैंने कहा जी कहे आप के यहाँ चीनी मिले है दो बोरे चीनी आप आश्रम भिजवा दें। मैंने चीनी भिजवाया तब गुरु जी से मेरे बारे में श्री हिमांशु कुमार साहब की बात हुई तथा हिमांशु कुमार साहब ने मेरे लिये दीक्षा की बात की तथा बनारस आने पर गुरुजी से मिलने के लिए कहा। मैं बनारस आकर गुरुजी से मिला सौभाग्य से गुरुजी दीक्षा के लिए तैयार हो गये तथा 22 जनवरी 2005 में मेरे बड़े भाई डॉ. श्याम सुन्दर शुक्ल, मेरे एक बहनोई भी लल्लूराम पाण्डेय के साथ हम सभी को सपत्नीक दीक्षा दिए ।

दीक्षा के बाद मैं जब भी बनारस आता तो गुरुजी के चरणों में प्रणाम करने जाता। गुरुजी जब जाता तो उपासना की पद्धति में कुछ न कुछ विस्तार करते रहते थे तथा यह भी कहा कि जो पढ़ाई आपने किया है उससे यह उपासना की पद्धति थोड़ी कठिन है लेकिन प्रयास से धीरे-धीरे स्वतः सरल जो जायेगी। बराबर मिलते रहने से मेरे प्रति गुरुजी का भाव बिल्कुल पितृवत् होता था। गुरुजी कहते थे कि श्रीविद्या की उपासना से सांसारिक सुख के साथ मुक्ति का मार्ग भी प्रशस्त होता है।

गुरुजी बड़ी ही सहजता से मिलते थे, बहुत ही स्नेह देते थे। मुझे नौकरी में रहते हुए गुरुजी का सान्निध्य कम ही मिल पाया लेकिन गुरुजी ने थोड़े ही समय में बहुत कुछ दे दिया।

वर्ष 2006 में मेरी तीसरी बेटी की शादी थी तो शादी के पूर्व गुरुजी ने गणपति जी का मोदकार्चन कराया था। मोदकार्चन के बाद मेरी पत्नी ने गुरुजी से कहा कि इस कन्या के पैदा होने के बाद से ही समृद्धि हुयी है। कहीं इसके जाने के बाद हम लोगों का समय परिवर्तन हो जाय तब गुरुजी ने श्वेतार्क महागणपति को दिया तथा कहा कि इनकी सेवा करना कुछ भी कमी नहीं होगी।

मई 2007 में हम लोगों ने लक्षार्चन करने के लिए गुरु जी से निवेदन किया. तो गुरुजी ने कराया। लक्षार्चन के बाद गुरुजी ने मुझे पंचदशी का मंत्र दिया मंत्र के साथ दीक्षानाम तथा यन्त्र भी दिया और कहा कि अब आप इस यंत्र की सेवा करिए । गुरुजी के आशीर्वाद से अब हम लोगों के पास अर्क विनायक तथा श्रीयंत्र हो गया और हम लोग उपासना करने लगे धीरे-धीरे गुरु जी ने सभी न्यास करने का उपदेश दिया। नौकरी में समयाभाव की वजह से मैं प्रायः सुबह आवास पर पूजा कर घर से निकल गाड़ी में बैठकर पाठ व जप करता था तथा यात्रा भी होती थी, गुरु जी से बताया तो गुरु जी ने कहा यात्रा में केवल मानसिक जप करिए आप पूजा के लिए और पहले उठकर पाठ-जप समाप्त करिए फिर मैं वैसा ही करने लगा।

गुरुजी भगवती की प्राणप्रतिष्ठा के बाद अस्वस्थ रहने लगे थे। एक दिन मैं गुरुजी के पास बैठा था तो मुझे गुरुजी के चेहरे पर एक लाल धब्बा जैसे मुझे देखने में लगा तो मैंने गुरु जी से पूछा कि चेरे का लाल निशान मुझे किसी बीमारी का संकेत लगता है, तुरन्त गुरुजी ने कहा ऐसा नहीं हैं, मेरा अब पुर्नजन्म नहीं होना है। मुझे सारे जन्म जन्मांतर का प्रारब्ध इसी शरीर पर उठाना है. इसलिए थोड़े बहुत कष्ट तो आयेंगे। गुरुजी के ऐसा कहने पर मैं उदास हो गया तथा गुरु जी ने कहा यदि मेरा यह शरीर छूट गया तब भी मैं सूक्ष्मरूप में इसी आश्रम में भगवती के चरणों में रहूँगा तथा जो भी उपासक भगवती का दर्शन करने आयेगा उसे मेरा भी आशीर्वाद मिलेगा तथा उसका कल्याण होगा।

मुझे उदास देखकर गुरु जी ने आगे कहा कि मेरे न रहने पर इस आश्रम का दायित्व श्री प्रकाशानन्दनाथ जी जो वर्तमान में पीठाध्यक्ष है। वहीं संभालेंगे। गुरुजी ने वर्तमान गुरुजी के लिए कहा कि ये भगवती की सेवा के लिए ही पैदा हुए हैं, इसीलिए मैंने इनकी शादी नहीं की है ये ब्रह्मचारी ही रहेंगे तथा आप सभी उपासकों का ध्यान रखेंगे और इस परम्परा को आगे बढ़ाएंगें। उस समय भी वर्तमान पीठाध्यक्ष जी आश्रम में कम ही रुकते थे, लेकिन आज आश्रम की व्यवस्था देखकर गुरुजी की कही हुई हर बात चरितार्थ होरही है।

मैं 2005 में गुरुजीसे दीक्षित हुआ था और गुरुजी 2009 में हम सभी का साथ छोड़ पंचतत्व में विलीन हो गये। मैं नौकरी में प्रायः बनारस से दूर रहा, इसलिए गुरुजी के सान्निध्य का कम अवसर मिल पाया। लेकिन गुरुजी का दर्शन मुझे अन्त समय में भी शरीर छोड़ने के एक दिन पूर्व मिल गया था। उस समय मेरी पोस्टिंग उन्नाव जनपद में थी मैं जिस दिन बनारस से उन्नाव गया उसी दिन गुरु जी अपना शरीर छोड़ गए. यह समय मेरे लिए अत्यन्त पीड़ा का था। मैं दो दिन बाद ही बनारस आ गया तथा आश्रम आया तो उस समय मुझे अत्यन्त पीड़ा का अनुभव हुआ तथा थोड़ी में ऐसा लगा कि गुरुजी कह रहे हैं क्यों परेशान होते हो मैं कहीं गया नहीं हूँ यहीं आश्रम में सूक्ष्म रूप से हूँ आप निश्चिंत रहे मैं हमेशा आप सभी के साथ हूँ । पूज्य गुरुदेव के चरणकमलों ने भगवती के श्रीचरणों से जोड़ दिया, पूज्य गुरुजी ने जीवन में अनन्त प्रकाश भर दिया पूज्य गुरुदेव के श्रीचरणों का सदैव स्मरण करता रहूँ बस यही कामना है।

(श्रीगरुकृपाभाजन)
रवि शंकर शुक्ल

मुक्तिदा गुरुवागेका

प्रोफेसर राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

मातङ्गी भुवनेश्वरी च बगला धूमावती भैरवी,
तारा छिन्नशिरोधरा भगवती श्यामा रमा सुन्दरी।
दातुं न प्रभवन्ति वाञ्छितफलं यस्य प्रसादं विना
तं वन्दे शिवरूपिणं निजगुरुं सर्वार्थ सिद्धिप्रदम्।।

गुरुवर दत्तात्रेयानन्द नाथ की असीम अनुकम्पा से त्र्यक्षरी से महाषोडशी तक क्रम सहज में उपलब्ध हुआ। उनके करुणा कटाक्ष से यह विद्या शरीर तथा दीक्षा शरीर नित्य द्योतित रहा। गुरु तथा भगवती षोडशी में कोई अन्तर नहीं है। माँ ही गुरु के रूप में मन्त्रोपदेश करती है। मुमुक्षु भवन से यह यात्रा अनवरत चल रही है। श्रीविद्या उपासना के विषय में उत्तर भारत में गुरुजी के अतिरिक्त कोई समर्थ मनीषी नहीं था। काशी में गुरुजी ने अपने जीवन को केवल इस श्रीविद्या की प्रतिष्ठा हेतु ही सर्वथा समर्पित किया है। आज उनके पुत्र श्री प्रकाशानन्द नाथ जी भी सभी पारिवारिक दायित्व को छोड़कर इसी परम्परा के निर्वहन में अहर्निश समर्पित हैं। गुरु के द्वारा प्रवर्तित इस परम्परा को सादर कोटिशः प्रणाम।

तन्त्र कहते हैं—

मुक्तिदा गुरुवागेका सर्वा विद्या विडम्बना।
काष्ठभारसहस्रेषु एकं संजीवनं परम्।।

मानवीय जीवन में गुरु की उपलब्धि सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। कबीर कहते हैं—

यह तन विष की बेलरी गुरु अमृत की खान।
शीश दिये जो गुरु मिले तो भी सस्ता जान।।

वे साधक सौभाग्यशाली हैं जिन्हें गुरुवर के द्वारा श्रीविद्या की दीक्षा प्राप्त हुई है। यह भगवती के साक्षात् स्वरूप की उपलब्धि से कम नहीं है।

पूज्य गुरुजी का कर्तृत्व परिचय

साधक शिरोमणि, सर्वतन्त्र स्वतन्त्र तन्त्रशास्त्र के मनीषी विद्वान् आचार्य श्री दत्तात्रेयानन्दनाथ (पं. सीताराम कविराज) जी का जन्म विक्रम संवत् 1982 फाल्गुन शुक्ल नवमी (21.2.1926 ई.) को राजस्थान प्रदेश की पवित्र शेखावाटी भूमि फतेहपुर में मारवाड़ी गौड ब्राह्मण परिवार में हुआ था।

आपके पिता गौरी-दत्त नागौरी प्रसिद्ध आयुर्वेदिक चिकित्सक थे। आपके वंशज आयुर्वेद की परम्परागत चिकित्सा का कार्य करते थे। आपकी माता श्रीमती मणि देवी एक धर्मनिष्ठ कुशल गृहिणी थी। आपकी प्रारम्भिक

शिक्षा स्थानीय जन्मभूमि फतेहपुर में ही हुई। आपकी बाल्यकाल से ही धर्म एवं अध्यात्म में गहरी रुचि थी। साथ-साथ वंशानुगत आयुर्वेद में भी आप का रूझान रहा है। आपने आयुर्वेद शास्त्र का पारम्परिक अध्ययन अपने पूर्वजों व अन्य चिकित्सकों के अतिरिक्त यशस्वी वैद्य मणिराम जी शर्मा (काश्मीर) से किया।

आपका विवाह विक्रमसंवत् 1996 (रतनगढ़, राजस्थान) में सावित्री देवी के साथ हुआ। आपकी आयुर्वेद के साथ-साथ संस्कृत में भी स्वभावत: गहरी रुचि थी, अत: आयुर्वेद, संस्कृत, धर्म, अध्यात्म का अध्ययन आपका मूल विषय रहा।

आप विवाहोपरान्त सन् 1945 में पश्चिम बंगाल में कलकत्ता आए। अपने गृहस्थधर्म का पालन करते हुए जीवकोपार्जन के रूप में आपने शीघ्र ही परम्परागत आयुर्वेद चिकित्सा कार्य प्रारम्भ किया। उस समय आपको अतिशीघ्र ही शहर के लब्ध प्रतिष्ठितजन की कुशल चिकित्सा से प्रसिद्धि प्राप्त हुई। इसी बीच आपकी किसी निजी कार्यवश काशी यात्रा हुई और काशी भ्रमण करने के बीच ही आपने स्वयं यह निर्णय लिया कि शेष जीवन काशी में ही बिताना है, परन्तु साथ में गृहस्थ जीवन का भी दायित्व सामने था। आपकी पत्नी, 4 पुत्र व 2 पुत्रियों की जिम्मेदारी भी थी। धीरे-धीरे समय के साथ आयुर्वेद, धर्म और अध्यात्म जीवन के अभिन्न अंग हो गए। आपका जीवकोपार्जन मात्र जिम्मेदारी निर्वाह तक ही सीमित रहा। आप सेवाभाव से लगे रहे। आपकी दिनचर्या में साधना, धर्म-अध्यात्म, सत्संग के साथ आगम-तन्त्र में भी आपकी गहरी रुचि होने लगी। *श्रीमद्भगवद्गीता* में आपकी आरम्भ से गहरी आस्था थी। आप प्रारम्भ से ही *दुर्गासप्तशती* का नियमित पाठ भी करते थे। समय-समय पर विद्वत्सभाओं में भाग लेते और अपनी अमिट छाप छोड़ते थे। आपकी संस्कृत काव्य में भी गहरी रुचि थी, संस्कृतकविसम्मेलनों में आप प्रमुखता से भाग लेते थे। आपने भक्तिपरक मनोरम पद्यों एवं गीति का निर्माण किया है। समय अपनी गति से आगे बढ़ता गया। उस समय आप पं. सीताराम कविराज (बंगाल में कविराज वैद्यों को कहते है) के नाम से कलकत्ते एवम् आस-पास में प्रसिद्धि प्राप्त कर चुके थे। आगन्तुक रोगियों के रोगों का निदान कर विशुद्ध आयुर्वेदिक औषधियाँ वे स्वयं निर्मित कर रोगियों को देते थे।

साधनाक्रम में आपका प्रथम सुदृढ प्रवेश राजगुरु हरिदत्त जी शास्त्री (देहरादून) द्वारा 1948 ई. श्री भुवनेश्वरी मन्त्र के उपदेश के द्वारा हुआ। राजगुरु जी से आपको एक स्फटिक श्रीयन्त्र भी प्राप्त हुआ। आप पर राजगुरु जी की असीम अनुकम्पा थी और राजगुरु जी के निरन्तर निर्देशन में आपने भुवनेश्वरी साधना में पूर्णता प्राप्त की थी। लम्बे समय तक आपने राजगुरु जी का सान्निध्य प्राप्त किया। राजगुरु जी के जीवन काल में ही आपने साधनाक्रम के विस्तार के सम्बन्ध में जिज्ञासा व्यक्त की, तभी राजगुरु जी ने आशीर्वाद स्वरूप निश्चिन्त रहने का संकेत दिया। आपमें प्रारम्भ से ही श्रीविद्या उपासना क्रम की सम्पूर्णता की जिज्ञासा विद्यमान थी। इसक्रम में आपने अनेक सन्त, महात्माओं, और श्रीक्रम में दीक्षित साधको के निकट में रह कर उनके पूजाक्रमों का सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक विधि का अध्ययन किया। तदनन्तर अभिनवशंकर धर्मसम्राट् स्वामी करपात्री जी महाराज की चरण-शरण प्राप्त हुई और उनकी महती कृपा से श्रीविद्योपासना क्रम में 1963 ई. काशीस्थ नारदघाट पर पूर्णाभिषिक्त हुए।

करपात्र स्वामी जी अक्सर कलकत्ते आते तो आप बराबर उनके सान्निध्य को प्राप्त करते और स्वामी जी की अनुमति एवं प्रेरणा से अपनी श्रीविद्योपासना को सुदृढ़ करते चले गए। आपने श्रीचक्र (श्रीयन्त्र) की महापूजा का पूर्ण प्रायोगिक एवं शास्त्रीय ज्ञान अर्जित किया और प्रति दिन महापूजा करने लगे। धीरे-धीरे इसी बीच आपने अपने महत्त्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति कर ली थी और सन् 1983 में काशीवास हेतु

आए और काशी में मुमुक्षुभवन में रहकर श्रीविद्योपासना के शीर्ष पर पहुँचे। उसी समय आपने श्रीविद्याविषयक ग्रन्थों का सम्पादन किया, जिनमें *श्रीविद्यारत्नाकर* तथा *श्रीविद्यावरिवस्या* आदि प्रमुख हैं। *साम्बपञ्चाशिका* तथा *विरूपाक्षपञ्चाशिका* की हिन्दी व्याख्या आपके शास्त्रीय ज्ञान का प्रथम प्रकाशन रहा है।

आगमशास्त्र के प्रचार प्रसार के उद्देश्य तथा श्रीविद्योपासना के सरल एवं प्रायोगिक ज्ञान साधकों को सुलभ कराने के उद्देश्य से ही आपने स्वयं '**श्रीविद्यासाधना पीठ**' की स्थापना की, और श्रीविद्या सम्प्रदाय में साधक-साधिकाओं को दीक्षित कर मार्गदर्शन किया। जिसके परिणामस्वरूप नगवां वाराणसी स्थित पीठ में प्रतिदिन महापूजा, के साथ-साथ नैमित्तिक पर्वों पर विशेष पूजा एवं श्री ललितामहात्रिपुरसुन्दरी परा भट्टारिका राजराजेश्वरी श्री शाङ्करी देवी का ललिता सहस्रनाम से अर्चन, लक्षार्चन एवं कोट्यर्चन (जिसका प्रारम्भ आपने ही किया) जैसे बड़े-बड़े अनुष्ठान सम्पन्न होने लगे। आपने साधना के साथ-साथ अपने शोध एवं लेखन का भी निरन्तर क्रम जारी रखा। आपके द्वारा सम्पादित, मौलिक एवम् अनूदित महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों में *भक्ति-सुधा, श्रीविद्यारत्नाकर, श्रीविद्यावरिवस्या, श्रीभुवनेश्वरी-वरिवस्या, श्रीमहागणपति-वरिवस्या, ललिता सहस्रनाम, मन्त्र-महायोग, श्रीविद्या एवं श्रीयन्त्र एक परिचय, श्रीविद्याअष्टाङ्ग (तान्त्रिक पञ्चाग), उपचारमीमांसा, साम्बपञ्चाशिका, विरूपाक्षपञ्चाशिका* एवं *श्रीविद्यार्णवतन्त्र (भाग 1 एवं 2) भावविवृति* (हिन्दी टीका) प्रमुख है। जिनसें साधकगण भरपूर लाभार्जन कर साधना मार्ग में अग्रसर हैं। इनके अतिरिक्त आपने तन्त्र साधना एवं उपासना से सम्बन्धित महत्वपूर्ण लेख लिखे जो कि विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए है। इनका संग्रह *श्रीविद्या-साधना-मीमांसा* के रूप में प्रकाशित है। साथ ही धर्म, अध्यात्म, तन्त्र, साधना व आगम तन्त्र के शोधार्थियों का मार्ग निर्देशन किया। समय-समय पर आपने तन्त्र आगम वेद, संस्कृत आदि की गोष्ठियाँ आयोजित कर तथा अन्यत्र आयोजित गोष्ठियों में उपस्थित होकर भी अपने चिन्तन से साधकों को लाभान्वित किया।

पुरस्कार एवं सम्मान

आपको आगम तन्त्र के प्रचार-प्रसार-योगदान के लिए सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा स्वामी हरिहरानन्द सरस्वती (करपात्र स्वामी) स्मृति पुरस्कार (1 अगस्त, 1992) प्रदान किया गया।

संस्कृत विद्या के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए राजस्थान संस्कृत अकादमी (जयपुर) द्वारा पञ्चसहस्रमुद्रात्मक पुरस्कार एवं सम्मान (28 मार्च, 1995 में) प्रदान किया।

राष्ट्रिय संस्कृत वर्ष के अन्तर्गत राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान नई दिल्ली (मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार) के द्वारा सन् 2000 में विशिष्ट विद्वत्सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही काशी की पाण्डित्य परम्परा के महानुभावों ने आपका साभार सम्मान किया।

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राममूर्ति शर्मा ने 5.9.2001 को शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया।

गुरुवर सीताराम जी कविराज को श्रीरामलक्ष्मीनारायण मारवाड़ी हिन्दू अस्पताल गौदोलिया, वाराणसी ने धनवन्तरि जयन्ती पर आयुर्वेद की अविस्मरणीय सेवाओं के लिए 12 नवम्बर, 2001 को सम्मानित किया।

भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा (सन् 2002 में) संस्कृत वाङ्मय एवं शास्त्र में नैपुण्य हेतु आपको **राष्ट्रपति पुरस्कार** भी प्रदान किया गया। यह सम्मान 6 फरवरी, 2002 में नई दिल्ली में अधिगत हुआ।

जीवन के अशीति वर्ष पूर्ण करने पर आयोजित अमृत महोत्सव में आपका सम्मान काशी के विद्वत्समाज के द्वारा सम्पन्न हुआ। आपको अभिनन्दन पत्र भी प्रदान किया गया।

देश के मूर्धन्य मनीषियों, गणमान्य राजनेताओं, तथा विशिष्ट नागरिकों ने आपका आध्यात्मिक शिष्यत्व ग्रहण किया है। आप द्वारा स्थापित श्रीविद्यासाधनापीठ में निरन्तर श्रीविद्या के क्रियात्मक एवं सैद्धान्तिक- दोनो पक्षों के ज्ञान के साथ वेद एवं संस्कृत वाङ्मय के विविध शास्त्रों में स्नातकों का प्रशिक्षण निरन्तर चल रहा है।

आपकी 80 वर्ष पूर्ति के अवसर पर मार्च, 2006 ई. में आपके शिष्यों द्वारा काशी में द्वादश द्विवसीय अमृतमहोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिदिन श्री ललितासहस्रनाम लक्षार्चन एवं विद्वत्सभा, संस्कृतकाव्यगोष्ठियों का आयोजन हुआ।

आपने अनुत्तराम्नाय अधिष्ठात्री शाङ्करी देवी (श्रीक्रम की चरम देवी) की भव्य प्रतिमा नवनिर्मित मंदिर में प्रतिष्ठापित कर साधकों एवं शिष्यों पर महती कृपा की है। आप हमेशा अपने शिष्यों के मार्गदर्शन में सुलभ व सहायक रहे है। आपकी स्वामी करपात्री जी के चरणों में अगाधश्रद्धा रही है। आप निरन्तर स्वामी जी की जयन्ती पर मोदकार्चन तथा लक्षार्चन एवं विद्वद् गोष्ठी आयोजित करते रहे है।

आपने साधकों के उत्साहवर्धन तथा श्रीविद्या के प्रचार-प्रसार हेतु धर्मसम्राट् स्वामी करपात्री स्मृतिपुरस्कार, श्रीविद्यासाधना पुरस्कार, श्रीविद्यार्चा सम्मान एवं श्रीविद्यासाधक-सम्मान प्रतिवर्ष करपात्री स्वामी की जयन्ती समारोह में प्रदान किया। 30 सितम्बर, 2009 आश्विन शुक्ल एकादशी के दिन आपको काशी में शिवसायुज्य प्राप्त हुआ। जन्मशती पर श्रीगुरु चरणों में कोटिश: प्रणाम।

प्रो. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
(शिवानन्दनाथ पूर्णाभिषिक्त)
55 गोविन्दनगर, वैशाली नगर, जयपुर-302021
चलवाणी- 9413970601
rajendrasharmauniraj@gmail.com

माँ ही संस्कृत है-संस्कृति है

आचार्य गुलाब कोठारी

संस्कृत एक भाषा है—शब्दों का संग्रह रूप है। माया है। सम-कृत यानी कि ब्रह्म का किया हुआ। ब्रह्म के विस्तार में कारक है। सरस्वती है—आग्नेय है। ब्रह्म ने (सोम) अपने विस्तार के लिए ही माया को पैदा किया था क्योंकि विस्तार ही अग्नि का धर्म है। अव्यय पुरुष की कामना से तपन-स्वेदन हुआ। प्राणों का तपन ही अक्षर सृष्टि है। यही आगे चलकर शब्द रूप तन्मात्रा बनता है।

परमेष्ठी मण्डल से सृष्टि का आंरभ होता है। यहाँ भृगु-अंगिरा प्राणों से सोम और अग्नि दो धाराएं निकलती हैं। एक पदार्थ या लक्ष्मी की धारा है, दूसरी ऊर्जा रूप सरस्वती की धारा है। यही शब्द तन्मात्रा का रूप लेती है। स्फोट-स्वर-व्यंजन रूप में शब्द ब्रह्म की सृष्टि उसी प्रकार आगे बढ़ती है, जिस प्रकार परात्पर-अव्यय-अक्षर-क्षर रूप में अर्थ ब्रह्म की सृष्टि स्थूल रूप लेती है। यह शब्द सृष्टि ही संस्कृत है। सृष्टि विस्तार के सिद्धान्तों पर आधारित है।

भाषा कोई भी हो, सम्प्रेषण का माध्यम होती है। किन्तु संस्कृत शायद एकमात्र भाषा है, जो अपने आप में विषय है। संस्कृत सरस्वती रूप में अक्षर प्राणों का धरातल है। जबकि लक्ष्मी जड़ रूप क्षर सृष्टि है। सरस्वती और लक्ष्मी दोनों ही वाक् हैं। सरस्वती परा वाक् है, लक्ष्मी अपरा वाक् है। लक्ष्मी की प्रतिष्ठा सरस्वती ही है। कृष्ण गीता के सातवें अध्याय में कहते हैं कि मेरी अष्टधा अपरा प्रकृति है एवं दूसरी परा प्रकृति-चेतना रूप है। यही लक्ष्मी एवं सरस्वती हैं, जिन्हें आधुनिक विज्ञान मैटर और एनर्जी या पदार्थ और ऊर्जा कहता है। दोनों अविनाभूत हैं।

सरस्वती प्राण रूपा है—अदृश्य है, परोक्ष है, सूक्ष्म है। लक्ष्मी जड़ है। शरीर-मन-बुद्धि भी जड़ हैं। तीनों आत्मा के साधन हैं। शरीर 'मां' है, पंचभूतों (महाभूत) से बना है। मां का शरीर ही शिशु का अन्न रूप पदार्थ है, जिसकी चिति से गर्भ में शिशु की देह का निर्माण होता है। पृथ्वी-अन्न-महाभूत सभी तो लक्ष्मी के पर्याय हैं। स्त्री वस्तुत: लक्ष्मी है, सौम्या है, ऋत रूप है। परमेष्ठी लोक की लक्ष्मी ही स्थूल रूप होकर पृथ्वी पर अवतरित होती है। स्त्री ही सूक्ष्म प्राण रूपा सरस्वती भी है। हम जीवात्मा रूप चेतन तत्त्व हैं। कर्म के अनुसार वस्त्र रूपी देह बदलते रहते हैं। किन्तु शरीर के भीतर रहने वाला जीवात्मा नष्ट नहीं होता—

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णान्यन्यानि संयाति नवानि देही।। —*गीता 2.22*

लक्ष्मी पदार्थ रूप है, नष्ट होती जाती है। क्षरण ही इसका पर्याय है। जबकि सरस्वती अर्थात् शब्द आकाश का गुण है। आकाश से ही शेष महाभूत उत्पन्न होते हैं। अत: शब्द-ध्वनि के प्रवाह को अन्य महाभूत रोक नहीं सकते। जैसे प्रकाश को बाधित किया जाता है। जहाँ शब्द है वहाँ ध्वनि भी है। ध्वनि से ही पृथ्वी (पांचवा महाभूत) रूपी देह का मातृगर्भ में निर्माण होता है। चूंकि देह का निर्माण भी मातृ देह से होता है, अत: स्वयं देह ही माता है, लक्ष्मी है। जीवात्मा प्राण रूप है, ध्वनि की भांति ही सूक्ष्म, अदृश्य है। अत: ध्वनि-आग्नेय प्राण- के माध्यम से ही मातृगर्भ में जीवात्मा को संस्कारित किया जाता है। ध्वनि-वाक् की चार अवस्थाएं होती हैं—परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी—

चत्वारि वाक्परिमिता पदानि तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिण:।
गुहा त्रीणि निहिता नेङ्गयन्ति तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति ॥ — *ऋग्वेद 1.164.45*

एक ही नादात्मक वाणी मूलाधार से उदित होकर परा कहलाती है। नाद के सूक्ष्म एवं अरूप होने के कारण योगियों द्वारा देखने योग्य होने से वही वाणी पश्यन्ती कहलाती है। पश्यन्ती ही बुद्धिगत होने पर सूक्ष्म प्राणी जगत् में अनुभूत होकर मध्यमा कहलाती है। मध्यमा ही मुख में स्थित होकर तालु एवं ओष्ठ आदि की क्रिया से मुख से बाहर निकलती है तब उसे वैखरी कहते है। अत: वाक् का स्थूल रूप वैखरी है।

शरीर की तरह ही शब्द भी क्रियात्मक हैं। वैखरी में मन के भावों का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। मन में उठने वाली इच्छाओं की अभिव्यक्ति वाक् से होती है। मन और वाक् साथ रहते हैं। अत: जो विषय मन के पार होते हैं, वहाँ शब्दों की पहुंच नहीं है। यही वैखरी की सीमा बन जाती है। मध्यमा भी छूट जाती है। पश्यन्ती का क्षेत्र शुरू हो जाता है। चूंकि वैखरी के भीतर परा, पश्यन्ती और मध्यमा रहती हैं और इनके साथ-साथ भाव भूमि की शक्ति, गति और दिशा होती है, अत: स्पन्दनों का प्रभाव प्रत्यक्ष देखा जा सकता है। जिस प्रकार माया ब्रह्म को गर्भ में लेकर शरीर रूप धारण करती है तथा शरीर अपने आप में जड़ होते हुए भी चैतन्य प्रतीत होता है, इसी तरह वैखरी के गर्भ में परा वाक् को जानना चाहिए। ध्वनि का भावनात्मक-दृश्यात्मक मौन ही पश्यन्ती रूप में जीवात्मा को मानव स्वरूप में परिणत करता है। मां जानती है कि जीवात्मा किस देह को छोड़कर आया है। इसे मानव रूप देना है। मां की दिव्यता भाषा के माध्यम से एवं भावभूमि से ही प्रकट होती है।

जिस प्रकार विश्व (पदार्थ) भाव अर्थवाक् या अर्थब्रह्म है, वैसे ही शब्द वाक्- अंगिरा धारा या सरस्वती प्रधान है। सूर्य सरस्वती मण्डल है, पृथ्वी लक्ष्मी मण्डल है। सूर्य ही जगत् का आत्मा है—सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च...। दोनों ही वाक् रूप एक ही साथ रहते हुए, एक ही सिद्धान्त पर कार्य करते हैं। मां

को सिद्धान्त भले ही ज्ञात न हो, मातृ भाषा के आधार पर (प्रत्येक योनि में) भाव रूप शब्द का उपयोग करती है। देह और जीवात्मा एक ही सिद्धान्त पर कार्य करते हैं।

कृष्ण कहते हैं कि मैं अक्षरों में अकार हूं। 'अ' से ही सम्पूर्ण वर्णमाला उत्पन्न होती है। शब्द भी इसी वाक् का रूप है। संस्कृत शब्द भी है, अक्षर भी है, अत: सृष्टि के नियमों पर ही कार्य करती है। जिस प्रकार अर्थ सृष्टि में विकारक्षर, पंचजन, पुरंजन, जाति, गोत्र आदि का विकास होता है, उसी क्रम में 'अ' रूप स्वर से ही 288 प्रकार का उच्चारण किया जाता है। अ, इ, उ, ऋ, लृ रूप पंच स्वरों से सम्पूर्ण संस्कृत भाषा का विकास होता है। क्या संस्कृत भाषा को सम (ब्रह्म) और कृत (कृति) रूप में विश्व का मानचित्र (सिद्धान्तों का) नहीं कहा जा सकता?

पंचपर्वा विश्व में यह वाक् सर्वत्र व्याप्त है। स्वयंभू, परमेष्ठी, सूर्य, चन्द्रमा और पृथ्वी की वाक् को क्रमश: गौरी, आम्भृणी, बृहती, सुब्रह्मण्या और अनुष्टुप् वाक् कहा जाता है। हमारी वर्णमाला अनुष्टुप् वाक् है। इसी से भाषा व्यवहार चलता है। वर्णवाक् के गर्भ में स्वरात्मिका वाक् रहती है। वह बृहती है। इसके गर्भ में सुब्रह्मण्या वाक् तथा इसके भी गर्भ में सर्वाधार बनती हुई आम्भृणी वाक् है।

अ-इ-उ-ऋ-लृ (स्वर) का विकास सूर्य से होता है। क-च-ट-त-प (वर्ण) का विकास पृथ्वी से होता है। स्वरों के आधार के बिना व्यंजनों का उच्चारण संभव नहीं है। स्वरवाक्-बृहती वाक् ही व्यंजन वाक्- अनुष्टुप वाक् की प्रतिष्ठा है। जो कुछ शब्द हमारे मुंह से निकलते हैं, अथवा कान में सुनाई देते हैं, वे सभी हमारे शरीर तन्त्र को भी प्रभावित करते हैं। हमारा शरीर मंत्रों से बना है। भक्ति के स्पन्दन रक्तशोधक का कार्य करते हैं। शरीर को रोगों से मुक्त रखते हैं। अप शब्द सुनना-बोलना रोगकारक है।

'अग्नि-सोमात्मकं जगत्' के अनुसार सभी पदार्थ अग्नि-सोम से उत्पन्न होते हैं। उसी प्रकार स्पर्श (सोम) और उष्मा (अग्नि) से ही सम्पूर्ण वर्णाक्षरों का स्वरूप बनता है। दोनों ही धाराएं समान रूप से साथ चलती हैं। यही कारण है कि शब्द से प्रार्थना-पूजा-यज्ञ-अनुष्ठान का महत्व स्पष्ट हो जाता है। सरस्वती के आधार पर ही लक्ष्मी प्रतिष्ठित रहती है। वाग्देवी सरस्वती मां है, अर्थदेवी लक्ष्मी भी मां है। इन दोनों की धारक-स्त्री- भी मां है। स्त्री की दिव्यता शेष दोनों से ऊपर है। संस्कृत मां है- भाषा ही नहीं जीवन निर्मात्री है।

प्रधान सम्पादक
राजस्थान पत्रिका समूह
केशरगढ़, जयपुर (राजस्थान)
gulabkothari@epatrika.com

उशतीरिव मातरो मा विशन्तु

प्रो. हरीश

सारांश

प्रस्तुत शोध-पत्र में त्रिपुरोपनिषद् के आधार पर, श्रीविद्या का ब्रह्माण्ड व पिण्ड के सन्दर्भ में, विलक्षण साम्य व वैज्ञानिक-आधार सचित्र प्रस्तुत किया गया है। प्रमाण-रूप में, ऋग्वेद के नासदीयसूक्त-श्रीसूक्त, *मैत्रेयोपनिषद्-भावनोपनिषद्-योगशिखोपनिषद्, सुभगोदय-स्तुति, भगवत्पाद श्रीमद् आदिशङ्कराचार्य विरचित सौन्दर्यलहरी, श्रीदुर्गासप्तशती-त्रिपुरमहासुन्दरी-ललितासहस्रनाम-षट्चक्र-निरूपणम्*—इत्यादि ग्रन्थों के उद्धरण प्रस्तुत किए गए हैं।

कूट शब्द — *श्रीविद्या, त्रिपुरमहासुन्दरी, त्रिपुरोपनिषद्, अकथचक्र।*

यत्रास्ति भोगो न हि तत्र मोक्षो यत्रास्ति मोक्षो न हि तत्र भोगः।
श्रीसुन्दरीसाधनतत्पराणां भोगश्च मोक्षश्च करस्थ एव।।

षोडश-पद्यात्मक-त्रिपुरोपनिषद् ऋग्वेद से सम्बन्धित है। यह *शाक्तोपनिषद्* है व इसमें भगवती त्रिपुरसुन्दरी के महात्म्य का विस्तृत विवेचन व भगवती के गूढ रहस्यों का प्रतिपादन है। *मुक्तिकोपनिषद्* में प्रतिपादित 108 उपनिषदों की सूची में यह 82 वें स्थान पर उल्लिखित है। इस प्रकार, वेद-ब्राह्मण-आरण्यक-उपनिषद् व परवर्ती ग्रन्थों में शक्ति की उपासना से वैदिक-ज्ञान-परम्परा निरन्तर प्रवाहित होती रही है।

भगवती के अनन्त नाम हैं, जिनमें से मुख्य सहस्रनाम *श्रीललितासहस्रनाम* में प्रतिपादित हैं। भगवती का मन्त्र पञ्चदशाक्षरात्मक होने से इन नामों में भगवती के पन्द्रह अन्य नाम भी महनीय हैं, जो त्रिपुरोपनिषद् में प्रतिपादित हैं—

मदन्तिका मानिनी मङ्गला च सुभगा च सा सुन्दरी सिद्धिमत्ता।
लज्जा मतिस्तुष्टिरिष्टा च पुष्टा लक्ष्मीरुमा ललिता लालपन्ती ॥[1]

अद्वैतवेदान्त के प्रवर्त्तक श्रीमत् आदिशङ्कराचार्य को श्रीविद्या की दीक्षा उनके गुरु श्रीगोविन्दपादाचार्य से मिली एवं श्री श्रीगोविन्दपादाचार्य को इस विद्या की दीक्षा उनके गुरु श्री श्रीगौडपादाचार्य से मिली। श्री श्रीगौडपादाचार्य-रचित *सुभगोदयस्तुति* नामक ग्रन्थ, श्रीविद्या का ग्रन्थ है। इसमें सुभगोदय का अर्थ सुभगा

का उदय अर्थात् कुण्डलिनी शक्ति का जागरण किया जा सकता है। श्रीमच्छङ्कराचार्य ने सुभगोदयस्तुति को आधार बनाकर सौन्दर्यलहरी के प्रथम 41 श्लोकों की रचना की है।

मनुष्य-शरीर सात-चक्रों—मूलाधार, स्वधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्धि, आज्ञा व सहस्रार से युक्त है। तीन नाड़ियाँ हैं—पिङ्गला (सूर्य-नाड़ी), इडा (चन्द्र-नाड़ी) व सुषम्ना-नाड़ी। समष्टि का प्रतीक श्रीचक्र नवावरण से युक्त है—1) बिन्दु त्रिकोण, 2) अष्टकोण, 3) अन्तर्दशार, 4) बहिर्दशार, 5) चतुर्दशार, 6) अष्टदल, 7) षोडश दल, 8) वृत्त-त्रय एवं 9) चतुर्द्वारयुक्त भूपुर। शिवाकार-मञ्च (कुण्डलिनी-शक्ति का निलय-स्थान) है—

सुधासिन्धोर्मध्ये सुरविटपिवाटीपरिवृते मणिद्वीपे नीपोपवनवति चिन्तामणिगृहे।
शिवाऽऽकारे मञ्चे परमशिवपर्यङ्कं निलयां भजन्ति त्वां धन्याः कतिचन चिदानन्दलहरीम् ॥[2]

इसमें कुण्डलिनी-शक्ति के निवास-स्थान अथवा गृह का वर्णन किया गया है। सुधा के समुद्र के मध्य, कल्पवृक्षों की वाटिका से घिरे हुए मणिद्वीप में, नीप वृक्षों के उपवन के मध्य, चिन्तामणियों के बने गृह में, त्रिकोणाकृति मञ्च पर, परमशिव के पर्यङ्क पर विराजमान चिदानन्दलहरी स्वरूप का कुछ विरले मनुष्य ही भजन करते हैं, वे धन्य हैं।

शिवाकार-मञ्च (कुण्डलिनी-शक्ति का निलय-स्थान)

इसी शिवाकार-मञ्च का वर्णन त्रिपुरोपनिषद् में इस प्रकार किया गया है—

तिस्रः पुरस्त्रिपथा विश्वचर्षणी अत्राकथा अक्षराः सन्निविष्टाः।
अधिष्ठायैना अजरा पुराणी महत्तरा महिमा देवतानाम् ॥[3]

तीन पुर जिसके तीन पथ हैं, विश्व का आकर्षण करके धारण किए हुए हैं, जहाँ अकथ अक्षर सन्निविष्ट हैं, उसकी अधिष्ठात्री देवी अजरा, पुराणी, देवताओं की सबसे बड़ी महिमायुक्त त्रिपुरा है।

यहाँ तीन पुर का तात्पर्य स्थूल, सूक्ष्म तथा कारण शरीर से है। तीन पथ का तात्पर्य—ज्ञान, कर्म, उपासनाज्ञान, विज्ञान एवं सम्यक् ज्ञान से है। अकथादि अक्षर से तात्पर्य 'अ' से लेकर 'क्ष' तक अक्षर समूह से है।

वस्तुतः महात्रिपुरसुन्दरी की उपासना का परिणाम सर्वप्रथम साधक को वाक्-सिद्धि के रूप में प्राप्त होता है, जो अकथ-चक्र अथवा गुरु-चक्र भी कहलाता है। अकथ का अर्थ अकथनीय अथवा अनिर्वचनीय है। यही सम्पूर्ण वर्णमाला है, जो मन्त्रात्मक रूप में परिणत होती है। साधक की सिद्धि की यात्रा का मार्ग यहीं से प्रशस्त होता है। यही शिवाकार-मञ्च है, जहाँ भगवती निवास करती हैं व साधक को अभीष्ट प्रदान करती हैं—

शिवाकार-मञ्च (अकथ अथवा गुरु-चक्र)



समष्टि का प्रतीक श्रीचक्र

नवयोनीर्नवचक्राणि दधिरे नवैव योगा नव योगिन्यश्च।
नवानां चक्रा अधिनाथा स्योना नव भद्रा नव मुद्रा महीनाम् ॥

त्रिपुरोपनिषद् में श्री चक्र की 9 योनि अथवा नौ शक्तियों का वर्णन है, जिन्होंने 9 चक्रों को धारण किया हुआ है, 9 ही योग हैं और 9 योगिनियाँ हैं। वे चक्रों की अधिनाथा हैं, जिनकी किरणें 9 भद्रा और 9 मुद्रा हैं—

नवयोनि—श्री चक्र यन्त्र में बनाई जाने वाली नौ योनियाँ (महात्रिपुर सुन्दरी आदि महाशक्तियाँ)।

नवचक्र—सर्वानन्दमय, सर्वसिद्धिप्रद, सर्वरक्षाकर, सर्वरोगहर, सर्वार्थसाधक, सर्वसौभाग्यदायक, सर्वसङ्क्षोभण, सर्वाशापरिपूरक एवं त्रैलोक्य-मोहन-चक्र।

नवचक्रो की आधार शक्तियाँ—महात्रिपुरसुन्दरी, त्रिपुराम्बा, त्रिपुरसिद्धा, त्रिपुरमालिनी, त्रिपुराश्री, त्रिपुरवासिनी, त्रिपुरसुन्दरी, त्रिपुरेशी एवं त्रिपुरा।

नवयोग—यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि और सहज योग।

नवयोगिनियाँ—नवचक्रों में निवास करने वाली नौ शक्तियाँ।

नवमुद्रा—योनि, बीज, खेचरी, महांकुश, महोन्मादिनी, सर्ववशंकरी, सर्वाकर्षिणी, सर्वविद्राविणी एवं सर्वसंक्षोभिणी मुद्राएँ।

नवभद्रा—कामेश्वरी आदि नवशक्तियाँ ही नव भद्राएँ हैं।

भगवत्पाद श्री आदिशङ्कराचार्य ने सौन्दर्यलहरी में ब्रह्माण्ड व पिण्ड दोनों के प्रतीक श्रीचक्र की रचना का वर्णन किया है—

चतुर्भिः श्रीकण्ठैः शिवयुवतिभिः पञ्चभिरपि प्रभिन्नाभिः शम्भोर्नवभिरपि मूलप्रकृतिभिः।
त्रयश्चत्वारिंशद्वसुदलकलाश्च त्रिवलयत्रिरेखाभिः सार्धं तव शरणकोणाः परिणताः ॥[5]

इसमें चार शिव-त्रिकोण व पाँच शक्ति-त्रिकोण से युक्त हो 43 त्रिकोण बनते हैं, जो शम्भु के बिन्दुस्थान से भिन्न हैं। ये तीन वृत्तों व तीन रेखाओं सहित अष्ट व षोडश-दल युक्त है। इसी को *त्रिपुरोपनिषद्* में इस प्रकार प्रतिपादित किया गया है—

एका स आसीत्प्रथमा सा नवासीदासोनविंशादासोनत्रिंशात्।
चत्वारिंशादथ तिस्रः समिधा उशतीरिव मातरो माऽऽविशन्तु ॥[6]

आदिरूप में वह एक थी, पुनः (अष्टार सहित) 9 हो गई, (अन्तर्दशार सहित) 19 हुई, (बहिर्दशार सहित) 29 हुई एवं (चतुर्दशार सहित) 43 हुई। ये सब प्रज्ज्वलित कान्तियुक्त समिधा सदृश तेजोमयी माताएँ (ब्रह्मपद प्राप्ति की कामना वाले) मुझ साधक के अन्त:करण में प्रविष्ट हों।

भद्रा आदिरूप में एक, उन्नीस तत्त्व समूह रूप में, चालीस शक्तियों के रूप में तथा तीन समिधा के रूप में अपनी सन्तानों के लिए कल्याण कामना करने वाली माता के समान (ब्रह्मपद प्राप्ति की कामना वाले) मुझ साधक के अन्त:करण में प्रविष्ट हों।

19 तत्त्व = 5 ज्ञानेन्द्रियाँ + 5 कर्मेन्द्रियाँ + 5 प्राण + 4 अन्त:करण।

29 तत्त्व = 19 तत्त्व + 5 विषय (शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध,) + 5 उपप्राण।

40 शक्तियाँ = 14 अन्तः-बाह्य इन्द्रियों के अधिपति + 3 कर्म (तूल, मूल, अविद्याजन्य) + 4 गुण (विक्षेप, आवरण, मुदिता, करुणा) = 21 तत्त्व + विश्व, विश्वादि, तुर्य, प्राज्ञ आदि भेद से युक्त तीन समिधा = क्रिया, ज्ञान, इच्छात्मक तथा ज्ञान, विज्ञान तथा सम्यक् ज्ञान = 43 तत्त्व।

श्रीचक्र (समष्टि) एवं सप्त-चक्र (व्यष्टि) समन्वय

1. त्रिकोण – मूलाधार-चक्र
2. अष्टकोण – स्वधिष्ठान-चक्र
3. प्रथम-दशार – मणिपूर-चक्र

4. द्वितीय-दशार – अनाहत-चक्र
5. चतुर्दशार – विशुद्धि-चक्र
6. शिवचक्र-चतुष्टय – आज्ञा-चक्र
7. चतुरस्र-चक्र – सहस्रार-चक्र

मनुष्य देह (व्यष्टि) में, जिस प्रकार, कुण्डलिनी-शक्ति-जागृत कर, मूलाधार-स्वधिष्ठान-मणिपूर-अनाहत-विशुद्धि-आज्ञा-चक्रों का वेधन कर, सहस्रार-चक्र तक पहुँचा जाता है, ठीक उसी प्रकार, श्रीचक्र के परिप्रेक्ष्य में ज्ञातव्य है। श्रीचक्र समष्टि का प्रतीक है, जो नवावरण से युक्त है—

1) बिन्दु त्रिकोण, 2) अष्टकोण, 3) अन्तर्दशार, 4) बहिर्दशार, 5) चतुर्दशार, 6) अष्टदल, 7) षोडश दल, 8) वृत्त-त्रय एवं 9) चतुर्द्वारयुक्त भूपुर। इनके भेदन के उपरान्त ही शिव-शक्ति के मिलन के प्रतीक मेरु, तक पहुँचा जा सकता है।

कुण्डलिनी-शक्ति का षटचक्र-वेध पूर्वक आरोहण

महीं मूलाधारे कमपि मणिपूरे हुतवहं स्थितं स्वाधिष्ठाने हृदि मरुतमाकाशमुपरि।
मनोऽपि भ्रूमध्ये सकलमपि भित्त्वा कुलपथं सहस्रारे पद्मे सह रहसि पत्या विहरसि ॥[7]

इसमें कुण्डलिनी-शक्ति का षटचक्र-वेध पूर्वक आरोहण वताया गया है। पृथिवी तत्त्व को मूलाधार में और जल को भी मूलाधार में ही, मणिपूर में अग्नितत्त्व को जिसकी स्थिति स्वाधिष्ठान में है, हृदय में वायु तत्त्व को और विशुद्ध चक्र में आकाशतत्त्व को एवं मन को भी भ्रूमध्य में — इस प्रकार सकल कुल-पथ (शक्ति के मार्ग) का वेध कर कुण्डलिनी-शक्ति अपने स्वामी के साथ एकान्त में विहार करती है।

कुण्डलिनी-शक्ति का षटचक्र-वेध पूर्वक अवरोहण

सुधाधाराऽऽसारैश्चरणयुगलान्तर्विगलितैः प्रपञ्चं सिञ्चन्ती पुनरपि रसाम्नाय महसा।
अवाप्य स्वां भूमिं भुजनिभमध्युष्टवलयं स्वामात्मानं स्वपिषि कुलकुण्डे कुहरिणी ॥[8]

मधुपर्कविषये नारायणेन भणितम्-'स नलः अर्पितं भीमेन दत्तं सहमिश्रितकांस्यपात्रस्थदधिमधुघृतरूपं मधुपर्कं यदसिस्वददास्वादितवान् तदुदर्कदर्शिने विवाहोत्तरफलपरिपाकभूताधरचुम्बनादिविचारिणे लोकायेति तर्कमूहं व्यधच्चक्रे'। अर्थात् विवाहस्य प्राक् नलाय कांस्यपात्रे दधिमधुघृतानां मिश्रणं मधुपर्कं दत्तम्। इदं अतीव पुण्यकर्म। तस्मात् मल्लिनाथेन भणितम्-'विवाहदिनरूपपुण्याहे मधुपर्कपानच्छलेन भाविन्या अधरमधुपानक्रियायाः शुभारम्भं चकोरेत्यर्थः'। आपस्तम्बानुसारं द्वयोः पदार्थयोः मिश्रणमेव मधुपर्कम्[46]। वस्तुतः कन्यादानकर्ता मन्त्रोच्चारणपूर्वकं वरहस्तेमधुपर्कंयच्छति। अनन्तरं वरः "मधुवाता ऋतायते मधु क्षरति सिन्धवः, मधुनक्तमुतोषसो, मधुमान्नो वनस्पतिः"[47] - इति मन्त्रं पठित्वा तत् खादति। अस्य कर्मणः पश्चात् विवाहमण्डपे सुसज्जितां दमयन्तीम् आनयित्वा तयोः अर्थात् वधूवरयोः हस्तबन्धनं कृतं कुशैः-

वरस्य पाणिः परघातकौतुकी वधूवरः पङ्कजकान्तितस्करः।
सुराज्ञि तौ तत्र विदर्भमण्डले ततो निबद्धौ किमु कर्कशैः कुशैः[48]।।

नारायणस्यमते विवाहे इयं रीतिः विदर्भराजस्य देशाचारः-'कुशैः पणिबन्धनं देशाचारः'। अनन्तरं वरः कन्यायाः वामपार्श्वे वसति-'करग्रहे वाम्यमधत्त यस्तयो'[49]। अस्मिन्नेव श्लोके अग्निप्रदक्षिणस्य कथापि उल्लिखिता। अतः मल्लिनाथेन प्रोक्तम्-'अग्निप्रदक्षिणीकृत्येत्यादिशास्त्रार्थोऽनुष्ठितः इत्यपरार्थः'। ततःवधूवरयोः वस्त्रयोर्मध्ये ग्रन्थिबन्धनम् अकरोत् पुरोहतः -

प्रियांशुकग्रन्थिनिबद्धवाससं तदा पुरोधा विदधे विदर्भजाम्।
जगाद विच्छिद्य पटं प्रयाख्याता नलादविश्वासमिवैष विश्वजित्[50]।।

नारायणेन प्रोक्तम्-'तदा वह्निसंनिधिकाले पुरोधा गौतमो विदर्भजां भैमीं प्रियस्य नलस्यां शुकेन सह ग्रन्थिना निबद्धं वासो यस्यास्तामेवंविधां विदधे चकार'। अग्निप्रदक्षिणविषये तथा अग्निपरिणयनविषये कल्पसूत्रेषु विस्तृतालोचना प्राप्यते[51]। अपि च ग्रन्थिबन्धनस्य विषये *'संस्कार कौस्तुभ'*[52], *'संस्कार प्रकाश'*[53] च इति ग्रन्थद्वये वर्णना प्राप्यते। अनन्तरं वरस्य निर्देशानुसारं दमयन्ती ध्रुवनक्षत्रस्य दर्शनमकरोत्-

ध्रुवावलोकाय तदुन्मुखभ्रुवा निर्दिश्य पत्याभिदधे विदर्भजा।
किमस्य न स्यादनिमाक्षिसाक्षिकस्तथापि तथ्यो महिमागामोदितः[54]।।

नारायणानुसारं अत्र नलः वेदोक्तं निर्देशं अनुसृतवान्। एतेन स्पष्टं यत् वरस्य संकेतानुसारं वध्वा ध्रुवनक्षत्रस्य दर्शनं वैदिकरीतिः एव। अतः नारायणेन कथितः-"अस्य ध्रुवस्यानिमा सूक्ष्मप्रमाणत्वमक्षिसाक्षिको नेत्रगोचरः किं न स्यात्,अपि तु स्यादेव यद्यपि, तथापि स्वयं दर्शनयोग्यत्वेऽप्यागमोदितो महिमा वेदोक्तं गौरवं

सत्यः। ...श्रुत्युक्तं हि प्रमाणमित्यर्थः। श्रुतिर्हि ततो वधूं 'सूर्यमुदीक्षस्व' इति ध्रुवे दर्शिते 'ध्रुवं पश्यामि प्रजां विन्देय' इति सा ब्रूयाद्"। अथ सा दमयन्ती अरुन्धतीं दृष्टवती–

ध्रुवेन सादर्शि वधूरुन्धतीं सतीमिमां पश्य गतामिवाणुताम्।
कृतस्य पूर्वं हृदि भूपतेः कृते तृणीकृतस्वर्गपतेर्जनादिति[55]।।

काणेमहोदयेन तस्य 'धर्मशास्त्र का इतिहास' इति ग्रन्थस्य 'विवाहविधिः' इति अध्याये वैदिकसाहित्यस्य उदाहरणं दत्त्वा विवाहे वध्वा ध्रुवारुन्धतीनक्षत्रद्वयस्य दर्शनस्य कथा उल्लिखिता[56]।

वैदिकविवाहे अग्नौ कन्यया लाजाहुतिः अभवत्[57]। नैषधकालेऽपि विवाहे लाजाहुतिः आसीत्। तस्मात् दृश्यते नल–दमयन्त्योः विवाहे दमयन्ती लाजाहुतिम् अकरोत्–

प्रसूनता तत्करपल्लवस्थितैरुडुच्छविव्योंघ्नि विहारिभिः पथि।
मुखेऽमराणामनले रदावलेरभाजि लाजैरनयोजिझते ह्युतिः[58]।।

अतः वक्तुं शक्यते यत् लाजाहुतिः वैदिकालादारभ्य वर्तमाने अपि प्रचलिता। एवम्प्रकारेण विदर्भराजः भीमः वैदिकविधिमनुसृत्य कन्यायाः विवाहं दत्तवान्। अतः महाकविना उच्यते दमयन्ती नलौ विवाहे वैदिकसम्मतकार्यकणनाय किमपि कर्म शीघ्रं सम्पादयितुं न शक्यौ–

बभूव न स्तम्भविजित्वरी तयोः श्रुतिक्रियारम्भपरम्परात्वरा।
न कम्पसम्पत्तिमलुम्पदग्रतः स्थितोऽपि वह्निः समिधा समेधितः[59]।।

मल्लिनाथेन निगदितम्–'श्रुत्युक्तकर्मजातानां शीघ्रसम्पादनेच्छायां सत्यामपि सात्त्विकस्तम्भवशात् तौ वधूवरौ किमपि कर्म शीघ्रं सम्पादयितुं न समर्थौ इति भावः'। अस्य श्लोकस्य परस्मिन् श्लोके नैषधकारेण कथितं यत् शची–इन्द्रयोः विवाहे महर्षिः वृहस्पतिः यदाचारानुष्ठानं कृतवान्, तदेवाचारानुष्ठानं पुरोहितः नल–दमयन्त्योः विवाहे अकरोत्–

दमस्वसुः पाणिममुष्य गृह्णतः पुरोधसा संविदधेतरां विधेः।
महर्षिणेवाङ्गिरसेन सङ्गता पुलोमजामुद्वहतः शतक्रतोः[60]।।

अतः श्रीहर्षस्य एतेन श्लोकद्वयेन स्पष्टीभवति यत् दमयन्ती–नलयोः विवाहः वैदिकनियमानुसारं संघटितः।

विवाहस्य अनन्तरं दमयन्ती–नलयोः आगमनं कौतुकागारे अभवत्[61]। यत्र वधूवरभ्यां सह अन्येषां जनानां मध्ये कौतुकसम्भाषणं दृश्यते। इयं रीतिः अद्यापि पालिता स्यात्। अथ वरः कतिदिनं वधूगृहे एव वसति। परन्तु दिवसत्रयं धर्मशास्त्रस्य विधिमनुसृत्य तौ सम्भोगं न कृतवन्तौ–

तथाशनाया निरशेषि नो ह्रिया न सम्यगालोकि परस्परक्रिया।
विमुक्तसंभोगमशायि सस्पृहं वरेण वध्वा च यथाविधित्र्यहम्[62]।।

अस्य विषये नारायणः अवदत्-'एकत्र शयनं त्रिरात्रं ब्रह्मचर्यं च इति विधिः'। अपि च दृश्यते नलः दमयन्त्या सह भीमगृहे षट् पञ्च वा दिनानि अतिवाहितवान्[63]। अनन्तरं महाराजः नलः दमयन्तीं नीत्वा स्वगृहे प्रस्थानं करोति। प्रस्थानकाले दुःखितः पिता भीमः भारतीयपरम्परानुसारं विवाहितजीवनं यथा सुखी स्यात् तदर्थं कन्यायै उपदेशदानमपि अकरोत्-

पितात्मनः पुण्यमनापदः क्षमा धनं मनस्तुष्टिरथाखलं नलः।
अतःपरं पुत्रि न कोऽपि तेऽमित्युदश्रुरेष व्यसृजन्निजौरसीम्[64]॥

महाकविः कालिदासः अपि शकुन्तलायाः पतिगृहगमनकाले कन्यामुद्दिश्य उपदेशं दत्तवान्। यथा-

शुश्रूश्व गुरुन् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने,
भर्तुर्विप्रकृतापि रोषणतया मा स्म प्रतीपं गमः।
भूयिष्ठं भव दक्षिणा परिजने भागेष्वनुत्सेकिनी,
यान्त्येवं गृहिणीपदं युवतयो वामा कुलस्याधयः[65]॥

श्रीहर्षकालीने समये यौतूकव्यवस्थायाः प्रचलनम् आसीत्। परन्तु कविः अत्र दक्षिणारूपेण तस्य उल्लेखं कृतवान्-

बहूनि भीमस्य वसूनि दक्षिणां प्रयच्छतः सत्त्वमवेक्ष्य तत्क्षणम्।
जनेषु रोमाञ्चमितेषु मिश्रतां ययुस्तयोः कण्टककुड्मलश्रियः[66]॥

विदर्भराजः भीमः जामात्रे नलाय यौतूकरूपेण अनेकानि वस्तूनि अयच्छत्। यथा-चिन्तामणिमाला[67], कृपाणः[68], छुरिका[69], रथः[70], अश्वः[71], पतद्ग्रहः[72], भोजनपात्रम्[73], गजराजः[74] इति। अन्तिमे कविः अकथयत् यत् भीमेन दत्तानां यौतूकानां संख्यागणनायां प्रयत्नवान् कोऽपि जनः समर्थः नाभवत्-

न तेन वाहेषु विवाहदक्षिणीकृतेषु सङ्ख्यानुभवेऽभवत् क्षमः।
न शातकुम्भेषु न मत्तकुम्भिषु प्रयत्नवान् कोऽपि न रत्नराशिषु[75]॥

अतः दृश्यते यत् श्रीहर्षः संस्कारेषु विवाहसंस्कारस्य सुविस्तृतं वर्णनं दत्तवान्। अपि च सम्पूर्णः विवाहः धर्मानुसारम् अभवत्। अर्थात् कविः विवाहसम्पर्कितं प्रायः सर्वशास्त्रस्य अनुशीलनं कृत्वा नल-दमयन्त्योः विवाहं दत्तवान्। यत् पठित्वा पाठकः अतीव सहजेन विवाहस्य सम्पूर्णविधेः आयत्तं करिष्यति इति।

ग्रन्थसूची

दत्त, समीर कुमार (सम्पा.), *नैषधचरितम्* (प्रथमः सर्गः), कलकाता: संस्कृत वुक डिपो, 2002.
पत्न, मोहनदेव (सम्पा.), *नैषधीयचरितम्* (प्रथमः सर्गः), दिल्ली:मोतीलाल बनारसी दास.
आचार्य, नारायण राम (सम्पा.), *नैषधीयचरितम्*, वाराणसी:चौखम्बा विद्याभवन, 2012.
विद्यारत्न, निवारणचन्द्र (सम्पा.), *नैषधचरित*, कलकाता:ववाटप्रेस, 1816.

तिवारी, श्यामलेश कुमार (सम्पा.), *नैषधीयचरितम्*, चौखम्वा सुरभारती प्रकाशन, 2017.
दत्त, शिव (सम्पा.), *नैषधीयचरित*, मुम्वाइःनारायण सागर प्रेस, 1912
शास्त्री, देवर्षि सनाढ्य (सम्पा.), *नैषधीयचरितम्*, चौखम्वा कृष्णदास एकाडेमी, 2013.
मिश्र, गुमान, *नैषधकाव्य*, श्रीवेङ्कटेश्वर यन्त्रालय, 1952.
शुक्ल, चण्डिकाप्रसाद, *नैषधपरिशीलन*, इलाहावाद:हिन्दुस्थानी एकाडेमी, 1992.
द्विवेदी, श्री महावीरप्रसाद, *नैषधचरितचर्चा*, लखनउःगंगा ग्रन्थागार, 1933.
झा, देवनारायण, *नैषध समीक्षा*, नाग पावलिशार्स, दिल्लीः
द्विवेदी, इच्छाराम, *नलचरितम्*, दिल्लीःनाग प्रकाशक, 1660
दत्त जोशी, मथुरा, *नैषध का काव्यशास्त्रीय अध्ययन*, दिल्लीःपरिमल पब्लिकाशन्स, 2015
मुखोपाध्याय, गोविन्दगोपाल, *वैदिक साहित्य संकलन*, वर्धमान विश्वविद्यालयः1365.
वन्ध्योपाध्याय, श्रीमति शान्ति, *वैदिक साहित्येर रूपरेखा*, कलकाताःसंस्कृत पुस्तक भाण्डार, 2003.
वसु, डॉ. योगीराज, *वेदेर परिचय*, कलकाताः, फार्मा के एल एम प्राइभेट लिमिटेड, 2010.
सूर्यकान्त, *वैदिक कोश*, वाराणसीःचौखम्वा कृष्णदास एकाडेमी, 2012.
मिश्र, आचार्य श्रीगंगाधर, *वैदिक एवं वेदोत्तर भारतीय संस्कृति*, चौखम्वा सुरभारती प्रकाशन, 2005.
शास्त्री, डॉ. सुखदा, *वैदिक शब्दों का अर्थपरिशीलन.*
पाठक, मनोदत्त, *वैदिक ज्ञान विज्ञान कोश*, राजपाल, 2011.
शर्मा, लीलाधर, *भारतीय संस्कृति कोश*, राजपाल, 2013.
त्रिपाठी, गयाचरण, *वैदिक देवता*, डी. के. प्रिन्ट ओयाल्ड, 2011

सन्दर्भ

1. *ब्रह्मसूत्रभाष्यम्* - 1/1/4
2. *धर्मशास्त्र का इतिहास*, (प्रथमः भागः),पृ-176
3. *नैषधचरितम्* -15/7
4. *ऋग्वेदः* - 10/85/36,5/3/2,5/28/3
5. *शतपथब्राह्मणम्* -5/2/1/10
6. *शतपथब्राह्मणम्* -2/5/11/12
7. *नैषधचरितम्* -14/62
8. *हिरण्यकेशिगृह्यसूत्रम्* - 1/19/2
9. *आपस्तम्बधर्मसूत्रम्* - 2/5/11/15
10. *वशिष्ठधर्मसूत्रम्* - 8/1
11. *मानवगृह्यसूत्रम्* - 1/7/8
12. *नैषधचरितम्* -4/119
13. *नैषधचरितम्* -10/1
14. *ऋग्वेदः* - 10/27/12
15. *ऋग्वेदः* - 10/85/26,27,46
16. *शतपथब्राह्मणम्* - 4/1/5

17. *शतपथब्राह्मणम्* - 13/2/9/8
18. *आश्वलायनगृह्यसूत्रम्* - 1/5/2
19. *आपस्तम्बगृह्यसूत्रम्* - 1/3/20
20. *नैषधचरितम्* -10/1
21. *नैषधचरितम्* -5/69
22. *नैषधचरितम्* -3/28
23. *नैषधचरितम्* -3/29
24. *नैषधचरितम्* -3/40
25. *नैषधचरितम्* -2/19
26. *नैषधचरितम्* -3/115
27. *नैषधचरितम्* -10/10
28. *आश्वलायनगृह्यसूत्रम्* - 1/5/3
29. *शांख्यायनगृह्यसूत्रम्* - 1/5/6
30. *ऋग्वेदः* - 10/85/8
31. *शांख्य.* -1/6/1-4; *बौधा.*-1/1/14-15; *आपस्तम्ब.*-2/16,4/1,2,7
32. *नैषधचरितम्* -2/47
33. *नैषधचरितम्* -5/99
34. *नैषधचरितम्* -6/109
35. *नैषधचरितम्* -15/8
36. *नैषधचरितम्* -15/19
37. *नैषधचरितम्* -15/26
38. *नैषधचरितम्* -15/27
39. *नैषधचरितम्* -15/57
40. *आपस्तम्ब.*-4/8, *पारस्कर.*-1/4, *गोभिल.*-2/1/17-18, *मानव.* - 1/11/4-6
41. *नैषधचरितम्* -16/1
42. *शाङ्ख्यायनगृह्यसूत्रम्* - 1/12/1
43. *नैषधचरितम्* -16/10
44. *नैषधचरितम्* -16/12
45. *नैषधचरितम्* -16/13
46. *आपस्तम्ब.* - 13/10
47. *ऋग्वेदः* - 1/90/6
48. *नैषधचरितम्* -16/14
49. *नैषधचरितम्* -16/35
50. *नैषधचरितम्* -16/37

51. *शांख्यायन.*-1/3/4,*हिरण्यकेशि.*-1/20/81
52. *संस्कार कौस्तुभ*-पृ-799
53. *संस्कार प्रकाश*-पृ-829
54. *नैषधचरितम्* -16/38
55. *नैषधचरितम्* -16/39
56. *आश्वलायन.*-1/7/7/22, *मानव.*-1/14/9, *भारद्वाज.* - 1/9, *आपस्तम्ब.*-6/12,*पारस्कर.*-1/8, *गोभिल.*-2/3/8-12
57. *आश्वलायन.*-1/7/7-13, *पारस्कर.*-1/6, *आपस्तम्ब.*-4/3-5, *शांख्यायन.* - 1/13/15-17, *गोभिल.*-2/2/5, *मानव.* - 1/11/11, *बौधायन.*-1/4/25)
58. *नैषधचरितम्* -16/40
59. *नैषधचरितम्* -16/44
60. *नैषधचरितम्* -16/45
61. *नैषधचरितम्* -16/46
62. *नैषधचरितम्* -16/47
63. *नैषधचरितम्* -16/113
64. *नैषधचरितम्* -16/118
65. *अभिज्ञानशकुन्तलम्* - 4/18
66. *नैषधचरितम्* -16/43
67. *नैषधचरितम्* -16/17
68. *नैषधचरितम्* -16/19
69. *नैषधचरितम्* -16/21
70. *नैषधचरितम्* -16/23
71. *नैषधचरितम्* -16/25
72. *नैषधचरितम्* -16/27
73. *नैषधचरितम्* -16/29
74. *नैषधचरितम्* -16/31
75. *नैषधचरितम्* -16/34

1. सहकारी अध्यापकः, संस्कृत-विभागः,
शैलजानन्द-फाल्गुनी-स्मृति-महाविद्यालयः
2. सहकारी अध्यापकः, संस्कृत-विभागः,
शैलजानन्द-फाल्गुनी-स्मृति-महाविद्यालयः
खयराशोलः, वीरभूमः, पश्चिमवङ्गः
Mob. – 7980375017

'पञ्चस्तवी' स्तोत्र में प्रतिपादित शाक्त-आगम की प्रमुख अवधारणाएँ

डॉ. रमेश चन्द्र नैलवाल

प्रस्तावना

कश्मीर मण्डल में विविध सम्प्रदायों में भक्ति का अत्यन्त महत्त्व है। प्रायः सभी सम्प्रदायों में भक्तिपरक रचनाएं प्राप्त होती है। जिनमें भक्ति के विविध तत्त्वों का समावेश प्राप्त होता है। इन सभी सम्प्रदायों में उपास्य, उपासक एवं उपासना की भिन्नता होते हुए भी अनेक तत्त्वों में समरूपता प्राप्त होती है। समावेशमयी भक्ति का स्वरूप सभी सम्प्रदायों में प्राप्त होता है; इस पराद्वयभक्ति की चरम प्रतिष्ठा की पृष्ठभूमि में समावेश की अवधारणा ही है।[1] जब चित् ज्ञान का कर्तृत्वरूप स्वातन्त्र्य का प्राधान्य एवं पारतन्त्र्य का अप्राधान्य होता है, तो वह समावेशावस्था कही जाती है। आचार्य अभिनवगुप्त के अनुसार जिस अवस्था में जीव अपने पारतन्त्र्य को गौण करके शिवतत्त्व में समावेश प्राप्त करता है; वह अवस्था समावेश की अवस्था होती है। आचार्य अभिनवगुप्त भक्ति को व्याख्यायित करते हुए उसे पूर्ण समर्पण का अपर पर्याय कहते हैं, जो एकात्म्यप्राप्ति रूप ही है। उस भक्ति का फल दास्यभाव है। जिसका अभिप्राय अभिनवगुप्त ने परमेश्वर रूप स्वातन्त्र्य की पात्रता कहा है। यह प्रह्वीभाव ही भक्ति का सार है—'दीयते अस्मै स्वामिना सर्वं यथाभिलषितम् इति दासः। तस्य भावः इत्यनेन परमेश्वररूपस्वातन्त्र्यपात्रता उक्ता।'[2] काश्मीरस्थ दर्शनों में भक्ति का इतना अप्रतिम स्थान है कि भक्त की कोटि साक्षात् शिव की है। साक्षात् शिवभाव को प्राप्त होकर जो व्यक्ति परमशिव की उपासना करता है; वह अवश्य ही अपने स्वरूप की प्रत्यभिज्ञा करता है।[3]

मुख्य विषय वस्तु

पञ्चस्तवी स्तोत्र में मुख्य रूप से शक्तितत्त्व परमशक्ति के रूप में वर्णित है। परमशक्ति के विविध अभिधानों का वर्णन करते हुए स्तोत्रकार कहते हैं कि हे माता! चन्द्रमा, विष्णु, ब्रह्मा, प्रकृति, जीवात्मा, परमात्मा, सूर्यदेवता, परम शिव का स्वरूप, बौद्धों के श्रेष्ठ गुरु महात्मा बुद्ध, आकाश, वायु, शिव और शक्ति इन विकल्पात्मक शास्त्रोक्त नाम से सन्त जन आप महात्रिपुरसुन्दरी को ही पुकारते हैं। भाव है कि जितने भी नाम संसार में है वह सभी नाम आप जगद्रूपपिणी माता के ही हैं।[4] आगम परम्पराओं में शक्तिपात सिद्धान्त का अत्यन्त महत्त्व है। इसी सिद्धान्त का प्रतिपादन करते हुए भक्तकवि कहता है कि पराशक्ति भगवती के शक्तिपात से पवित्र बने हुए भाग्यशाली भक्त जन सहज दयामय सद्गुरु के कटाक्ष से अपने परमधाम में प्रविष्ट होकर स्वात्म स्वरूपात्मिका भगवती को सदा के लिए प्राप्त करते हैं, जो भगवती समस्त अन्धकार को काटने से अत्यन्त करुणामयी है और क्षण मात्र में भक्ति की आत्मा को शिवमयी बनाती है और इसलिए परानन्द रूप को प्राप्त होती है।[5] शक्तिपात का सिद्धान्त अनुग्रहात्मक है; जिसमें भक्त को बाह्य साधनों की आवश्यकता तक नहीं रहती।

परा पारमेश्वरी परमशक्ति के पञ्चकृत्यों एवं विविध स्वरूपों को व्याख्यायित करते हुए भक्त कहता है कि हे समस्त जगत् को उत्पन्न करने वाली माता! आप चिच्चमत्कृतिमयी स्वातन्त्र्यशक्ति एक होकर भी विश्वमयदशा में पृथिवी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, चन्द्रमा, सूर्य और आत्मा—इन आठ स्वरूपों में विकसित हुई हैं। यद्यपि आप अपने ही ज्ञानक्रियात्मक स्तनरूपी रश्मिचक्रों की व्याप्ति से अपने विश्वव्यापी असङ्ख्यशक्तियों से झुकी भी हैं, तथापि ऐसा होकर भी आप समस्त जगत् की सृष्टि, स्थिति, संहार, विलय और अनुग्रह करने का कार्य अनायास में धारण करते हैं।[6] अतः मुझे भी अवश्य धारण करके रक्षा कीजिए; अर्थात् अपने अनुत्तर धाम में प्रविष्ट करायें। यहाँ स्तोत्रकार ने परमशक्ति की अनन्त शक्तियों एवं भक्त के प्रति उनके अनुग्रह स्वभाव को प्रस्तुत किया है; जिसमें भक्त सदा उनके अनुग्रह को प्राप्त करने हेतु प्रतिबद्ध रहता है। सामान्य मनुष्य के लिए परा पारमेश्वरी का यह अनुग्रह ही उपादेय है।

शाक्तागम में बीजाक्षर महत्त्व

शाक्तपरम्परा के प्रमुख स्तोत्रों में पञ्चस्तवी नामक ग्रन्थ अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। प्रस्तुत स्तोत्र में त्रिपुरसुन्दरी का परमतत्त्व के रूप में प्रतिपादन है। शाक्त परम्परा में बीजाक्षरों का महत्त्व है। भक्तकवि देवि के सम्बोधित करते हुए कहता है कि हे अभीष्ट वर को देने वाली देवी! जिस व्यक्ति में कोई भयप्रद वस्तु शेर साँप आदि देख कर बिना किसी अभिप्राय से भयवशात् 'ऐं' 'ऐं' अक्षर का बिन्दु के बिना ही उच्चारण किया हो ऐसे व्यक्ति पर भी यदि आप अनुग्रह करें तो निःसन्देह उस व्यक्ति के मुख-कमल से उसी क्षण ऐसी कविता प्रकट होती है जो कि अमृत रस धाराओं की परिचायक होती है। अभिप्राय यह है कि भगवती के प्रथम बीजाक्षर 'ऐं' की इतनी महिमा है कि यदि कोई व्यक्ति भूल से भी 'ऐं' 'ऐं' का ही उच्चारण करे तो उसे भगवती अपूर्व कवित्वशक्ति प्रदान करती है।[7]

इसी प्रकार 'क्लीं' बीजाक्षर का भी मन्त्र-जप की दृष्टि से महत्त्व बताते हुए भक्त कवि कहता है कि हे देवि! कलना रहित 'क्लीं' बीजाक्षर कामराज नाम से अभिहित है। इस मन्त्र का जप यदि कोई भी बुद्धिमान् व्यक्ति इस संसार में करे तो वह सारस्वत क्लीं बीजाक्षर का साक्षात्कार करके सरस्वती देवी के अनुग्रह का पात्र बनता है।[8] यहाँ बीजाक्षर अक्षरों से ईश्वर साधना का उपाय भक्त कवि प्रस्तुत कर रहे हैं। तृतीय बीजाक्षर 'सौ' वर्णन करते हुए भक्त कवि कहता है कि उस 'सौ' को मन से नमस्कार है, जिसका प्रभाव ज्ञानी जनों ने क्षणमात्र में देखा है। जिसके फलस्वरूप उनकी वाणियों में निरर्गल कवित्वशक्ति प्राप्त होती है। वह सरस्वती को सिद्ध कराने वाला ('सौ') मन्त्र अज्ञान रूपी जल को भस्म करने में वाडवाग्नि के समान बन जाता है, तथा उस सारस्वत ('सौ') की छाया का अनुकरण करने वाला (गौ) शब्द, जो वाणी के अर्थ में प्रयुक्त होता है, 'ग' के बिना 'औ' के रूप से ही सिद्धिप्रद बन जाता है।[9] अर्थात् सरस्वती का यह बीजाक्षर योगक्रिया करने के बिना ही अभीष्ट सिद्धि प्रदान करता है। इस प्रकार बीजाक्षरों के मन्त्र जप का महत्त्व बताते हुए भक्त कहता है कि हे देवि! 'ऐं' 'क्लीं' 'सौ' इन बीजाक्षरों में से प्रत्येक निष्पाप बीजाक्षर व्यञ्जन सहित ('ऐं' 'क्लीं' 'सौं'), व्यञ्जन रहित ('ऐ' 'ई' 'औः') या कूटस्थ + ऐंक्लींसौः') अथवा भिन्न-क्रम में ठहरा हुआ ऐं, अथवा क्लीं या केवल सौः, या उलटे क्रम से (सौः – क्लीं – ऐं) जिस किसी विधि से जो कोई व्यक्ति ध्यान करता है अथवा उसका जप करता है, उन मनुष्यों की सभी अभिलाषाओं को वह 'बीजाक्षर' उसी क्षण सफल बना देता है।[10]

त्रिपुरा देवी का महत्त्व

त्रिपुरा देवी का वैशिष्ट्य प्रतिपादित करते हुए भक्तकवि कहता है कि ब्रह्म, विष्णु, रुद्र – तीन देवताओं का वर्ग, 'ऋक्', 'यजु', 'साम'—वेदत्रयी, अग्नि देवता की तीन शक्तियाँ—'गार्हपत्य, आहवनीय, दाक्षिणाग्नि', तीन स्वर – 'उदात्त, अनुदात्त, स्वरित', तीन लोक – 'भूः, भुवः, स्वः', गायत्री के तीन पद – 'भूः, भुवः, स्वः', ज्यौतिष शास्त्र में वर्णित तीन पुष्कर-योग, तीन ब्रह्म – 'ॐ, तत्, सत्' और तीन वर्ण – 'अ, उ, म' – इस प्रकार संसार में जो भी तीन रूप वाली वस्तु नियमित कही गई है; वह सभी 'त्रिपुरादेवि' के ही बोधक हैं।[11] अर्थात् तीन स्वरूपों को पूर्ण करने वाली ये सभी भगवती के नाम के ही परिचायक है। शाक्तपरम्परा में त्रिपुरा देवि को अत्यन्त श्रेष्ठ माना गया है, भक्तकवि उनके स्वरूप को प्रतिपादित करते हुए कहता है कि हे देवि आप मायारूप हैं, कुण्डलिनि के स्वरूप वाली हैं, मधुमती नामक योगसम्बन्धी भूमिका हैं, (इस मधुमती भूमिका में जाकर योगियों के सम्मुख अपनी करणेश्वरी देवियाँ वर देने ले लिए उपस्थित हो जाती हैं।) आप काली भगवती हैं; आप निवृत्ति, प्रतिष्ठा, विद्या, शान्ता और शान्तातीता नामक पाँच कलाओं का स्वरूप बनी हुई हैं। 'न'वर्ण से लेकर 'फ'वर्ण तक मालिनी रूप हैं। दस महाविद्याओं में से आप मातङ्गी विद्या स्वरूप हैं। आप विजया, जया, भगवती, देवी, पार्वती तथा शम्भु-पत्नी हैं। आप शक्तिस्वरूप हैं। शङ्कर भगवान् की अर्धाङ्गिनी है। तीन नेत्रों वाली हैं। आप सरस्वती हैं। आप भैरवनाथ की शक्ति हैं। तीन अवस्थाओं को पूर्ण करने वाली त्रिपुरा हैं। भोग तथा मोक्ष देने वाली हैं। आप माता जगज्जननी हैं और भेदरूप माया का नाथ करने वाली कुमारी हैं।[12] इस प्रकार त्रिपुरा देवी ही शाक्तपरम्परा में विशिष्ट हैं, यही कवि का अभिप्राय है। यहाँ शाक्त परम्परा के योग परम्परा का उल्लेख किया गया है। त्रिपुरसुन्दरी की प्रार्थना करते हुए भक्तकवि कहता है कि हे तीनों लोकों को पूर्ण करने वाली देवी! हे भैरव पत्नि! जो आप के अत्यन्त रहस्य बने हुए बीजाक्षर रूप नाम हैं, वे आ, ई स्वरों रूपी पत्तों से युक्त हैं। दो, तीन वर्णों के क्रम से संयुक्त रूप वाले हैं। ककार से लेकर क्षकार अन्त वाले हैं। स्वरों से युक्त हैं अथवा स्वरों से युक्त क्षकार अन्त वाले हैं अर्थात्—अक्षह्रीं-नफह्रीं वाले हैं।[13] उन आप के अति उत्कृष्ट बीज हजार नामों को हमारा प्रणाम हो। यहाँ बीजाक्षरों द्वारा शक्तितत्त्व के स्वरूप को बताया गया है।

त्रिपुरा शक्ति का स्वरूप बताते हुए कवि कहता है कि सरस्वती भगवती की यह तीन अवस्थाओं को पूर्ण करने वाली त्रिपुरा नाम वाली स्तुति; मन को एकाग्र बना कर तथा देवी की भक्ति में लीन होकर शिव-शक्तिपात से अनुग्रहीत बने हुए विद्वानों को भलीभांति समझनी चाहिए। जहाँ इस स्तुति के प्रथम श्लोक में एक अर्थात् पहिले ऐं, दो अर्थात् दूसरे क्लीं, तीन अर्थात् तीसरे सौः – इन तीन पदों के क्रम से युक्त आप के चरणों के साथ सम्बन्ध रखने वाले बीजाक्षरों के द्वारा मन्त्रोद्धार की विधि विशेष पूर्वक वर्ण की गई है। वहाँ यह स्तुति गुरुजनों के सत्सम्प्रदाय से भी युक्त है अर्थात् गुरुजनों के द्वारा ही इस स्तुति का प्रादुर्भाव हुआ है।[14] त्रिविध शक्तियों से युक्त होने के कारण उन्हें त्रिपुरसुन्दरी कहा जाता है।

भक्तकवि कहता है कि हे जगन्माता! चिदाकाश स्वरूप को उत्तेजित करने वाली चन्द्र-कला के सदृश आप के स्वरूप का जो अपने मस्तक के स्थान पर साक्षात्कार करते हैं, वे साक्षात्कार करने के अनन्तर ही कवित्वशक्ति सम्पन्न अर्थात् सर्वज्ञ आदि गुणों से संयुक्त बनते हैं, अतः समाधि में आरूढ़ प्रज्ञा वालों के लिए

आप ही समस्त कामनाओं को देने में समर्थ हैं।[15] कवित्वशक्ति की प्राप्ति शक्तितत्त्व की उपासना से अवश्य ही प्रापणीय है; यह स्तोत्रकार का प्रतिपाद्य है। यहाँ त्रिपुरादेवी को साक्षात् कुण्डलिनी शक्ति का स्वरूप बताया गया है। स्तोत्रकार कहते हैं कि कुण्डलिनी स्वरूपा त्रिपुरादेवी की जब षट्चक्रों के भेदन करने के क्रम से उपासना की जाती है तो फिर वह त्रिपुरादेवी परिपूर्ण इच्छा स्वातन्त्र्य के पारमार्थिक षट्चक्र सम्बन्धी कमलों के समूह की चमक से चमचमाती हुई प्रकट होती है। तदनन्तर ही वह जगन्माता मोह रूपी मद-मस्त हाथी को नष्ट-भ्रष्ट करने के लिए मानो उद्यत भैरवीय चित्प्रकाश रूपी सिंह का विलासस्थान प्रकट करती है—ऐसी ही कुण्डलिनी रूप महात्रिपुरसुन्दरी को मैं प्रणाम करता हूँ।[16] साथ ही काश्मीर शैवदर्शन में शक्तितत्त्व को कवित्व की पूर्णता प्राप्त करने में अत्यन्त सहायक बताया गया है। परा पारमेश्वरी की अनुग्रहमयी लीला दिखाते हुए *तन्त्रालोक* में आचार्य अभिनवगुप्त कहते हैं कि परासंविति देवी के अनुग्रह शक्ति का पाचवाँ लक्षण कवित्वशक्ति की प्राप्ति है, जो कविता मनोहर, सुन्दर तथा शेषरहित होती है।[17]

पञ्चस्तवी स्तोत्र में परमशक्ति को विविध अभिधानों से अभिहित किया गया है। स्तोत्रकार उसे विश्व-उल्लासनादि क्रीडा करने वाली देवी! महादेव की पत्नी! पार्वती! सती! तीनों लोकों की माता! कल्याण करने वाली! दुष्टों को नष्ट करने वाली, तीनों लोकों को पूर्ण करने वाली! पारमार्थिक सुख देने वाली! भक्तो को अभीष्ट वर देने वाली! स्वरूप गोपना और स्वरूप विकास करने वाली! दक्ष ऋषि की कन्या! भयङ्कर स्वरूप को धारण करने वाली! भैरवनाथ की अर्द्धाङ्गिनी! चण्डिका स्वरूप धारण करने वाली! कालरात्री भगवती! सर्वत्र स्वरूप रूप वाली! काल को नष्ट करने वाली! त्रिशूल को धारण करने वाली! इत्यादि विशेषणों से युक्त बताते हैं।[18]

दीक्षा का महत्त्व

शाक्त परम्परा में दीक्षा का महत्त्व बताते हुए स्तोत्रकार कहते हैं कि हे कल्याणमयी माता! जिस का फिर से जन्म होने वाला नहीं है, अर्थात् जिस व्यक्ति को मोक्ष होने वाला है, उस पुरुष के सभी पाश-पटल अथात् आणव, मायीव और कार्म—ये तीनों मल आप अपनी अनुग्राहिका शक्ति से गुरुदेव की अनुकम्पा का आश्रय लेकर निमेष मात्र में काट देती हैं और इस प्रकार शाम्भव रूपी वेधदीक्षा उसकी सिद्ध हो जाती है।[19]

शिव एवं शक्ति सामरस्य

जिस प्रकार शैवदर्शन की परम्परा में शिव शक्ति का अद्वय सम्बन्ध है; उसी प्रकार शाक्त परम्परा में भी यह सामरस्य समन्वय प्राप्त होता है। भक्तकवि कहता है कि हे चन्द्रकलाधारी भगवान् शङ्कर की शक्ति भगवती! आप ही परा, परापरा और अपरा शक्ति हैं। स्थूल, सूक्ष्म और कारण शरीर भी आप ही हैं। अधिदैव अर्थात् शरीर में ठहरा हुआ परमात्मा का स्वरूप तथा उस शरीर में स्थित जीवात्मा का स्वरूप आप ही हैं। आप ही ज्ञानशक्ति, क्रियाशक्ति तथा इन्द्रियों का समूह भी हैं। परदशा में जो आप का आसन ईश्वर प्रेत-रूपता में ठहरा है, वह भी आप ही हैं। इच्छा शक्ति, सर्वज्ञतादि ऐश्वर्य तथा तीन आणव-मल इत्यादि आवरण भी आप ही हैं इसके अतिरिक्त आयतन परमेश्वर का निवासस्थान भी आप ही हैं;[20] अर्थात् इस जगत् के समस्त विकल्पात्मक वस्तु भी परमशिव ही है। शक्तितत्त्व में अनेक शक्तियाँ विद्यमान हैं; उन्हीं विविध शक्तियों का बखान करते हुए स्तोत्रकार कहते हैं कि हे माता! आप पृथ्वी में निवृत्ति-कला, जल-

तत्त्व में प्रतिष्ठा कला, अग्नितत्त्व में विद्या-कला, वायु-तत्त्व में शान्ता-कला और आकाश-तत्त्व में शान्तातीता कला उदित हुई है – इस प्रकार जो ये उपर्युक्त पाँच कलाएँ छत्तीस तत्त्व रूपी जगत् का निर्माण करती हैं, उन समस्त कलाओं से परे आप का स्वरूप हैं अर्थात् आप का स्थान सर्वोत्कृष्ट है।[21]

शैव एवं शाक्तदर्शन में समान सिद्धान्त

हे कुण्डलिनी शक्ति स्वरूपा भगवती आप चार पत्तों वाले कमल स्थान मूलाधार में अवस्थित षट्दल अर्थात् षडाकार भगपुट (षट्कोण) में साढ़े तीन वलयों में मुड़ी हुई होकर देदीप्यमान बनी हुई है। उसे सुप्तावस्था में आप 10 लाख बिजली, अग्नि तथा सूर्य प्रकाश के समान चमकती हुई ठहरी है। वहाँ आप अपने कुण्डलिनी स्वरूप का उत्थान करने के लिए प्रथम स्वाधिष्ठान षड्दलात्मक कमल को नादात्मक शूल से काटकर, उसके पश्चात मणिपूर नाम वाले दशदल-स्वरूप कमल को, फिर अनाहत चक्र वाले द्वादश कमल को तत्पश्चात् विशुद्ध चक्रात्मक षोडशदल रूपी कमल का भेदन करके अन्त में आज्ञाचक्रस्थान के द्विदलात्मक कमल में प्रवेश करती हैं—इस द्विदलात्मक आज्ञा चक्र में ठहरी हुई आपको में प्रणाम करता हूं उसी आप की उच्चतम अवस्था में समावेश करता हूँ।[22] हे स्वतन्त्रशक्तिशालिनी महामाया भगवती! कुछ लोग आपके स्वरूप को कुल अर्थात् पारमेश्वरी शक्ति कहते हैं। अन्य विद्वान् तांत्रिक संप्रदायवादी आपको अकुल अर्थात् शिव के नाम से पुकारते हैं अन्य त्रिक आदि दर्शनवादी आपके स्वरूप को उभयात्मक अर्थात् शिव और शक्ति का सामरस्यात्मक कहते हैं। और कई प्रत्यभिज्ञावादी आपको कौल नाम की उपाधि से विभूषित करते हैं। कुछ अन्य विद्वान् चारों स्वरूपों से उत्तीर्ण आपको अनाख्य स्वरूप ही कहते हैं। हे माता! आप ही बताइए कि हम सभी आपके स्वरूप का निश्चय किस रूप में करें। इस प्रकार प्रस्तुत श्लोक में भक्तकवि द्वारा शक्तितत्त्व के विषय में प्रचलित विशेषताओं को सांस्कृतिक दृष्टि से प्रस्तुत कर रहा है।[23] परमशक्ति की ये सभी शक्तियाँ परमशिव के विविध शक्तियों अथवा अभिधानों के ही समान है।

इसी प्रकार भक्तकवि कहता है कि प्रलयकालीन करोड़ों सूर्यों के समान दीप्ति से षडध्वा रूपी वर्णाध्वा, मन्त्राध्वा, पदाध्वा, कलाध्वा, तत्त्वाध्वा और भुवनाध्वा अथवा मूलाधार नाभि, हृदय, कण्ठ, भ्रूमध्य और सहस्रार—इन छः प्रकार से बने हुए घने जङ्गल को जलाकर अर्थात् भस्म करके अपने प्रकाश विमर्शमय परमधाम में तद्रूप बने हुए योगियों को सर्वोत्तीर्ण अलौकिक परमशिव धामात्मक स्वरूप दिखाते हुए भैरवात्मक शिव स्वरूप जो ज्ञान और क्रियाशक्ति की प्रचुरता से अपने शिवात्मक स्थान से पृथ्वीतत्त्व तक फैला हुआ है।[24] इसी प्रकार शक्तितत्त्व को विशेषताओं बताते हुए भक्तकवि कहता है कि हे पराकुण्डलिनी रूप माता! जब कोई भाग्यशाली भक्त इस सूर्य सोमात्मक प्राणापान रूपी द्वन्द्व का ग्रास करता हुआ अनन्त काल से अविदित मध्य धाम अर्थात् सुषुम्ना मार्ग में प्रकाश तथा विमर्श का आश्रय लेकर प्रवेश करता है और इसी प्रकार चित्त प्रलय रूपी अग्नि से अर्थात् हठ पाक प्रशम धारणा से समस्त भेद प्रथात्मक जगत् का संहार करके ऊर्ध्वकुण्डलिनी की पदवी में प्रवेश करता है तो फिर आप के तीव्रातितीव्र अनुग्रह शक्ति से बह व्यक्ति सदा के लिए परमशिवात्मक अकुल धाम में प्रवेश करता है।[25] यहाँ परमशिव के विविध शक्तियों के समान शक्तितत्त्व का वर्णन भक्तकवि द्वारा किया गया है।

अष्टमूर्ति शिव के समान शक्तितत्त्व के भी अष्टमूर्ति का वर्णन भक्तकवि द्वारा किया गया है। भक्त कवि कहता है कि हे माता! पृथिवी, जल, अग्नि, आकाश, आत्मा, चन्द्रमा, और सूर्य जिन्होंने संसार-मण्डलवर्ती सभी कार्य वर्ग को अपने स्वरूप में समाया है। ऐसे इन स्वरूपों के विकास से आप के स्वरूप की महानता कितनी है। इस का अनुमान कोई भी व्यक्ति नहीं लगा सकता। इस के अतिरिक्त आप की महिमा इतनी अगाध है कि ये सभी आठ मूर्तियाँ आप के अपरिमित परमाकाश भूमि और सूक्ष्म अवस्था को प्राप्त होती हैं कि उस आप के परमाकाशभूमि में कहीं भी और किसी प्रकार से दृष्टिगोचर नहीं होती अर्थात् उसी आप के स्वरूप के अथाह समुद्र में बुलबुलों की तरह समा जाती है।[26] यहाँ कवि शक्तितत्त्व के अष्टमूर्तियों को प्रस्तुत किया गया है।

परमशक्ति की प्राप्ति रूप उपाय

मुनि जन, समस्त संसार को उत्पन्न करने वाली आप परा पारमेश्वरी भगवती को ही 'कला' अर्थात् अनाश्रित-शिव नाम वाली शक्ति कहते हैं। 'आद्या प्रज्ञा' अर्थात् स्वातन्त्र्य चमत्कारमयी पर-प्रतिभा रूपिणी-शक्ति कहते हैं; 'सम' शिव-शक्ति सामरस्यात्मक अवस्था कहते हैं, (समरसामनुभूति) अहन्ता तथा इदन्ता से रहित अनुत्तर – अकुल – में ठहरी हुई चमत्कृति का नाम करण देते हैं। (गुरु) पारमेश्वरी अनुग्राहिका शक्ति कहते हैं। गुरु परम्परा कहते हैं, (विनय) तन्त्र प्रधान शास्त्र अथवा सच्चिदानन्द स्वरूप स्वात्मास्थिति के नाम से विभूषित करते हैं, (उपदेश) शाम्भवोपाय, शाक्तोपाय और आणवोपाय इन तीन मार्गों का स्वरूप कहते हैं। शिवात्मक परामर्श रूप कहते हैं, आप भगवती को ही मुनि जन पर प्रमातृ रूप परम-प्रमाण और परममोक्ष रूप परम निर्वाण करके विभूषित करते हैं इस के अतिरिक्त आप जगज्जननी को ही मुनि जन विधिरूप और महामन्त्रमयी विद्या कहते हैं।[27] प्रस्तुत स्तुति में शैवदर्शन के विविध सिद्धान्तों को उल्लिखित किया गया है।

स्तोत्रकार कहते हैं अनथक अभ्यास करता हुआ योगी जब स्वात्म-समावेश की ओर अग्रसर होता है तो प्रथम में उसे दस प्रकार के शब्दों का समूह प्रादूर्भूत होता है उन समस्त शब्दों के लय होने के पश्चात् बिन्दु-विभव अर्थात् अनन्त प्रकारों वाला प्रकाश-पुञ्ज अनुभव होने लगता है, उस के भी शान्त होने के पश्चात् अपने आधारस्थान हृदय में आथ प्रकार के दिव्य शब्द प्रकट होते हैं, उन के भी उपरत हो जाने पर योगी, शक्ति, व्यापिनी और समनारूपी पराशक्ति के स्थान पर पहुँच जाता है। तदनन्तर ही वह भाग्यशाली योगी उस स्वात्म-संवित्ति का अनुभव करता है जो चिदानन्द—परामर्श से पूर्ण तथा परा पारमेश्वरी का पारमार्थिक परस्वरूप है।[28] यहाँ साधना द्वारा पराशक्ति को प्राप्त करने का सङ्केत किया गया है।

उस परापारमेश्वरी को प्राप्त करने के उपरान्त योगी परमानन्द स्वरूप को प्राप्त करता है। पञ्चस्तवी में स्तोत्रकार कहते हैं कि हे माता! परम आनन्द-स्वरूप से युक्त, अगाध तथा अनन्त शिवैश्वर्य सम्पन्न, विश्वोत्तीर्ण निराकार—ज्ञान—स्वरूप तथा सदैव पूर्ण—करुणामयी, तीनों लोकों की उत्पत्ति करने वाली और उत्तमोत्तम शिवधाम में ठहरी हुई आप परापारमेश्वरी को, जो भक्तजन स्मरण करते हैं, उन्हें सांसारिक भोगों की प्राप्ति हो अथवा परमानन्द रूप मोक्षप्राप्ति हो, उन्हें दोनों एक तुल्य हैं। यहाँ तात्पर्य है कि उनके लिए सांसारिक भोग भी मोक्ष पर ही पर्यवसित रहते हैं।[29] इसी विषय को आचार्य उत्पलदेव भी प्रस्तुत करते हैं।[30]

यहाँ स्तोत्रकार शैवदर्शन के प्रमुख सिद्धान्त को भी स्थापित करते हैं कि इस जगत् के सभी पदार्थ सत् हैं, तथा मोक्ष प्राप्ति में सभी वस्तुएँ कारण बनती है।

परमशक्ति को परमशिव की अन्यतम शक्ति के रूप में प्रदर्शित करते हुए स्तोत्रकार कहते हैं कि हे समस्त जगत् का निर्माण करने वाली माता! हे विधिस्वरूप सृष्टिकारिणी! हे विद्या! चतुष्टय रूपी देवी! हे स्वात्मरूपता से जानने योग्य! हे अनन्त प्रकार के आचरणों वाली! हे तीन वेदों की उत्पत्ति करने वाली देवि! हे विचित्र रूप अर्थात् अत्यन्त रूप बनी हुई! हे जगत् की आद्य अर्थात् समस्त संसार का बीज बनी हुई, हे विनय अर्थात् कौल आदि शास्त्रों के द्वारा सहज ही प्राप्त करने वाली देवी! हे समस्त वेदों का सार बनी हुई! हे स्वच्छन्द नाथ शिव की आज्ञा बनी हुई अर्थात् पाँच प्रकार के शास्त्र का स्वरूप बनी हुई! हे देवि! ऐहिक और पारलौकिक कल्याणों की कोषरूपा अर्थात् हे (सभी जनों को सुख देने वाली) भगवती, हे महादेव शङ्कर भगवान् की अर्धाङ्गिनी! मुझे अपने स्वरूप में अनुरक्त बना दीजिए अर्थात् मुझे अपना अनुपम दास बनाइये।[31] यहाँ शिव एवं शक्ति का सामरस्य एवं समन्वित स्वरूप प्राप्त होता है। शिव एवं शक्ति के इसी सामरस्य को प्रस्तुत करते हुए स्तोत्रकार कहता है कि हे माता! कैलासवासी शङ्कर भगवान् ने ब्रह्मा जी का सर काट कर उसे अपने हाथ का पात्र बनाया, भगवान विष्णु को अपने त्रिशूल में धंसाकर उसे अपने कंधे पर रखकर अपना आभूषण बनाया और कालकूट विष का पान करने से अपने कण्ठ को विभूषित किया; परन्तु यह सारा कार्य शिव ने तब किया जब उसके स्वरूप में आप पर आप परा पारमेश्वरी शक्ति ठहरी थी।[32] भाव यह है कि यह सारा चरित्र आपका ही चरित्र है आपके बिना शिव कुछ भी नहीं कर सकते हैं।

परमशक्ति के पञ्चकृत्यों का प्रतिपादित करते हुए स्तोत्रकार कहते हैं कि हे माता! आप सृष्टि रूप कृत्य की अधिष्ठात्री (ब्रह्मा) बनाकर जगत् को उत्पन्न करती हैं। स्थिति रूप कृत्य की अधिष्ठात्री (विष्णु) बनी हुई इस भव, अभव तथा अति भावात्मक संसार का पालन करती हैं, संहृतिरूप कृत्य की अधिष्ठात्री (रूद्र) नाम से विभूषित होकर इसका संहार करती हैं। तिरोधान कर्म की अधिष्ठात्री अर्थात् ईश्वरदशा को धारण करके इस समस्त जगत् का पिधान करती हैं और सदाशिव संज्ञा प्राप्त करके आप इस जगत् के सभी पाश-आणव आदि मल काटकर इसका अनुग्रह करती हैं। है पर्वत राजपुत्री! इस प्रकार आप वास्तव में एक स्वरूप वाली होकर भी सृष्टि, स्थिति, संहार, विलय और अनुग्रह करती हैं। हे पर्वतराज पुत्री! इस प्रकार आप वास्तव में एक स्वरूप वाली होकर भी सृष्टि, स्थिति, संहार, विलय और अनुग्रह रूपी पांच कृत्यों को धारण करके अनेक बन जाती हैं।[33] अर्थात् आप ही ब्रह्मा, विष्णु, रूद्र, ईश्वर और सदाशिव इन पांच कारणों का स्वरूप धारण करती हैं।

पौराणिक विशेषताओं से परमशक्ति का वैशिष्ट्य प्रतिपादित करते हुए स्तोत्रकार कहता है कि हे जगज्जननी मां! सृष्टि के आरम्भ में पहले आप दक्ष प्रजापति की पुत्री बन गई; उसके पश्चात् दोषयुक्त उस प्रजापति का त्याग करके हिमालय की कन्या बनीं। आप यदि तत्त्वदृष्टि से भगवान शङ्कर से अभिन्न होकर आदि और अंत से रहित भी हैं तथापि उस शङ्कर भगवान के साथ विवाह करके उनकी पत्नी बन गई। इस प्रकार के आपके लीलामय चरित को कौन जान सकता है अर्थात् आप लीलामय स्वातन्त्र्य सर्वथा अगम्य है।[34] परमशक्ति के विविध वैशिष्ट्यों को वर्णित करते हुए स्तोत्रकार कहते हैं कि हे भगवती सूर्य, चन्द्रमा

और अग्नि आदि सभी प्रकाश आपकी रश्मियों के कारण मात्र हैं। परिपूर्ण शिवरूप ब्रह्मा भी आपकी महान् तेज के सामने क्षुद्र अर्थात् तुच्छ बना हुआ उस आपके आघात तेज का एक कण है यह तो मैंने समझ लिया है। इसके अतिरिक्त शिव तत्त्व से लेकर पृथ्वी तक सभी तत्त्व भी त्रिवलयाकार कुण्डलिनी के बीच में ठहरे हुए हैं। इस प्रकार आपका आश्चर्य पूर्ण स्वरूप आपके भक्त के हृदय में अनुभव किया जाता है।[35] यहाँ शैवदर्शन के समान शाक्त परम्परा की तत्त्वमीमांसा की ओर संकेत किया गया है।

परमशक्ति के शक्ति का वैशिष्ट्य का बखान करते हुए स्तोत्रकार कहते हैं कि हे माता! जो शिव आप की ही परापररूपिणी ज्ञान शक्ति से समस्त प्रमाण-प्रमेयादि जगत् को जान लेता है, आप की ही अपराशक्ति रूपा क्रियाशक्ति से इस जगन्मण्डल की रचना करता है और आप की ही पररूपा इच्छा शक्ति से इस जगत् को फिर से अपने स्वरूप में लय करके संहृत् करता है। इस के अतिरिक्त जिस शिव की सभी आठ मूर्तियाँ आप ही बनी हुई हैं, इस प्रकार जो शिव आप के स्वरूप-साम्य को प्राप्त हुआ परमाकाश रूप शून्य धाम में चला गया है; अर्थात् सदा के लिए आप के स्वरूप में लीन होकर अपनी सत्ता समाप्त करता है। ऐसा होकर भी आप इस शिव की अनाख्य रूपता को छोड़ कर इस के साथ फिर से विहार करती हैं – यह तो क्या है? अर्थात् यह आप की लीला मुझे आश्चर्य चकित कर देती हैं।[36] यहाँ भी शिव एवं शक्ति के सामरस्य को प्रदर्शित किया गया है।

निष्कर्ष

भक्तिदर्शन का अपना वैशिष्ट्य है, जैसे 'शिवो भूत्वा शिवं यजेत्' ऐसा, आम्नाय में कहा गया है, वहाँ देहपात में ही शिवता स्वीकार्य है; परन्तु काश्मीर स्तोत्रों में इसके विपरीत भक्त का ही महत्त्व है, उत्पल के मत में 'भक्तो भूत्वा शिवं यजेत्' यही समीचीन है; क्योंकि परमेश्वर का पारमार्थिक सारभूत शरीर भक्ति से अद्वैत शोधित होता है। उनके मत में भक्त से भगवान् की अद्वैतसिद्धि के लिए सभी युक्तियाँ साधन ही हैं। प्रायः स्तोत्र स्तुति प्रधान होते हैं, तथापि वहाँ दार्शनिक तत्त्वों का उल्लेख, उपासना पद्धति का निर्देश और संस्कृति का बोध भी बहुधा प्राप्त होता है। कश्मीर मण्डल का वैशिष्ट्य है कि विविध सम्प्रदाय के उपास्य भिन्न होते हुए भी इनमें भक्ति स्वरूप, उपासना पद्धति एवं सिद्धान्तों में समरूपता है। उपास्य परमतत्त्व के कार्यों, गुणों एवं दार्शनिक सिद्धान्त प्रायः समान ही है। इसका ही कारण है कि कश्मीर में सम्प्रदायों की विविधता होने के कारण भी किसी भी प्रकार का विरोध प्राप्त नही होता है।

सन्दर्भ

1. मुख्यत्वं कर्तृतायाश्च बोधस्य च चिदात्मनः। शून्यादौ तद्गुणे ज्ञानं तत्समावेशलक्षणम्॥ *गीतार्थसङ्ग्रहः,* पृ0 285
2. *ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिणी*, 1/1/1 पृ. 13
3. शिवो भूत्वा यजेतेति भक्तो भूत्वा इति कथ्यति। त्वमेव हि वपुः सारं भक्तैरद्वयशोधितम्॥
   न योगो न तपो नार्चाक्रमः कोऽपि प्रणीयते। अमाये शिवमार्गेऽस्मिन् भक्तिरेका प्रशस्यते॥ *शिवस्तोत्रावली* 1/14, 17
4. *पञ्चस्तवी* 5/335.
5. *पञ्चस्तवी* 5/34
6. *पञ्चस्तवी* 5/38
7. पञ्चस्तवी 3
8. पञ्चस्तवी 4
9. पञ्चस्तवी 5
10. एकैकं तव देवि बीजमनघं सव्यञ्जनाव्यञ्जनं, कूटस्थं यदि वा पृथक्क्रमगतं यद्वा स्थितं व्युत्क्रमात्।
    यं यं काममपेक्ष्य येन विधिना केनापि वा चिन्तितं जप्तं वा सफलीकरोति सहसा तं तं समस्तं नृणाम्॥ *पञ्चस्तवी* 1/6

11. देवानां त्रितयं त्रयी हुतभुजां शक्तित्रयं त्रिस्वरास्त्रैलोक्यं त्रिपदी त्रिपुष्करमथोत्रिब्रह्मवर्णास्त्रयः।
यत्किञ्चिज्जगति त्रिधा नियमितं वस्तु त्रिवर्गात्मकं, तत्सर्वं त्रिपुरेति नाम भगवत्यन्वेति ते तत्त्वतः॥ *पञ्चस्तवी* 1/16
12. माया कुण्डलिनी क्रिया मधुमती काली कला मालिनी, मातङ्गी विजया जया भगवती देवी शिवा शाम्भवी।
शक्तिः शङ्करवल्लभा त्रिनयना वाग्वादिनी भैरवी, ह्रींकारी त्रिपुरा परापरमयी माता कुमारीत्यसि॥ *पञ्चस्तवी* 1/18
13. *पञ्चस्तवी* 1/19
14. बोद्धव्या निपुणं बुधैः स्तुतिरियं कृत्वा मनस्तद्गतं, भारत्या त्रिपुरेत्यनन्य मनसा यत्राद्यवृत्ते स्फुटम्।
एकद्वित्रिपदक्रमेण कथितस्त्वत्पादसङ्ख्याक्षरैर्मन्त्रोद्धारविधिर्विशेषसहितः सत्सम्प्रदायान्वितः॥ *पञ्चस्तवी* 1/20
15. त्वामैन्दवीमिव कलामनुभालदेशमुद्भासिताम्बरतलामवलोकयन्तः।
सद्यो भवानि सुधियः कवयो भवन्ति त्वं भावनाहितधियां कुलकामधेनुः॥ *पञ्चस्तवी* 2/21
16. *पञ्चस्तवी* 2/28
17. कवित्वं पञ्चमं ज्ञेयम्, सालङ्कारं मनोहरम्॥ *तन्त्रालोक* 1/67
18. *पञ्चस्तवी* 3/1
19. जन्तोरपश्चिमतनोः सति कर्मसाम्ये निःशेषपाशपटलच्छिदुरा निमेषात्।
कल्याणि! दैशिककटाक्षसमाश्रयेण, कारुण्यतो भवसि शाम्भववेधदीक्षा॥ *पञ्चस्तवी* 3/11
20. शक्तिः शरीरमधिदैवतमन्तरात्मा, ज्ञानं क्रिया करणमासनजालमिच्छा।
ऐश्वर्यमायतनमावरणानि च त्वं, किं तन्न यद्भवसि देवि! शशाङ्कमौलेः॥ *पञ्चस्तवी* 4/25
21. *पञ्चस्तवी* 4/26
22. *पञ्चस्तवी* 5/9
23. *पञ्चस्तवी* 5/10
24. *पञ्चस्तवी* 5/11
25. *पञ्चस्तवी* 5/12
26. *पञ्चस्तवी* 5/16
27. *पञ्चस्तवी* 5/17
28. *पञ्चस्तवी* 5/19
29. *पञ्चस्तवी* 5/19
30. लब्धत्वत्सम्पदां भक्तिमतां त्वतपुरवासिनाम्।सञ्चारो लोकमार्गेऽपि स्यात्तयैव विजृम्भया॥ *शिवस्तोत्रावली* 1/30
31. *पञ्चस्तवी* 5/21
32. *पञ्चस्तवी* 5/22
33. *पञ्चस्तवी* 5/23
34. *पञ्चस्तवी* 5/28
35. *पञ्चस्तवी* 5/29
36. *पञ्चस्तवी* 5/30

सहायकाचार्य, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय),
राय बरेली रोड, लखनऊ-226025
मो. 9773683877

नाथ-दर्शन की सृष्टि प्रक्रिया में शिव तथा ललिता तत्त्व की महत्ता

डॉ. रञ्जनलता

शोध-सार –

"सा प्रथमा संस्कृतिः विश्ववारा"[1] कथनानुसार भारतीय संस्कृति को विश्व की प्रधान तथा श्रेष्ठ संस्कृति के रूप में जाना जाता है। भारत जैसा राष्ट्र सामाजिक तथा सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यन्त समृद्ध रहा है। विश्व भर में काल प्रवाह के साथ अनेक संस्कृतियाँ आती-जाती रही हैं परन्तु भारत जैसे राष्ट्र की संस्कृति आज भी विद्यमान है। इसका कारण इसकी सनातनता तथा सभी प्रकार की संस्कृतियों को समाहित करने का भाव रहा है। 'आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः'[2] का उद्घोष यही कहता है कि सभी दिशाओं से अच्छे विचार आने दो। वास्तव में इसने इसकी सनातनता को बरकरार रखा। इस शोध-पत्र के माध्यम से इसी सनातन मूलधारा की सहायक एक धारा जिसे नाथ-पन्थ के नाम से भी जानते हैं, में विचारित तत्त्व-मीमांसा के अन्तर्गत शिव तत्त्व व उसकी शक्ति ललिता तत्त्व का विशेष विवेचन है।

कूट-शब्द

तत्त्व, मीमांसा, शिव, ललिता, सनातनता।

युग-धर्म के अनुसार स्वयं का शुद्धिकरण भी इसकी अनन्य विशेषता रही है अर्थात् भारतीय संस्कृति ऐसी संस्कृति है, जिसने कालगत रूढ़ियों से उत्पन्न हुए पाखण्डों पर भी तीक्ष्ण प्रहार किया। इसका प्रमाण हमें वैदिक स्वर्णिम युग के अनन्तर काल-बाह्य परम्पराओं के शुद्धिकरण, युगानुकूल परिवर्तन के माध्यम से तथा बौद्ध-जैन आदि परम्पराओं के उदय से मिलता है। इस परिवर्तन, परिवर्धन के द्वारा विभिन्न कालों में विभिन्न सम्प्रदायों, पन्थों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की यह मूलधारा अनवरत रूप से युगानुकूल होते हुए प्रवाहित होती रही है। यही इसकी सनातनता का एक कारण भी है।

वेदों, ब्राह्मणों,आरण्यकों तथा उपनिषदों के अनन्तर वैदिक याग व कर्मकाण्ड जब पाखण्ड मात्र के प्रतीक होकर समाज को दिग्भ्रमित करने लगे तब वैदिक संस्कृति की यह मूलधारा पुनः परिष्कृत होकर आगे बढ़ी तथा विभिन्न बौद्ध, जैन मत के साथ-साथ शैव, वैष्णव, पाञ्चरात्र, कापालिक तथा पाशुपत आदि धार्मिक परिष्कृति के लिए समाज के समक्ष आए। इसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि वैदिक संस्कृति के पश्चात् विभिन्न मत-मतान्तरों का उदय अथवा अस्त होना अपनी इस भारतीय संस्कृति के

शुद्धिकरण के हेतु से ही था। नाथ-पन्थ इसी धार्मिक विशिष्टता की दृढ़ आधारशिला पर प्रतिष्ठित एक ऐसा सम्प्रदाय है, जिसका मूल शैव सम्प्रदाय अथवा आदिशिव से प्रकट किया जाता है।

नाथ-पन्थ को आगम-परम्परा से जोड़ा जाता है। आगम-परम्परा के अन्तर्गत एक परम्परा शैव भक्तों की चली जिसे नाथ-पन्थ के नाम से अभिहित किया जाता है। नाथ पन्थ में मूल प्रवर्तक के रूप में आदिनाथ शिव ही है। यह परम सत्य है कि आदिनाथ स्वयं शिव ही है –

देदीप्यमानस्तत्त्वस्य कर्ता साक्षात् स्वयं शिवः।
संरक्षन्तो विश्वमेव धीराः सिद्धमताश्रयाः।।[3]

शिव के बाद शिवावतार रूप में भगवान दत्तात्रेय का भी नाम आता है जो महाराष्ट्र परम्परा से सम्बन्धित रहेहैं।भगवान दत्तात्रेय के अनन्तर गुरु मत्स्येन्द्रनाथ ने नाथ-पन्थ को पुनः संगठित करने का प्रयास किया। गुरु मत्स्येन्द्रनाथ चौरासी नाथों की परम्परा में सबसे प्रमुख हैं। उन्हें असम, बंगाल, नेपाल, तिब्बत तथा बर्मा में विशेषकर पूजा जाता है। गुरु मत्स्येन्द्रनाथ योग सिद्ध तन्त्र परम्पराओं और अपरम्परागत प्रयोगों के लिए प्रसिद्ध थे।

गुरु मत्स्येन्द्रनाथ के बाद उनके शिष्य गुरु गोरखनाथ ने शैव धर्म की सभी प्रचलित धारणाओं को एकजुट करके 'नाथ' परम्परा को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया। उनके लाखों शिष्यों में हजारों उनके जैसे ही सिद्ध होते थे। नाथ संप्रदाय के देवता एवं शैव और वैष्णव पंथ के गुरु माने जाते हैं। भगवान् दत्तात्रेय भगवान् ब्रह्मा जी के मानस पुत्र महर्षि अत्रि इनके पिता तथा सती अनुसूया उनकी माता थी। पुराणों के अनुसार इनके तीन मुख और छः हाथों वाला त्रिदेवमय स्वरूप है। चित्र में इनके पीछे एक गाय तथा इनके आगे चार कुते दिखाई देते हैं। औदुंबर वृक्ष के समीप इनका निवास बताया गया है।

कापालिकों के बारह आचार्यों में प्रथम नाम आदि शिव का ही है।[4] नाथ पन्थ के अनुसार शिव जी से ही योगशास्त्र का प्रारम्भ हुआ है। अर्थात् शिव जी ही योगशास्त्र के मुख्य प्रवर्तक हैं क्योंकि शिव जी को हम आदि योगी के रूप में जानते हैं। जैसा कि गोरक्ष पद्धति में कहा गया है –

योगशास्त्रं पठेत् नित्यं किमन्यैः शास्त्रविस्तरैः।
यत्स्वयं चादिनाथस्य निर्गतं वदनाम्बुजात्।।[5]

योग से मुक्ति संभव है अतः शिव जी ने अपने भक्तों को मुक्ति प्रदान करने के लिए योगशास्त्र का प्रणयन किया जो आज के सन्दर्भ में अत्यन्त उपयोगी और फलप्रद भी है।

शिव के साथ ही शक्ति की उपासना भी नाथ-पन्थ में ललिता-तत्त्व के रूप में की गई है। ललिता तत्त्व की महिमा पद्मपुराण के पातालखण्ड में निम्न प्रकार से बताई गई है—

अहं च ललितादेवी राधिका या गीयते।

अहं च वासुदेवाख्यो नित्यं कामकलात्मकः।
सत्यं योषित्स्वरूपोऽहं योषिश्चाहं सनातनी।
अह च ललितादेवी पुंरूपा कृष्णविग्रहा ॥[6]

अर्थात् वह शिव तत्त्व ही कहता है कि मैं ही ललिता-तत्त्व हूँ और जो राधिका-तत्त्व के नाम से प्रसिद्ध हैं, वह भी मैं ही हूँ। सभी पुरुष-स्त्रियाँ मेरी ही रूपवाली हैं और मैं ही सनातन नारी (आदिशक्ति जगदम्बा) हूँ तथा पुरुष रूप में श्रीकृष्ण का विग्रह धारण करने वाली ललितादेवी मैं ही हूँ, मैं श्रीकृष्ण के रूप में प्रकट अथवा अभिव्यक्त होती हूँ।

कदाचिदाद्या ललिता पुंरूपा कृष्णविग्रहा।
लोकसम्मोहनार्थाय स्वरूपं विभ्रती परा।
कदाचिदाद्या श्रीतारा पुंरूपा रामविग्रहा।
रा शक्तिरिति विख्याता मशिवः परिकीर्तितः।[7]

शिव व शक्तिमय यही तत्त्व ब्रह्म व राम के रूप में भी गाया जाता है। यही जटा-जूट धारी के रूप में भी योगासन में मग्न रहता है। यही देव त्रिनेत्रधारी भी है तथा इसी का तेज गौरी के अन्तः में तथा सीता के अन्तः में भी प्रकट होता है।

शिवशक्त्यात्मकं ब्रह्म रामरामेति गीयते।
योगासनसमारूढ़ं जटामण्डलमण्डितम्।
विभूतिभूषितं देवं त्रिनेत्रं चन्द्रशेखरम्।
तेजः पुञ्जनिभां देव सीतां तेजः स्वरूपिणीम्।
गौरीरूपां परां सीतां महासाम्राज्यनायिकाम् ॥[8]

वही महाविष्णु तथा ईश्वर रूप में भी सुशोभित है।

महाविष्णोरहंकारो बभूव सहसेति च।
सर्वमल्लोमकूपेषु विश्वान्यवाहमीश्वरः ॥[9]

वह शिव तत्त्व ही भैरव रूप में समस्त संसार की लीलाओं को स्वयं में समाहित करते हुए संहारक तथा मूर्धारूप में भी प्रसिद्ध है।

संहारभैरवो भूत्वा तं जग्राह स लीलया।
स्थिते मूर्धावशेषेण प्रसादं च चकार सः ॥

वह शिव तत्त्व ही सभी का आत्मास्वरूप तथा ध्येय भी है।

सर्वात्मानं ध्यायमानं स्तुतं भीतं कृपानिधिम्।
तच्छरीरं सुसम्पन्नं पुनरेव चकार सः ॥"[10]

शिव की सिसृक्षा अर्थात् सृष्टि करने की इच्छा का नाम ही शक्ति है। शक्ति से समस्त पदार्थ उत्पन्न हुए हैं। शिव के अन्तः में ही शक्ति विराजमान है तथा शक्ति के अभ्यन्तर में शिव ही हैं। ये परस्पर उसी प्रकार संयुक्त हैं जैसे चन्द्र व चन्द्रिका। यह जो जगत् का प्रसार है यह उस शक्तिस्वरूपा की ही देन है तथा इस जगत् का संकोच अर्थात् सिमटना उस शिव में ही निहित है। जो व्यक्ति योग से इन दोनों को जान लेता है वही सिद्ध योगी कहलाता है।

शिवस्याभ्यन्तरे शक्तिः शक्तेरभ्यन्तरे शिवः।
अन्तरं नैव जानीयात् चन्द्रचन्द्रिकयोरिव।।
प्रसरं भाषयेत् शक्तिः संकोचं भासयेच्छिवः।
तयोर्योगस्य कर्ता यः स भवेत् सिद्धयोगिराट्।।[11]

न शिवः शक्ति रहितो न शक्तिः शिववर्जिता।
तादात्म्यमनयोर्नित्यं वह्निदाहकयोरिव।।

न तो शिव शक्ति से रहित है न ही शक्ति शिव से वर्जित। अतः दोनों का तादात्म्य अग्नि व उसकी शक्ति दाहकता के समान अभेद सम्बन्ध है। यही शक्ति तत्त्व ही ललिता तत्त्व के नाम से भी नाथ-पन्थ के ग्रन्थों में वर्णित है। बिना इस ललिता तत्त्व के शिव भी शववत् है।

शिवोऽपि शवतां याति कुण्डलिन्या विवर्जितः।[12]

इस प्रकार कहा जा सकता है कि शिव व ललिता तत्त्व नाथ-दर्शन में सृष्टि-उत्पत्ति में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करते हैं। नाथसम्प्रदाय अत्यन्त प्राचीनकाल से ही जन-जीवन में रचा-बसा है और शिव उसकी परम्परा आज भी इस पन्थ के त्यागी, तपस्वी सन्तों के द्वारा शिव व ललितातत्त्व की उपासना अबाध गति से प्रचलित है और भविष्य में भी इस समन्वय को स्थापित करते हुए जब भी राष्ट्र को उनकी आवश्यकता होगी वह समन्वयता पुनः प्रस्फुटितहोगी।

संदर्भग्रन्थ-सूची

ऋग्वेद का सुबोध भाष्य, तृतीय-भाग, मण्डल 6-8, भाष्यकार, श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल पारडी, वलसाड, 2011

यजुर्वेद का सुबोध भाष्य, तृतीय-भाग, मण्डल 6-8, भाष्यकार, श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल पारडी, वलसाड, 1985

द्विवेदी, हज़ारी प्रसाद, *नाथ संप्रदाय*, हिदुस्तान एकेडमी, लखनऊ, 1950

द्विवेदी, हज़ारी प्रसाद, *नाथ सिद्धों की रचनाएं*, किताब घर प्रकाशन, नई दिल्ली, 2014

नाथ संप्रदाय परम्परा युवा कल्याणार्थ नाथ पन्था, अरुण प्रकाश त्रिपाठी, वाणी प्रकाशन,2021
चौहान, प्रकाशनाथ, *नाथ इतिहास,* श्री सरस्वती प्रकाशन, अजमेर
ब्रह्मवैवर्तपुराण, गीताप्रेस, गोरखपुर
पद्मपुराण, गीताप्रेस, गोरखपुर
शक्तिसंगमतन्त्र, छिन्मस्ता खण्ड, प्रभाकर मालवीय व पं. चितरन्जन मलावीय, कृष्णदास प्राच्य विद्या सीरीज- 34
अलंकार, सुभाष, *गोरक्षपद्धति*, प्रतिभा प्रकाशन, नई दिल्ली, 2011
गोरक्षसिद्धान्त संग्रह, संपादक रामलाल श्रीवास्तव, श्री गोरखनाथ मन्दिर 2019
सिद्ध-सिद्धान्त पद्धति, गोरखनाथ, संपादक रामलाल श्रीवास्तव, श्री गोरखनाथ मन्दिर 2019
त्रिपाठी, रामजी, *नाथ-पन्थ का दर्शन*, आदित्य प्रकाशन, दिल्ली, 2022
बनर्जी, अक्षय कुमार, *गोरख-दर्शन*, महन्त दिग्विजयनाथ व्यास, गोरखनाथ मन्दिर, गोरखपुर, 2015
सिद्धसिद्धान्त पद्धति, शक्ति संगम तन्त्र, बडौदा सीरीज (91)
गोरक्षसिद्धान्त-संग्रह, संपादक - श्रीवास्तव, रामलाल, गोरखनाथ मन्दिर, गोरखपुर, सं. 2036

सन्दर्भ

1. *यजुर्वेद*, 7/14, 'सा प्रथमा संस्कृतिः विश्ववारा,' श्री राम शर्मा आचार्य, पृ.5
2. *ऋग्वेद*, 1/89/1
3. *सिद्धसिद्धान्त पद्धति, शक्ति संगम तन्त्र,* बडौदा सीरीज (91) के ताराखण्ड में आदिनाथ और काशी के संवाद से ग्रंथ प्रारम्भ होता है। ये आदिनाथ स्वयं शिव हैं।
4. कापालिकों के बारह आचार्य हैं—आदिनाथ, अनादिकाल, अतिकाल, कराल, विकराल, महाकाल, कालभैरवनाथ, वटुकनाथ, वीरनाथ और श्रीकण्ठ । उनके 12 शिष्यों के नाम इस प्रकार हैं- नागार्जुन, जड़भरत, हरिश्चन्द्र, सत्यनाथ, भीमनाथ, गोरक्षनाथ, चर्पटनाथ, अवयनाथ, वैरागीनाथ, कन्थाधारीनाथ, जालंधरनाथ और मलयार्जुननाथ । इस सूची में से अनेक नाम नाथ योगियों के हैं।
5. *गोरक्षपद्धति*, मुक्तिसोपान अध्याय, उत्तरशतक, श्लोक 100
6. *पद्मपुराण* के पातालखण्ड, 75-45,46 गीताप्रेस, गोरखपुर
7. *शक्तिसंगमतन्त्र*, अष्टम पटल, प्राच्य विद्या सीरीज- 34
8. *शक्तिसंगमतन्त्र*, अष्टम पटल, प्राच्य विद्या सीरीज- 34
9. वही
10. *ब्रह्मवैवर्तपुराण*, गीताप्रेस, गोरखपुर
11. *गोरक्षसिद्धान्त* संग्रह उद्धृत, पृ. 56
12. हजारीप्रसाद द्विवेदी कृत *नाथसंप्रदाय* पुस्तक, पृ.62 देवी भागवत वचन

(सहायक आचार्य)
संस्कृत एवं प्राकृत भाषा विभाग,
आवास : महारानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास,
दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर
मो. 7906607153
Email-ranjan.sans@ddugu.ac.in

वैष्णव पाञ्चरात्र आगम : परिचय

डॉ. बिंदिया त्रिवेदी

पाञ्चरात्र वैष्णव आगमों की प्रसिद्ध परम्पराओं में से एक है। वैष्णव आगम तीन भागों में विभक्त है— वैखानस, पाञ्चरात्र तथा भागवत[1] पाञ्चरात्र का सम्बन्ध ऋग्वेद के पुरुष सूक्त से है।[2] *विष्णु पुराण*[3] के अनुसार छह गुणों से युक्त विष्णु को भागवत नाम से जाना जाता है। ये छह गुण हैं – ज्ञान, शक्ति, बल, ऐश्वर्य, वीर्य, तेज तथा जो विष्णु को पूजने वाले हैं वह भागवत कहलाते हैं। वैष्णव धर्म का मुख्य सिद्धान्त भक्ति है। पाञ्चरात्र साहित्य में भक्ति सिद्धान्त भलीभांति प्रतिपादित है। पाञ्चरात्र मत के अनुसार वासुदेव सर्वोच्च सत्ता है। *शतपथ ब्राह्मण*[4] के अनुसार पुरुष नारायण ने कामना की कि मैं इस पुरुषमेध यज्ञ के द्वारा समस्त जीवों में व्याप्त हो जाऊँ। नारायण शब्द वैष्णव धर्म के आरम्भिक चरण में इस परम्परा के अधिष्ठातृ देवता के रूप में महत्त्वपूर्ण है। विष्णु नारायण का तथा नारायण वासुदेव का तादात्म्य बाद में हुआ।

पाञ्चरात्र मत को आगम कहा गया है। भारतीय शास्त्र दो प्रधान विभागों में विभक्त है—आगम तथा निगम। वेद तथा वेदमूलक ज्ञान एवं क्रियाप्रधान शास्त्र निगम कहलाते हैं तथा आगम से अर्थ सभी शास्त्र है। आगम शब्द आ उपसर्गपूर्वक गम् धातु से बना है। √गम् का अर्थ 'जाना' होता है। *शब्दकल्पद्रुम*[5] के अनुसार यह शास्त्र शिवपार्वती संवाद के रूप में है। इस श्लोक में वासुदेवस्य मत आया है जिससे आगम के साथ वैष्णव सम्प्रदाय का सम्बन्ध पता चलता है। आगम को तन्त्र भी कहा जाता है। तन्त्र शब्द √तन से बना है जिसका अर्थ है फैलना। इसमें त्र प्रत्यय है। तन्त्र शब्द शास्त्र के अर्थ में भी आता है[6] संहिता, आगम, तन्त्र क्रमशः वैष्णव, शैव तथा शाक्त के लिए प्रयुक्त होता है। आगम साधक को ज्ञान प्रदान करता है तथा तन्त्र उन्हें बंधन से मुक्त करता है।[7] वाचस्पति मिश्र ने अपने *योगभाष्य* में तन्त्र की व्याख्या करते हुए कहा— **"आगच्छन्ति बुद्धिमारोहन्ति अभ्युदयानिः श्रेयसोपाया यस्मात् स आगमः।"** *नारदीय संहिता* में नारद ने पाञ्चरात्र को महातन्त्र कहा है।[8] आगम हिन्दू धर्म में विशिष्ट शास्त्रों की तरह एक शास्त्र है जिसकी विभिन्न परम्पराएँ एवं कर्मकाण्ड के विधान है।

पाञ्चरात्र शब्द विद्वानों में एक चर्चा का विषय है। आचार्यों में इस शब्द के अर्थ को लेकर अनेक विचार हैं। पाश्चात्य दार्शनिकों के अनुसार पाञ्चरात्र शब्द का कोई निश्चित अर्थ नहीं है। इसका एक कारण है कि पाञ्चरात्र साहित्य में इस शब्द की अनेकों व्याख्याएँ दी गई है। *महाभारत*[9] के शान्तिपर्व के अनुसार चारों वेद तथा सांख्य योग ही पाञ्चरात्र है। भगवान नारायण ने इस महोपनिषद को स्वयं गाया था। पाञ्चरात्र शब्द में दो पद हैं पाञ्च एवं रात्र। 'पाञ्च' मूलतः पञ्च पद से बना है तथा यहाँ इसका अर्थ संख्यावाची है। शतपथ ब्राह्मण में प्रयुक्त पञ्चरात्र के पञ्च का मूल अर्थ सर्व या सम्पूर्ण मानने पर समग्र के रात्र की बात पर स्पष्टता आती है।[10] रात्र का अर्थ रात्रि है। पाञ्चरात्र की अनेक संहिताओं में पाँच रात्रियों तक चलने वाले सत्र का संकेत प्राप्त होता है।[11]

नारद पाञ्चरात्र[12] के अनुसार पाञ्चरात्र का नाम पाञ्चरात्र इसलिए है क्योंकि यह पाँच विषय को बताने वाला है। रात्र शब्द का अर्थ है ज्ञान एवं पाञ्चरात्र ज्ञान, मुक्ति, भुक्ति, योग तथा विषय को बताने वाला है अतः पाञ्चरात्र है।

ईश्वर संहिता के अनुसार स्वयं भगवान द्वारा इस धर्म का उपदेश पाँच ऋषियों को दिया गया था। ये पाँच ऋषि हैं शाण्डिल्य, औपगायन, मौंजायन, कौशिक तथा भारद्वाज। इसका उपदेश सतत पाँच रात्रियों में किया गया तथा यह पाञ्चरात्र के नाम से प्रसिद्ध हुआ।[13] *प्रश्न संहिता* के अनुसार पाञ्चरात्र अज्ञानता को दूर करता है।[14] *अग्निपुराण* तथा *परमसंहिता* के अनुसार[15] पञ्चमहाभूतों के रूप में पाञ्चरात्र की व्याख्या की गई है। अहिरबुधन्य संहिता[16] जो पाञ्चरात्र का प्रथम ग्रन्थ माना जाता है, के अनुसार पर, व्यूह, विभव एवं अर्चा अन्तर्यामी को ही पाञ्चरात्र नाम से जाना जाता है। इस अर्थ को कई विद्वानों ने मान्यता दी है।

इन सब संहिताओं के द्वारा विभिन्न व्याख्याओं को देने के कारण पाञ्चरात्र शब्द के सही अर्थ के बारे में अनेक मतभेद हैं। परन्तु परम्परा के अनुसार वासुदेव का जो सिद्धान्त है वही पाञ्चरात्र आगम है।

पाञ्चरात्र परम्परा में इसका स्रोत वैदिक एकायन शाखा है।[17] महाभारत[18] के नारायणीय अंश में पाञ्चरात्र की उत्पत्ति के विषय में कहा गया है कि नारदमुनि हिमालय में नर तथा नारायण से मिलने गये, तब नारायण के कहने पर नारद मुनि श्वेतद्वीप गये। वह श्वेतद्वीप अत्यन्त दुर्गम था। वहाँ रहने वाले लोग इन्द्रियातीत थे। वह सब भूख, प्यास तथा निद्रा से परे थे तथा सभी पाप एवं पुण्यों से भी परे थे। इनको एकान्तिन कहा जाता है तथा भक्त भी कहते हैं। नारद मुनि स्वयं एकान्तिन थे अतः वह उनका दर्शन कर पाए। वहाँ नारद ने पाञ्चरात्र का ज्ञान प्राप्त किया।[19] अतः सर्वप्रथम नारायण ने अपने श्रीमुख से नारद को पाञ्चरात्र का उपदेश दिया तथा नारदमुनि से पृथ्वी पर पाञ्चरात्र का प्रचार-प्रसार हुआ। *ईश्वर संहिता*[20] के अनुसार नारद ने इसका उपदेश सात ऋषियों को दिया। यह सात ऋषि थे, सनत्, सनत्सुजात, सनक, सनन्दन, सनत्कुमार, कपिल तथा सनातन।

पाञ्चरात्र संहिताएँ

पाञ्चरात्र आगम संहिताओं की कोई एक निश्चित संख्या नहीं है। चूंकि विद्वानों ने इसकी संख्या निश्चित करने का प्रयास किया है। श्रौडर ने सबसे पहले इनकी संख्या 215 बताई है। विष्णु तन्त्र इनकी संख्या 154 बताते हैं। पाद्म तथा विश्वामित्र संहिता इसकी संख्या 108 बताते हैं। पुरुषोत्तम संहिता के अनुसार 106 पुराणों की तरह पाञ्चरात्र की संख्या पहले 18 फिर 108, पुनः 1008 तथा अन्त में सार्धकोटि कही गयी है।[21] परन्तु विडम्बना है कि प्रकाशित संहिताएँ देवनागरी में 26 है तथा तेलुगु में 4 है। हालांकि पैनोरामा ऑफ पाञ्चरात्र लिटरेचर जो कि चैन्नई से प्रकाशित है उसमें 300 संहिताओं के नाम एकत्र किये गये हैं। पाञ्चरात्र संहिताओं में सात्वत, पौष्कर एवं जयारख्य संहिताओं को रत्नत्रय के नाम से जाना जाता है। इनमें से प्रत्येक संहिता का एक विशिष्ट स्थान से सम्बन्ध है। यदुशैल जिसे आजकल मेलकोटे या मैसूर कहा जाता है उसका सम्बन्ध सात्वत विधि से है, श्रीरंगम के पौष्कर विधि से और कांचीपुरम में जयाख्य विधि से हरि की उपासना की जाती है। त्रिरत्न संहिताओं के अतिरिक्त अन्य संहिताएँ हैं—अगस्त्य, भारद्वाज, विश्वामित्र, नारदीय, परम, शाण्डिल्य, अनिरुद्ध, अहिर्बुहन्य, श्रीप्रश्न, भार्गव, हयशीर्ष, विष्णु इत्यादि। पाञ्चरात्र

संहिताओं की निश्चित तिथि ज्ञात नहीं है। केवल प्रारंभिक एवं पश्चात् संहिताओं में इस प्रकार इनके बारे में कहा जाता है। अतः कोई निश्चित तिथि इन संहिताओं के विषय में प्राप्त नहीं है। पाञ्चरात्र साहित्य तीन प्रकार का है—दिव्य, मुनिप्रोक्त एवं पौरुष।

दिव्य

इसमें *सात्वत, पौष्कर* एवं *जयाख्य* संहिताएँ आती हैं। ये तीन संहिताएँ रत्नत्रय के नाम से जानी जाती हैं। ये दिव्य संहिताएँ, माना जाता है, कि ये स्वयं वासुदेव से प्राप्त हुयी तथा जिन्होंने इसे वासुदेव से प्राप्त किया तथा संसार में इसका प्रसार किया। यह अनुष्टुप छन्द में है तथा यह पाञ्चरात्र सिद्धान्तों को संक्षेप तथा विस्तार दोनों प्रकार से वर्णन करती है।[22] ये दिव्य संहिताएँ वेदों से सम्बन्धित हैं तथा मोक्ष प्राप्ति के लिए इनकी रचना की गई। यह भगवान के चार मुख्य रूपों को बताती हैं—व्यूह, विभव, अर्न्तयामी एवं अर्चा।[23]

मुनिप्रोक्त

मुनिप्रोक्त शास्त्र चार विभागों में है—सात्त्विक, राजस, तामस तथा पौरुष।[24] सात्त्विक शास्त्र ऋषियों तथा देवताओं के द्वारा प्रष्ठित है वासुदेव ने स्वयं इनका उपदेश इन ऋषियों को दिया था। सात्त्विकशास्त्र के अपनी बुद्धि के द्वारा अर्थ को जानकर, सर्वेश्वर से लेकर पुनः ब्रह्मादि से एवं ऋषियों से सुनकर स्वविकल्प से उनके द्वारा ही प्रणीत शास्त्र को राजशास्त्र कहा गया है। राजस शास्त्रों में दार्शनिक विचार हैं तथा मूर्तिपूजा से सम्बन्धित विधियों को बताते हैं। तामस शास्त्र ऋषियों द्वारा दिव्य एवं राजस मुनिप्रोक्त शास्त्रों को पढने के बाद तैयार किए गये। ये शास्त्र उन्होंने अपनी समझ से लिखे अतः यह उनके स्वयं के कार्य माने जा सकते हैं।[25]

पौरुषशास्त्र

पाञ्चरात्र साहित्य का अन्तिम पौरुषशास्त्र है। इसे मानुष भी कहते हैं क्योंकि इनका प्रणयन मनुष्यों द्वारा किया गया है। पौरुषशास्त्र को तीनों में निम्न कोटि का माना जाता है तथा विधान है कि दिव्य एवं मुनिप्रोक्त शास्त्र उपलब्ध है तो पौरुषशास्त्र को अनुसरण न किया जाए। दिव्य शास्त्रों में सात्वत, पौष्कर, जयाख्य, अनिरुद्ध, वराह इत्यादि शास्त्र मुख्य हैं। मुनिप्रोक्त शास्त्र है, ईश्वर, भारद्वाज, पारमेश्वर, पाराशर, सत्य, मायावैभव, पञ्चप्रश्न तत्त्व, सागर, भारद्वाज, पौरुष शास्त्र में *जाबाल संहिता, बौधायन* है। *इन्द्रसंहिता, पैंगलसंहिता* इत्यादि हैं।[26] पाञ्चरात्र साहित्य के लिए मुख्य रूप से संहिता शब्द प्राप्त होता है। ये संहिताभिधान वेद के संहिता भाग को ही अनुकृति की तरह प्रतीत होते हैं। संहिताओं की भाषा प्रायः पद्य में है। पाञ्चरात्र आगम साहित्य में मुख्य विषयों को डॉ. श्रौडर ने दस विषयों में विभक्त किया है, ये विषय हैं – 1. दर्शन, 2. मन्त्रशास्त्र, 3. यन्त्रशास्त्र, 4. मायायोग, 5. योग, 6. आलय निर्माण, 7. प्रतिष्ठा-विधि, 8. आह्निक, 9. वर्णाश्रम-व्यवस्था तथा 10. उत्सवविधि वर्णन।[27] *पाद्म संहिता* चार पादों में विभक्त है।[28] पाञ्चरात्रागम का विषय प्रतिपादन क्रम वैज्ञानिक है।[29] अनेक संहिताओं में प्रश्नोत्तर प्रणाली के द्वारा इष विषय का क्रमिक विकास के आधार पर प्रतिपादन किया गया है। पाञ्चरात्र आगम की रत्नत्रय संहिताओं में सात्वत, पौष्कर एवं जयाख्य संहिताओं की महत्ता अतुलित है। इसमें पाञ्चरात्र सिद्धान्त के व्यूह एवं विभवों की चर्चा है इसके अतिरिक्त विशेष व्रत विधान भी है। सात्वत संहिता सर्वप्राचीन संहिता है। इसी संहिता में त्रिविध ब्रह्म का प्रतिपादन है।[30]

पौष्कर संहिता पाञ्चरात्र आगम की एक विशिष्ट कृति है तथा त्रिरत्नों में से दूसरी है। श्रीरंगम एवं कांजीवरम् के मन्दिरों में अर्चक पौष्कर संहिता में वर्णित विधि के अनुसार अर्चना करते हैं।[31]

त्रिरत्न की तृतीय संहिता जयाख्य है जिसका प्रकाशन बडौदा से हुआ है। त्रिरत्नों में जयाख्य श्रेष्ठ मानी गई है। इस संहिता में मांसाहार विधान पर चर्चा है जिसमें कुछ विशेष समय में मांसाहार वर्जित था।[32] इस संहिता में तान्त्रिक अभिचारक क्रियाओं का यहाँ वर्णन है।[33]

पाञ्चरात्र संहिताओं में पाञ्चरात्र के सिद्धान्तों का विवेचन प्राप्त होता है। पाञ्चरात्र सिद्धान्तों में भक्ति, व्यूहवाद, परब्रह्म, तथा पञ्चकला का वर्णन प्रचुरता से प्राप्त होता है। पाञ्चरात्र दर्शन में भक्ति का सिद्धान्त एक अभिन्न अंग है। वैष्णव आचार्य परब्रह्म की प्राप्ति में भक्ति को एक मुख्य अंग मानते हैं। आचार्य रामानुज के अनुसार मोक्ष प्राप्ति के पाँच तरीके हैं—कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग, प्रपत्ति योग तथा आचार्याभिमान योग[34], *परम संहिता* के अनुसार श्रीहरि का ध्यान करना मोक्ष प्राप्ति में आवश्यक है।[35] पाञ्चरात्र मत को मानने वाले के लिए भागवत शब्द का प्रयोग हुआ है। *परम संहिता* के अनुसार जो भगवान की पूजा करता है वह भागवत कहलाता है।[36] *विष्णु संहिता* के अनुसार भागवत शब्द की परिभाषा करते हुए कहा कि जो सत्य का ज्ञाता है वह भागवत है तथा वही सर्वश्रेष्ठ है।[37] *परम पुरुष संहिता* में अर्चक की योग्यता, कर्तव्य एवं अधिकार की चर्चा है।[38] *पाञ्चरात्र संहिताओं* में दीक्षा का भी विधान है। दीक्षा प्राप्त व्यक्ति दीक्षित कहलाता था।[39] *पौष्कर संहिता* में वर्णन है कि ईश्वर का भजन करने वाला भगवान के श्रीचरणों को प्राप्त करता है। पद्मपुराण[40] में नवधा भक्ति का वर्णन है। पाञ्चरात्र साहित्य में नवधा भक्ति का पूर्णरूपेण वर्णन है। विष्णु या वासुदेव का चिन्तन कीर्तन, स्मरण इत्यादि नवधा भक्ति के रूप हैं। पौष्कर संहिता के अनुसार नारायण की अर्चना करने वाले नारायण को प्राप्त करते हैं।[41] अतः भक्ति का सिद्धान्त पाञ्चरात्र मंत्र में भलीभांति प्रतिपादित है। पाञ्चरात्र मत में व्यूह की अवधारणा विस्तृत रूप में दी गई है। यह पाञ्चरात्र का महत्त्वपूर्ण एवं मौलिक सिद्धान्त है। व्यूह शब्द वि उपसर्ग पूर्वक ऊह धातु से निष्पन्न है जिसमें घञ् प्रत्यय है। ऊह का अर्थ है विस्तार[42] व्यूहवाद जो कि चतुर्व्यूहवाद के नाम से प्रसिद्ध है। यह विकासक्रम है। सबसे पहले महाभारत के शांतिपर्व में वासुदेव को परमात्मा कहा है तथा उन्हीं से तीन व्यूहों की स्थिति बतायी है।[43]

ये है पर, व्यूह, विभव।[44] कालान्तर में अर्चा एवं अन्तर्यामी भी जुड़ गये। ब्रह्म को षड्गुण से सम्पन्न माना गया है।[45] पाञ्चरात्र की परम्परा अनुसार परम ब्रह्म वासुदेव षड्गुणों से युक्त है तथा ये सभी गुण वासुदेव में निहित माने गये हैं। परब्रह्म व्यूहभेद से चतुर्धा विभक्त हो जाते हैं जिन्हें वासुदेव, संकषर्ण, प्रद्युम्न एवं अनिरुद्ध चार नामों से जाना जाता है[46]—वासुदेव षड्गुण युक्त हैं। संकर्षण ज्ञान एवं बल, प्रद्युम्न ऐश्वर्य एवं वीर्य, अनिरुद्ध शक्ति एवं तेज का प्रतिनिधित्व करते हैं।[47] संकर्षण प्रलयकर्ता, प्रद्युम्न सृष्टिकर्ता है और अनिरुद्ध के कार्यों में भेद आ जाता है, तब अनिरुद्ध प्रलयकर्ता होते हैं।[48] इन चारों व्यूहों को दिव्य माना जाता है और उनकी शक्तियाँ क्रमशः लक्ष्मी, कीर्ति, जया तथा माया है।[49] *ईश्वर संहिता*[50] में वासुदेव के स्वरूप वर्णन करते हुए कहा गया कि वासुदेव का सगुण रूप विश्वकल्याण के लिए होता है। उनका स्वरूप पूर्ण चन्द्र के समान है। *बृहद संहिता*[51] के अनुसार चतुर्भुज रूप में वासुदेव अति विख्यात हैं। वासुदेव का स्वरूप पीतवस्त्र, उदार, अंग, शुद्ध स्फटिक वाले चजुर्भुज वासुदेव के स्वरूप को हृदय में रखना चाहिए।[52]

हयशीर्ष संहिता के अनुसार वासुदेव की मूर्ति शास्त्र सम्मत लक्षणों से युक्त होनी चाहिए जिसमें वासुदेव के स्वरूप का परम्परागत प्रतीकत्व की अभिव्यक्ति हो।[53] चतुर्व्यूह में दूसरा व्यूह संकर्षण है जो जीव का प्रतिनिधि है। संकर्षण को 'बल' से भी जाना जाता है। संकर्षण वाम हस्त में शंख धारण करते हैं। संकर्षण का वर्णन भी चतुर्भुज रूप में है।[54] *ईश्वर संहिता*[55] के अनुसार तेज शक्ति आत्मा वाले परमेश्वर रूपरहित होते हुए भी व्यूहात्मक गुणों तथा लक्षणों में परिवर्तित होते हैं। *पाद्म संहिता*[56] के अनुसार संकर्षण के स्वरूप मूर्ति में चार भुजाओं में शंख, चक्र, गदा एवं पद्म को धारण किया होना चाहिए। तृतीय व्यूह प्रद्युम्न है। षड्गुणों में से जब ऐश्वर्य एवं वीर्य नामक गुणों का उद्रेक होता है तो उस स्थिति में उत्पन्न व्यूह प्रद्युम्न है। प्रद्युम्न का कार्य पाञ्चरात्र सिद्धान्त के अनुसार क्रिया की शिक्षा तथा उपदेश देना है। प्रद्युम्न के स्वरूप वर्णन में कहा गया कि एक मुख तथा चार भुजाओं में से दो मुख्य भुजाओं में शस्त्र धारण करते हैं। दूसरे दो हाथों में शारङ्ग, धनुष एवं दक्षिण हाथ में वाण धारण करते हैं[57], इनका वर्ण कृष्णपीत है। प्रद्युम्न पश्चिम दिशा में सुशोभित होते हैं।

प्रद्युम्न से अनिरुद्ध की निष्पत्ति व्यूहवाद का अन्तिम रूप है। जगत सृष्टि के पश्चात् अनिरुद्ध का कार्य मोक्ष के रहस्य को बताना है।[58] जगत की रक्षा का कार्य अनिरुद्ध का है। *जयाख्य संहिता*[59] में अनिरुद्ध के सकल विग्रह का मंत्रों से पूजा का उल्लेख है। चतुर्व्यूहात्मक अनिरुद्ध के शरीर में सभी देवता निवास करते हैं।[60] ज्ञान, वैराग्य, कैवल्य आदि भेद से अनिरुद्ध की ही उपासना स्व आयुध एवं विधा से अलग-अलग रूप से करते हैं।[61] अनिरुद्ध का वर्ण नीला है तथा शंख, चक्र आदि से युक्त चतुर्भुज रूप में उत्तर की ओर स्थित है। *सात्वत संहिता*[62] में विशाख यूप की चर्चा व्यूह की चर्चा के अन्तर्गत की गई है। *लक्ष्मी तन्त्र*[63] में इसे ब्रह्म यूप कहा गया है, इसे यह एक दिव्य स्तम्भ है तथा स्वर्ग में स्थित है। यहाँ पर वासुदेव के द्वारा यागियों की साधना के लिए इस विशाखयूप का रूप धरा गया है।[64] अतः यह यूप चारों व्यूह को एक साथ बताता है। व्यूह के पश्चात् विभव का पाञ्चरात्र मंत्र में महत्त्वपूर्ण स्थान है। विभव का अर्थ है अपने से इतर[65] अर्थात् सभी स्थावर जंगम के सजातीय रूप में आविर्भाव को विभव कहते हैं, विभव के दो प्रकार हैं – मुख्य एवं गौण। शुद्ध सृष्टि की प्रक्रिया में विभव या अवतार की गणना है। विभिन्न संहिताओं[66] में विभावों के भिन्न-भिन्न नाम हैं। *पाद्म संहिता*[67] के अनुसार वासुदेव के मत्स्य, कूर्म एवं वराह विभव हुए। द्वितीय व्यूह संकर्षण से नृसिंह, वामन, श्रीराम एवं परशुराम विभव आर्विभूत हुए, प्रद्युम्न से बलराम तथा अनिरुद्ध से श्रीकृष्ण एवं कलिक विभव की उत्पत्ति हुयी। विभिन्न संहिताओं के आधार पर 39 विभव देवताओं का परिचय प्राप्त होता है। व्यूह एवं विभव विश्वकल्याण के लिए है तथा इनमें दिव्यता होती है अतः इनकी अर्चा आवश्यक है। विष्णुसहस्रनाम[68] में पर, व्यूह एवं विभव का उल्लेख है।

पञ्चकाल

पाञ्चरात्र संहिताओं में पञ्चकाल के विषय में विस्तार से बताया गया है। कर्म के भेद से एक ही काल की पञ्च परिकल्पना पञ्चकाल है। वैष्णव दर्शन में प्रपत्ति अथवा शरणागति का सिद्धान्त है। प्रपत्ति का यह सिद्धान्त भक्त की मानसिक भावना है परन्तु यह भावना पञ्चकाल के रूप में कायिक रूप धारण करती है। अर्थात् भक्त समय की पाँच भागों में विभक्त करके शारीरिक क्रिया से अपने भाव के अनुसार व्यवहार करता है तथा मन को ईश्वर में आसक्त रखता है।[69] ये पाँच काल हैं – अभिगमन, उपादानकाल, इज्याकाल, स्वाध्यायकाल एवं योगकाल।[70]

अभिगमनकाल

ब्रह्ममुहुर्त से लेकर दिन के प्रथम प्रहर तक अभिगमन का काल है।[71] जिन क्रियाओं के द्वारा भक्त ईश्वर का स्मरण करता है वह अभिगमन है।[72]

उपादानकाल

दिन का द्वितीय प्रहर उपादान काल है। उपादान का अर्थ है संग्रह करना[73] जिस काल में भक्त खरीदे गये पुष्प, फल आदि का संग्रह करता है वह उपादान काल है।[74]

इज्याकाल

भगवान की विधिवत अर्चना जिस काल में की जाती है वह इज्या काल है। तृतीय प्रहर इसमें आता है। इज्या शब्द यज् धातु से बना है जिस क्रिया में देवता की पूजा एवं दान दिया जाए वह इज्या है।[75]

स्वाध्यायकाल

दिन के चतुर्थ प्रहर में अध्ययन अध्यापन एवं विष्णु सम्बन्धी जप किया जाता है। श्रीप्रश्न संहिता में स्वाध्याय काल की विस्तृत विवेचना है।[76]

योगकाल

पञ्च काल का अन्तिम है योगकाल। इसमें रात्रि का दूसरा, तीसरा एवं चौथा प्रहर आता है जिस समय भक्त योग का अभ्यास करता है वही योग काल है।[77] मध्य रात्रि में उठकर वैष्णव प्रसन्न चित् पाद शुद्धि तथा विधिवत आचमन करके योगाभ्यास करें।[78] इस प्रकार पञ्चकाल का जीवन पर्यन्त अनुष्ठान करने वाला भक्त ईश्वर को प्राप्त करता है।

उपसंहार

वैष्णव पाञ्चरात्र आगम परम्परा से सम्बन्धित है जो वासुदेव अथवा नारायण द्वारा प्रोक्त है अतः दिव्य है। सर्वोच्च सत्ता विष्णु में निहित होने के कारण आगम शास्त्र को वैष्णव कहा गया।[79] पाञ्चरात्र आगम में परम ब्रह्म नारायण हैं जिनसे संकर्षण, प्रद्युम्न एवं अनिरुद्ध की उत्पत्ति हुयी। पाञ्चरात्र परम्परा में व्रत एवं उत्सव, पूजा विधान एवं कर्मानुष्ठान के आवश्यक अंग हैं। पाञ्चरात्र में वर्णित चतुर्व्यूह समाज में बहुत प्रसिद्ध थे। कई प्रमाणों के अनुसार इन सभी की अर्चना मन्दिरों में की जाती थी। पाञ्चरात्र साहित्य अत्यन्त विपुल है यह मत वैष्णव तन्त्र से सम्बन्धित होने से दक्षिण के अनेक मन्दिरों में तान्त्रिक पद्धति से आज भी पूजा की जाती है। पाञ्चरात्रागम के अनेक सन्दर्भ ऐसे हैं जो तान्त्रिक प्रभाव व्यक्त करते हैं इसी के अनुरूप इस परम्परा के इतिहास को सूचित करने वाले पुरावशेष भी प्राप्त होते हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण तथा स्वयं को परम भागवत कहने वाले गुप्त सम्राटों ने वैष्णव धर्म को लोकप्रिय बनाया।

संदर्भ

1. *आगम एवं तन्त्रशास्त्र* – ब्रजवल्लभ द्विवेदी, पृ. 36, 37
2. *ऋग्वेद*–10.90

3. *विष्णुपुराण* – ज्ञानंशक्तिर्बलैश्वर्यं वीर्यं तेजांस्यशेषतः।
भगवच्छब्दवाच्यानि विना हेयैर्गुणादिभिः।। *विष्णुपुराण* 6.5.79
4. पुरुषो ह नारायणो कामयत! अतितिष्ठेयं सर्वाणि भूतानि। अहमेवेदं सर्वस्यमिति। स एवं पुरुषमेधं पाञ्चरात्रं यत्रश्रतुमपश्यत्...। *शतपथ ब्राह्मण* 13.6.1
5. आगतं पञ्चवक्त्रतात्तु गतं च गिरिजानने।
मतं चं वासुदेवस्य तस्मादागममुच्यते।। *शब्दकल्पद्रुम*, पृ. 165
6. Tantra - A religious realise generally in the form of a dialogue between Shiva and Durga, teaching Peliar and mystical formulae for the worship of the eities or the attainment of superwoman power - Manierwilliams Dictionary, p. 795.
7. आज्ञावस्तु समन्ताद्य गम्यत इत्यगमो मतः।
तनुते त्रायते नित्यं तन्त्रमित्थं विदुर्बुधाः।। *Tantra: Studies in their Religion and Literature*, p. 2
8. वैखानसं च शैवं च तन्त्रं पाशुपतं तथा।
पाञ्चरात्रं महातन्त्रं तन्त्राण्येतानि सुव्रत।। *नारद संहिता*–25.337
9. इदं महोपनिषदं चतुर्वेद समन्वितम्।
सांख्ययोगकृतं तेन पाञ्चरात्रानुशब्दितम्।
नारायणमुखोद्गीतं नारदोऽस्तावयत् पुनः।। *महाभारत शान्तिपर्व*, 339.100
10. *वैष्णव पाञ्चरात्र आगम* – कतिपय पक्ष – रामप्यारे मिश्र, पृ. 70
11. *पादम् संहिता, पौष्कर संहिता, मार्कण्डेय संहिता* इत्यादि
12. रात्रं च ज्ञानवचनं ज्ञानं पंचविध स्मृतम्। *नारद पाञ्चरात्र*, अध्याय 331
13. पाञ्चरात्रे पञ्च शाण्डिल्यक्षोपगायनः
मौञ्जायनः पृथकगेकैकादिवारात्र जगत्प्रभुः।
अध्यापयामास यतस्तदेवन्मुनिपुङ्वा।
14. शास्त्रं सर्वजनैर्लोके पञ्चरात्रमितीर्यते।। *ईश्वर संहिता* 21.519.532-33
15. अग्निपुराण xxix.7, *परमसंहिता* I.; 39.41
16. *अर्हिबुधन्य संहिता* xi.64.6
17. सनत् कुमार कपिल तथा सनातन।
18. *आगम कोष भाग-4*, एस.के. रामचन्द्रराव, *महाभारत*
19. इदं महोपनिषदं चतुर्वेदसमन्वितम्
सांख्य योग कृतान्तेन पंचरात्रानुशब्दितम्।
नारायण मुखोद्गीतं नारदोश्रावयत्पुनः।
ब्रह्मणः सदने तात यथादृष्टं यथाश्रुतम्।। *महाभारत शान्तिपर्व* 339.111-112
20. *ईश्वर संहिता* 1.29-30
21. सार्धकोटिप्रमाणं हि पाञ्चरात्रमिद स्मृतम्। *पाराशर संहिता*
22. *ईश्वरसंहिता*– 10, 336-337
23. *पाराशर संहिता*– 346-347
24. *पाराशर संहिता*– 340-343
25. *पाञ्चरात्रागम* – डॉ. राघवप्रसाद चौधरी, पृ. 24

26. *आगमकोश*, भाग 4, पृ. 41
27. इन्ट्रोडक्शन टू पाञ्चरात्र एण्ड अहिर्बुधन्य संहिता, पृ. 26
28. *वैष्णव पाञ्चरात्र आगम* – डॉ. रामप्यारे मिश्र
29. *पाञ्चरात्र आगम* – डॉ. राघवप्रसाद चौधरी, पृ. 30
30. वही, पृ. 35
31. वही, पृ. 36
32. *वैष्णव पाञ्चरात्र आगम* – डॉ. रामप्यारे मिश्र, पृ. 259
33. वही, पृ. 259
34. *कल्याण भक्ति अंक*, पृ. 183
35. अभ्यासाद्य भवन्त्येते न कदाप्यविचिन्तयेत्।
ध्वनिनैव हरेरुपे कुर्यात्परिचयं वदा।।
ततोस्य वर्धते भक्ति सततः स्नेहोस्यजायते।।
अनपायी भवन्त्येव देवदेवस्य पादयो:।। *परमसंहिता* 24-10-11
36. *परमसंहिता* 3.3738
37. *विष्णु संहिता* 2.1-11
38. *परमपुरुष संहिता* 2.1-100
39. *पाञ्चरात्रागम*, डॉ. राधवप्रसाद चौधरी, पृ. 15
40. श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम् ।
41. अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यं आत्मनिवेदनम् ।। *पद्मपुराण* 7/5/23
42. *पौष्कर संहिता* 31.207-10
43. यो वासुदेवो भगवान्दोषज्ञो त्रिगुणात्मकः। ज्ञेयः स एव भगवाञ्जीवः संकर्षणः संकर्षवाच्च प्रद्युम्नो मनोभूत स उच्चयवे।।
प्रद्युम्नाथोनिरुद्धस्तुसोकारो महेश्वरः।।
44. त्रिविधेन प्रकारेण परमं ब्रह्म शाश्वतं।
आराधयन्ति ये तेषां रागस्तिष्ठति दूरतः।। *सात्वत संहिता* 1-24
45. षाड्गुण्यविग्रहं देवं भास्वज्जवलनतेजसम्।
सर्वतः पाणिपादं तत् सर्वतों क्षिशिरोमुखम्।। *सात्वत संहिता* 1.125
46. त्रिविधेन प्रकारेण परमं ब्रह्म शाश्वतं।
आराधयन्ति ये तेषां रागस्तिष्ठति दुःखहा।। *सात्वत संहिता* 1.24
47. सर्वतः पाणिपादं तत् सर्वताक्षिशिरोमुखम्।। *सात्वत संहिता* 11.25
48. सृजते हनिरुद्धोत्र प्रद्युम्नः पाति तत्कृतम्।
सृष्टं तद्दिक्षंत चास्ति स च संकर्षणः प्रभुः।। *लक्ष्मीतन्त्र* 4.19
49. *जयाख्य संहिता* 6.77 49
50. *ईश्वर संहिता* 6.77
51. *बृहदसंहिता* 1.100
52. *विष्णु संहिता* 6.64-65
53. *वैष्णव पाञ्चरात्र आगम* – डॉ. रामप्यारे मिश्र, पृ. 133
54. *लक्ष्मी तन्त्र*, 10.31-33

55. *ईश्वर संहिता* 24.83-97
56. वासुदेवो जगद्योनिः संकर्षणमतः शृणु।
गदाशंखाजचक्राणि धारयन्तं चतुर्भुजम्।। *पाद्म संहिता* 16.137
57. *ईश्वर संहिता* 24.123-124
58. *वैष्णव सम्प्रदायों का साहित्य और सिद्धान्त*, पं. बलदेव उपाध्याय, पृ. 83
59. *पाञ्चरात्रागम* - डॉ. राघवप्रसाद चौधरी, पृ. 40
60. *वैष्णव पाञ्चरात्र आगम*, डॉ. रामप्यारे मिश्र, पृ. 137
61. वही
62. *सात्वत संहिता* अध्याय-4.2.34
63. *लक्ष्मीतन्त्र*, अध्याय-5.22-35
64. *हिस्ट्री एंड डाक्टरीन्स ऑफ पाञ्चरात्र आगम* - पीएच.डी थीसिस, बिन्दिया त्रिवेदी, पृ. 147
65. विभवो नाम तत्तत् सजातीयरूपेणविर्भावः, *आगम कोष*, भाग-4
66. *लक्ष्मी तन्त्र, जयाख्य संहिता, आर्हिबुधन्य संहिता*
67. *पाद्यसंहिता, ज्ञानपद*, 2.26-33
68. परव्यूहविभवात्मना त्रिविधं परं ब्रह्मेति भागवत सिद्धान्तः। *विष्णुसहस्रनाम*, पराशरभट्ट
69. *पाञ्चरात्रागम* - डॉ. राघवप्रसाद चौधरी, 322
70. वही, पृ. 323
71. जयाख्यसंहिता, *नारदीय संहिता* 30.4
72. ब्राह्मोमुहुर्तः सैव यात् तदा निद्रां परित्यजेत।
प्रक्षाल्य पाणिपादं च स्मरेत्त पापहरं हरिम्।। *प्रश्नसंहिता* 17.5-6
73. उपदीयते इति उपादानम्
74. सनतकुमार संहिता 1.6.7.8
75. अर्चितो देवदेवेशः कालज्ञेन तु मन्त्रिणा।
इज्यार्चेति समाख्याता यागकर्मणि यत् कृतम्।। *सनत कुमार संहिता* 1.9
76. *श्रीप्रश्नसंहिता* 171.55-56
77. यदा भागवत श्रेष्ठो योगं योगी च योगवित्। स योग काले विज्ञेयः। *नारदीय संहिता* 30.8
78. *श्रीप्रश्न संहिता* 17.13
79. *आगम एवं तन्त्र शास्त्र*, ब्रज वल्लभ द्विवेदी

सहायक आचार्य
भारती महाविद्यालय, सी-4 जनकपुरी
दिल्ली विश्वविद्यालय
Res : 451 New Sansad Vihar Society
Plot No. 4, Sec-22, Dwarka-110077
M. 9811093715

श्रीनेत्रतन्त्रोक्त अष्टाङ्ग योग विमर्श

नवकान्त

सार

काश्मीर शैवशाक्त आगमिक परम्परा में श्रीनेत्रतन्त्र योग के प्रचलित आठ अङ्गों यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार धारणा, ध्यान और समाधि यथावत् नाम के साथ परन्तु नए स्वरूप को प्रस्तुत करता है। आचार्य क्षेमराज *नेत्रतन्त्र* की उद्योत व्याख्या में इसे लोकप्रचलित स्वरूप से विलक्षण बताते हैं। *श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र* उपलब्ध मुख्य आगम ग्रन्थ 6 अङ्गों—प्राणायाम, धारणा, तर्क, ध्यान, समाधि और प्रत्याहार—की चर्चा करता है। जिसमें तर्क को उत्तम योगाङ्ग कहते हैं। पातञ्जल योग सूत्र वर्णित अष्टाङ्ग योग अविद्या रूपी अशुद्धि का क्षय कर विवेकख्याति की प्राप्ति है और समाधि को लक्षित कर स्वरूपावस्थित होने पर केंद्रित है। श्रीनेत्रतन्त्र में वर्णित प्रत्येक योगाङ्ग की विलक्षणता यह है कि प्रत्येक अङ्ग का सम्बन्ध चेतना के सद्यः प्रकाशन से है और यहअक्रम है। इसमे श्रीमालिनीविजयोत्तर तन्त्रोक्त उत्तम योगाङ्ग तर्क से इन अङ्गो के स्वरूप का सम्बन्ध स्पष्टतया देखा जा सकता है।

मुख्य शब्द– *अष्टाङ्ग योग, श्रीनेत्रतन्त्र, काश्मीर शैवशाक्त आगमिक दर्शन, षडङ्ग योग।*

भूमिका

नेत्रतन्त्र की एक उपागम के रूप में काश्मीर शैवशाक्त आगमिक परम्परा में महत्वपूर्ण स्थान है। स्वयं महामाहेश्वर आचार्य अभिनवगुप्त इसे तंत्रालोक में उद्धृत करते हैं व उनके शिष्य आचार्य क्षेमराज इस पर उद्योत व्याख्या करते हैं। 22 अधिकारों में विभाजित यह तन्त्र ग्रन्थ योग के प्रचलित आठ अंगों को यथावत् नाम के साथ परन्तु नए स्वरूप को प्रस्तुत करता। आचार्य क्षेमराज अपनी नेत्रतन्त्र की उद्योत व्याख्या में इसे आठ अंगों के लोकप्रचलित स्वरूप से विलक्षण बताते हैं। प्रस्तुत शोध पत्र नेत्रतन्त्र में वर्णित अष्टाङ्ग योग की विलक्षणता को काश्मीर शैवशाक्त आगमिक परम्परा के मूल उपलबद्ध आधार आगम श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र में प्रस्तुत योग के 6 अंगों और मुख्यतः प्रचलित महर्षि पतंजलि कृत योग सूत्र में प्रस्तुत योग के 8 अंगों से विलक्षणता को देखने का प्रयास है।

आठ अंग

पतंजलि कृत योग सूत्र में वर्णित प्रचलित आठ अङ्ग यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि, योग के शास्त्रों में भी इन्ही नामों अथवा कुछ कम अङ्ग ही उपलब्ध होते हैं। कुछ उपर्युक्त से भिन्न अन्य नाम भी उपलब्ध होते हैं जो लक्षणया उपर्युक्त में अनुस्यूत किए जा सकते हैं अथवा यह अङ्ग विशेष नए किसी बिन्दु पर केंद्रित होता है। श्रीमालिनीविजयोत्तर तन्त्र में प्राणायाम, धारणा, तर्क, ध्यान, समाधि, प्रत्याहार क्रम से षडङ्ग प्रस्तुत करते हैं। यद्यपि यहाँ षडङ्ग योग नहीं कहा गया है। इसमे तर्क को

योग का सबसे उत्तम अङ्ग कहते हैं।[1] श्रीनेत्रतन्त्र में आठ अंगों के नाम महर्षि पतंजलिकृत योग सूत्र जैसे ही हैं।

श्रीनेत्रतन्त्रोक्त अष्टाङ्ग योग

अष्टाङ्ग योग नेत्रतन्त्र में अष्टम अधिकार में वर्णित है। "पर उपाय"[2] "पर ध्यान"[3] नाम भी यहाँ वर्णित अष्टाङ्ग योग को दिया गया है। आचार्य क्षेमराज प्रस्तुत ग्रन्थ में प्रतिपादित अष्टाङ्ग योग को अन्य शास्त्र में प्रतिपादित अष्टाङ्ग योग से विलक्षण बताते हैं।[4] संसार से नित्य विरक्ति यम है।[5] पर तत्त्व की नित्य भावना नियम है।[6] प्राण अपान पथ के मध्य मध्यम प्राण का आश्रय और ज्ञान शक्ति का आलंबन ले कर स्थित होना आसन है।[7] आसन के संदर्भ में आचार्य क्षेमराज स्पष्ट करते हैं—मध्यम प्राण का आश्रय लेना अर्थात् उदान प्राण का आश्रय लेना है। वहाँ पर प्राण व्याप्ति का निमज्जन और चिद् व्याप्ति का उन्मज्जन होने से स्फुरत्ता रूप उन्मिषित् हो रही संविद्रूप ज्ञान शक्ति में दृढता से धारण कर स्थित होना। इस आसन में स्थित हो योगी निज ज्ञान शक्ति के आसन में आसीन चिन्महेश रूप हो जाता है।[8] प्राण व्याप्ति का निमज्जन अर्थात् प्राण के विभिन्न बहिर्मुख व्यवसायों और इंद्रिय इत्यादि के बहिर्मुख व्यवसायों का शांत हो अंतर्मुख होना। चिद् व्याप्ति का उन्मज्जन अर्थात् चैतन्य की व्यापकता का उन्मेष होना। प्राण आदि स्थूल व्यापारों को त्याग कर सूक्ष्म अंतर व्यापारों में स्थिति, सूक्ष्म को त्यागकर सूक्ष्मातीत परम स्पंदन में स्थिति प्राणायाम है। जिसे प्राप्त कर पुनः वियुक्त नहीं होता है।[9] वियुक्त नहीं होने का अर्थ है चित् प्रमातृता कभी नहीं जाती।[10] शब्द आदि गुणों में वृत्ति को त्यागकर परम धाम में प्रवेश प्रत्याहार है।[11] बुद्धि के सभी गुणों का अतिक्रम कर जो निर्ध्येय है,विभू है का ध्यान यह ध्यान है।[12] धारणा है परमात्मत्व को सतत धारण किए रहना। यह धारणा भव बन्ध विनाशिनी है।[13] आचार्य क्षेमराज स्पष्ट करते हैं परमात्मत्व को धारण करना अर्थात् समावेश के आलंबन से चैतन्य को धारण करना।[14] समाधि 4 प्रकार की है। आचार्य क्षेमराज इन्हे आणव, शाक्त,शाम्भव और अनुपाय से प्राप्त होने वाली बताते हैं।[15] सभी प्राणियों में सम चित्त प्रथम प्रकार की समाधि है। स्व व पर अर्थात् अहंता और इदंता में समान बुद्धि कर शिवोहम् अद्वितीयोहम् शुद्ध विकल्प में स्थिति द्वितीय समाधि है। स्वाभाविक स्वसंवेद्य संविद् स्वरूप का सम्यक रूप से स्वयं स्फुरित होना तृतीय प्रकार है। चेतन और जड़ राशियों में नित्य शाश्वत पद का स्फुरण चतुर्थ प्रकार की समाधि है।[16] इस अष्टाङ्ग योग के द्वारा स्वभाव में स्थित हो मृत्युञ्जित हो जाता है।[17] इस प्रकार नेत्रतन्त्र में वर्णित यह आठों अंगों का लक्ष्य चेतना के सीधे ज्ञान से है। प्रोफेसर बेट्टीना बॉमर जी "दि योग ऑफ नेत्रतन्त्र" में स्पष्ट करती हैं नेत्रतन्त्र के पहले अध्याय में आचार्य क्षेमराज द्वारा इंगित षडङ्ग योग और आठवें अध्याय में वर्णित अष्टाङ्ग योग में अंतर यह है कि पहले अध्याय में आस्तिकता पहलू प्रमुखता में है और योग की पहचान आराधना से की गई है। इस प्रकार यह द्वैतवादी उपासना है। अध्याय 8 में अष्टाङ्ग योग में ये दोनों पहलू अनुपस्थित है। यह परम सर्वात्मक अर्थात् परमाद्वय केंद्रित है।[18]

श्रीमालिनीविजयोत्तर तन्त्रोक्त षडङ्ग योग

मालिनिवियोत्तर तन्त्र में सत्रहवें अधिकार में षडङ्ग योग प्राणायाम, धारणा, तर्क, ध्यान, समाधि और प्रत्याहार क्रम में है। प्राणायाम मन की गतिभंग के लिये अभ्यास है और यह पाँच प्रकार का है। पूरक, कुम्भक, रेचक, अपकर्षक व उत्कर्ष।[19] यहाँ वर्णित प्राणायाम का सम्बन्ध पातञ्जल योग सूत्र से अधिक

निकट है। धारणा यहाँ चार प्रकार की है और इनका स्थान नाभि, हृत्, तालु और कंठ है। इन धारणाओं की विशेषता है सर्वगत रूप में ग्रहण करना और स्थिति होने पर हेय के परित्याग से अनुत्तम पद की स्थिति होती है।[20] तर्क है निश्चय कर उपादेय को ग्रहण करने का यत्न और हेय का त्याग।[21] ध्यान मन की अनामय में निश्चल भाव में स्थिरता है। मुहूर्त पर्यंत भी इसमे स्थिरता समाधि है।[22] प्रत्याहार है किसी वस्तु पर चित्त के स्थिर होने पर उसके अतिरिक्त किसी अन्य का न भासना और उसी में तन्मयता होने के बाद अभाव की स्थिति जिसमे की चित्त किसी अन्य पर गति नहीं करता है।[23]

पातञ्जल योग सूत्र वर्णित अष्टाङ्ग योग

योग सूत्र में वर्णित अष्टाङ्ग योग का लक्ष्य है अविद्या रूपी अशुद्धि का क्षय कर विवेकख्याति की प्राप्ति है।[24] प्रत्येक अङ्ग का यहाँ एक उद्देश्य है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम और प्रत्याहार बहिरङ्ग हैं और धारणा, ध्यान और समाधि अंतरङ्ग हैं।[25] निर्बीज समाधि में यह भी बहिरङ्ग साधन हैं।[26] यहाँ लक्ष्य है साधन द्वारा चित्त की निरुद्ध स्थिति को प्राप्त करना। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह यम हैं।[27] शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान नियम हैं।[28] स्थिर और सुख पूर्वक उपवेशन आसन है। यह प्रयत्न शैथिल्य और अनन्त समापत्ति से सिद्ध होता है।[29] आसन स्थिर होने पर श्वास प्रश्वास का गतिविच्छेद प्राणायाम है।[30] गतिविच्छेद श्वास के आचमन और निःसारण दोनों का अभाव है।[31] अपने विषयों के साथ असंयुक्त होने पर इंद्रियाँ चित्त के स्वरूप का अनुकरण करती है अर्थात् चित्त के निरुद्ध होने पर इंद्रियाँ भी निरुद्ध होती हैं यही प्रत्याहार है।[32] धारणा चित्त का देश में स्थिर होना है।[33] इस देश में ध्येय विषयक प्रत्यय की एकतानता ध्यान है।[34] ध्येयाकार निर्भास स्वरूप शून्य के समान ध्यान समाधि है।[35] समाधि सबीज और निर्बीज है। चित्त की मूढ़, क्षिप्त विक्षिप्त एकाग्र और निरुद्ध 5 भूमिकाएं हैं। यहाँ साधन चित्त की निरुद्ध अवस्था को लक्षित कर है।

उपर्युक्त का विश्लेषण कर हम निम्लिखित बिंदुओं पर पहुंचते हैं—

1. श्रीनेत्रतन्त्रोंक्त अष्टाङ्ग योग यद्यपि सभी नाम यथावत् है तथापि उनका स्वरूप भिन्न है।
2. नेत्रतन्त्रोंक्त अष्टाङ्ग योग में प्रत्येक अङ्ग सीधे लक्ष्य की प्राप्ति हेतु है।
3. श्रीमालिनीविजयोत्तर तन्त्र यद्यपि 6 अंगों को बताता है परन्तु उन्हे षडङ्ग या षडङ्ग योग नहीं कहता है। तर्क से हर स्तर पर हेयोपादेय ज्ञान से योग मार्ग प्रशस्त होता है। शास्त्र में इसे योगाङ्गों में उत्तम अङ्ग कहा है। श्रीनेत्रतन्त्र वर्णित अष्टाङ्ग योग का इसी तर्क के साथ सबंध है।
4. पांतजल योगाङ्ग क्रम से चित्त की निरुद्ध अवस्था को प्राप्त कर स्वरूपस्थ होना को लक्षित है नेत्रतन्त्रोक्त अष्टाङ्ग योग का सम्बन्ध चेतना के सद्यः प्रकाशन से है यह अक्रम है।

पातञ्जल अष्टाङ्ग योग और नेत्रतन्त्र अष्टाङ्ग योग सम्बन्धमेंप्रोफेसर नवजीवन रस्तोगी जी के शब्दों में – "यद्यपि पातञ्जल योग के अवधारणा–प्रत्ययों की शब्दावली को नेत्रतन्त्र बनाए रखता है, फिर भी उनका प्रतिपादन मूलतः भिन्न ज्ञाननिष्ठ धार के साथ हुआ है"।[36] "पातञ्जल योग और नेत्रतन्त्र के योग में मौलिक अंतर उनकी क्रमशः व्यावहारिक और मोक्षपरक अन्तः प्रेरणाओं के कारण है"।[37] "जहाँ तक अष्टाङ्ग योग और पतंजल अष्टाङ्ग योग के पारस्परिक सम्बन्ध का प्रश्न है, पातञ्जल अष्टाङ्ग योग क्रिया प्रधान है और नेत्र

तन्त्र का अष्टअङ्ग योग ज्ञान प्रधान"।[38] बेट्टीना बॉमर जी के शब्दों में "पतंजलि की प्रणाली में अष्टअङ्ग योग चरणों में प्रगतिशील है जबकि शिवाद्वैत में यह प्रत्येक चरण अंतिम लक्ष्य में भागीदार है"।[39]

उपसंहार

श्रीनेत्रतन्त्र में वर्णित अष्टाङ्ग योग की विलक्षणता है कि प्रत्येक अङ्ग का सम्बन्ध चेतना के सीधे प्रकाशन से है।इस अष्टाङ्ग योग में स्थित योग के उत्तम् अङ्ग तर्क की स्पष्ट स्थिति देखी जा सकती है। प्रोफेसर नवजीवन रस्तोगी जी के शब्दों में "सत्तर्क को शुद्ध विद्यात्मक और प्रातिभ कहने का अर्थ यह है कि योग को मन और चित्त की भूमि से हटाकर विशुद्ध प्रज्ञा की भूमि पर प्रतिष्ठित किया जा रहा है। शरीर और मन से ऊपर विशुद्ध प्रज्ञा के धरातल पर योग की प्रतिष्ठा योग की तीसरी धारा या तीसरे स्तर का प्रतिनिधित्व करती है। यह विचारद्वय- प्राणायाम आदि का तिरस्कार और सत्तर्क का अभ्युपगम- त्रिक योग के ऐतिहासिक विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है"।[40] श्री विज्ञान भैरवोक्त निस्तरंग उपदेशों, और श्री नेत्रतन्त्र वर्णित अष्टाङ्ग योग में श्रीमालिनिविजयोत्तर की उक्त योगांग तर्क की स्थिति स्पष्ट दिखती है। यही इसे पातञ्जल योग से विलक्षण स्वरूप देता है। प्रोफेसर नवजीवन रस्तोगी जी के शब्दों में -"इस पातञ्जल प्रक्रिया में अभिनवगुप्त केवल एक ही अंतर करते हैं कि वह यमादि अष्टांगों को स्वपूर्वपूर्वोपायरूप से अन्ततः तर्क में उपयोगी मानते हैं, संवित् के प्रति उनका कोई उपयोग नहीं है। इससे ऐसा मालूम पड़ता है कि समाधि रूप अंतिम अंग भी तर्क का उपकारक या सहायक है और वस्तुतः तर्क अंतिम और सर्वोच्च अंग है। हम यहाँ पर आकर अटकते हैं। जयरथ का कहना है कि यद्यपि तन्त्रयोग के छह अंग हैं परन्तु उसे छोड़कर अभिनव के द्वारा आठ अंगों के उल्लेख के पीछे आशय यह है कि कहीं भी आठ से अधिक अंग नहीं माने गए हैं और ये सारे तर्क के ही उपाय हैं न कि संवित्साक्षात्कार के, वह तो केवल तर्कलभ्य है। इस आधार पर शैव योग, पातञ्जल योग से भिन्न और विशिष्ट है"।[41]

संदर्भ ग्रन्थ

1. *श्रीनेत्रतन्त्रम्*, क्षेमराजकृत उद्योत सहित, संपादक पण्डित मधुसूदन कौल, काश्मीर संस्कृत ग्रंथावली, काश्मीर-श्रीनगर, प्रथमखंड1926।
2. *नेत्रतन्त्रम्*, क्षेमराजकृत उद्योत सहित, संपादक पं. ब्रजबल्लभ द्विवेदी, परिमल पब्लिकेशन, दिल्ली, 2004।
3. *श्रीनेत्रतन्त्रम्* , क्षेमराजकृत उद्योतसहित, आचार्य राधेश्याम चतुर्वेदी, चौखम्बा सुभारती प्रकाशन, वाराणसी, 2013।
4. श्रीमालिनीयोत्तरतन्त्रम्, नीरक्षीर विवेक सहित, संपादक डॉ. परमहंस मिश्र, संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, 2010।
5. *पातञ्जल योग दर्शन*, व्यास भाष्य, स्वामी हरिहारानंद आरण्यकृत भास्वती टीका, संपादक डॉ. रामशंकर भट्टाचार्य, मोतीलाल बनारसीदास, नवम्पुनर्मुद्रण, 2017, प्रथम संस्करण, 1953।
6. *काश्मीर शिवाद्वयवाद की मूल अवधारणाएँ*, प्रो. नवजीवन रस्तोगी, मुँशी राममनोहर लाल पब्लिशर्स, प्रथम संस्करण, 2002।
7. *अभिनवगुप्त का तंत्रागमीय दर्शन*, प्रो. नवजीवन रस्तोगी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, सागर, प्रथम संस्करण, 2012, द्वितीय 2018।
8. *The Yoga of Netra Tantra*, Bettina Sharada Baumer, Edited byShivam Srivastava, Second edition, 2021.

सन्दर्भ

1. योगाङ्गत्वे समानेऽपि तर्को योगाङ्गमुत्तमम् । *श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र*, 17/18- अ ।
2. त्रिविधं तदुपायं तु स्थूलं सूक्ष्मं परं च तत्॥- *श्रीनेत्रतन्त्र6*/6
3. आचार्य क्षेमराज इसे "पर ध्यान" भी कहते हैं- सूक्ष्मध्यानानन्तरं परध्याननिर्णयाय.... —आचार्य क्षेमराज, *नेत्रोद्योत*, अष्टम अधिकार, पूर्व पीठिका प्रथम श्लोक।
4. तमष्टाङ्गयोगमन्यशास्त्रप्रतिपादितरूपवैलक्षण्येन क्रमेणादिशतिदेवः – आचार्य क्षेमराज, *नेत्रोद्योत*, 8/10 पूर्व पीठिका।
5. संसाराद्विरतिर्नित्यं यमः पर उदाहृतः ।-*श्रीनेत्रतन्त्र*, 8/10अ
6. भावना तु परे तत्त्वे नित्यं नियम उच्यते ॥ – *श्रीनेत्रतन्त्र*, 8/10ब
7. मध्यमं प्राणमाश्रित्य प्राणापानपथान्तरम् ।
   आलम्ब्य ज्ञानशक्तिं च तत्स्थं चैवासनं लभेत ॥- *श्रीनेत्रतन्त्र*,8/11
8. प्राणापानमार्गयोः सव्यापसव्ययोरान्तरं मध्यनाड्यां भवंप्राणमित्यूर्ध्वगामिनमुदानमाश्रित्य, ततश्च प्राणीयव्याप्तिनिमज्जनेन चिद्व्याप्त्युन्मज्जनाद्ज्ञानशक्तिमुन्मिषत्स्फुरत्तारूपां संविदमालम्ब्यावष्टभ्य, तत्स्थमेवासनं योगी लभते निजज्ञानशक्त्यासनासीनश्चिन्महेशरूपो भवतीत्यर्थः। – आचार्य क्षेमराज, *नेत्रोद्योत* 8/11।
9. प्राणादिस्थूलभावं तु त्यक्त्वा सूक्ष्ममथान्तरम्।
   सूक्ष्मातीतं तु परमं स्पन्दनं लभ्यते यतः ॥
   प्राणायामः स उद्दिष्टो यस्मान्न च्यवते पुनः। —*श्रीनेत्रतन्त्र*,8/12, 13 अ ।
10. ..... चित्प्रमातृमयतां न कदाचिज्जहाति – आचार्य क्षेमराज, *नेत्रोद्योत*, 8/12 ।
11. शब्दादिगुणवृत्तिर्या चेतसा ह्यनुभूयते ॥ 8-13
    त्यक्त्वा तां प्रविशेद्धाम परमं तत्स्वचेतसा।
    प्रत्याहार इति प्रोक्तो भवपाशनिकृन्तकः ॥8-14 ॥ -*श्रीनेत्रतन्त्र*,8/13ब, 14॥
12. धीगुणान् समतिक्रम्य निर्ध्येयं चाव्ययं विभुम् ।
    ध्यात्वा ध्येयं स्वसंवेद्यं ध्यानं तच्च विदुर्बुधाः ।8-15॥- *श्रीनेत्रतन्त्र*,8/15
13. धारणा परमात्मत्वं धार्यते येन सर्वदा ।
    धारणा सा विनिर्दिष्टा भवबन्धविनाशिनी ॥8-16॥ – *श्रीनेत्रतन्त्र*,8/16
14. .....परमात्मत्वं चैतन्यं धार्यतेसमावेशेनावलम्ब्यते... – आचार्य क्षेमराज, *नेत्रोद्योत*, 8/16
15. ...समाधिमपिपरस्वरूपविषयमाणवशाक्तशाम्भवोपायप्राप्यमनुपायं...-.आचार्य क्षेमराज,*नेत्रोद्योत*, 8/17 पूर्व पीठिका।
16. समं सर्वेषु भूतेषु आधानं चित्तनिग्रहः।
    समाधानमिति प्रोक्तमन्यथा लोकदाम्भिकम् ॥8-17॥
    स्वपरस्थेषु भूतेषु जगत्यस्मिन् समानधीः॥
    शिवोऽहमद्वितीयोऽहं समाधिः स परः स्मृतः ॥ 8-18॥
    सम्यक्स्वरूपसंवेद्यं संविद्रूपं स्वभावजम्॥
    यस्वसंवेद्यस्वरूपं च समाधानं परं विदुः॥8-19॥

राशिभ्यां चिज्जडाभ्यां च विचार्य निपुणं पदम्।
यन्नित्यं शाश्वतं रूपं समाधानं तु तद्विदुः ॥8-20॥ /*श्रीनेत्रतन्त्र*,8/17,18,19,20

17. एवमष्टाङ्गयोगेन स्वभावस्थं परं ध्रुवम्।
दृष्ट्वा वश्यते कालममृतेशं परं विभुम् ॥ 8-21॥
मृत्युजित् स भवेद्देवि न कालः कलयेच्च तम् । -*श्रीनेत्रतन्त्र*,8/21, 22अ

18. "The striking difference between the brief definition of the sixfold Yoga in chapter 1 (Kşemarāja), and the transformation of the astānga-yoga of Patañjali is that in the first the theistic aspect is in the foreground, and the identification of Yoga with ārādhana, thus a kind of dualistic worship. In chapter VIII, devoted to para-dhyāna, both these aspects are absent, and Yoga is neither understood as a (dualistic) practice, much less a dualistic worship, it is beyond any objectification (of Śiva as a tattva or as a goal). Therefore, the extremely brief definition of para-dhyāna in chapter VI is fitting: param sarvātmakam, "the supreme (meditation) is universal", which Kşemarāja clarifies as of supreme non-duality (paramādvayam) (p. 127)".-*The Yoga of Netratantra*, Bettina Baumar, page- 73 .

19. गतिभङ्गं ततस्तस्य प्राणायामेन कारयेत् ।
स च पञ्चविधः प्रोक्तः पूरकादिप्रभेदतः ॥ 2 ॥
पूरकः कुम्भकश्चैव रेचको ह्यपकर्षकः।
उत्कर्षः पञ्चमो ज्ञेयस्तदभ्यासाय योगिभिः ॥ 3॥ - *श्रीमालिनीविजयोत्तरतंत्र* 17/2,3

20. चतस्रो धारणा ज्ञेया शिख्यम्व्वीशामृतात्मिकाः ।
यद्यत्र चिन्तयेद्द्रव्यं तत्तत्सर्वगतं स्मरेत् ॥ 14॥ - *श्रीमालिनीविजयोत्तरतंत्र* 17/14

21. योगाङ्गत्वे समानेऽपि तर्को योगाङ्गमुत्तमम्।
हेयाद्यालोचना तस्मात्तत्र यत्नः प्रशस्यते ॥ 18॥ - *श्रीमालिनीविजयोत्तरतंत्र* 17/18

22. मार्गे चेतः स्थिरीभूते हेयेऽपि विषयेच्छया ।
प्रेर्यं तेनानयेत्तावद्यावत्पदमनामयम् ॥ 19 ॥
तदर्थभावनायुक्तं मनोध्यानमुदाहृतम् ॥
तदेव परमं ज्ञानं भावनामयमिष्यते ॥ 20॥
मुहूर्तादेव तत्रस्थः समाधिं प्रतिपद्यते । - *श्रीमालिनीविजयोत्तरतंत्र* 18/19,20, 21अ

23. तत्रापि च सुनिष्पन्ने फलं प्राप्नोत्यभीप्सितम् ॥ 21 ॥
यत्किंचिच्चिन्तयेद्वस्तु नान्यत्वं प्रतिपद्यते ।
तेन तन्मयतामाप्य भवेत्पश्चादभाववत् ॥ 22 ॥
पश्चतामिव संप्राप्तस्तीव्रैरपि न चाल्यते ।
ततः शब्दादिभिर्योगी योगिनीकुलनन्दनः ॥ 23॥
इत्यनेन विधानेन प्रत्याहृत्य मनो मुहुः।
प्राणायामादिकं सर्वं कुर्याद्योगप्रसिद्धये ॥ 24॥- *श्रीमालिनीविजयोत्तरतंत्र* 17/21 ब,22,23,24

24. योगङ्गानुष्ठानादशुद्धिक्षये ज्ञानदीप्ति राविवेकख्यातेः । - 2/28 *योग सूत्र*

25. त्रयमन्तरङ्गं पूर्वेभ्यः । – *योग सूत्र* 3/7
26. तदपि बहिरङ्गं निर्बीजस्य । – *योग सूत्र* 3/8
27. *योग सूत्र* 2/30
28. *योग सूत्र* 2/32
29. *योग सूत्र* 2/46,47
30. *योग सूत्र* 2/49
31. सत्यासनजये बाह्यस्य वायोराचमनं श्वासः, कौष्ठ्यस्य वायो निःसारणं प्रश्वासः, तयोर्गतिविच्छेद उभयाभावः प्राणायामः।।– 2/49 *योग सूत्र* व्यास भाष्य ।
32. *योग सूत्र* 2/45
33. *योग सूत्र* 3/1
34. *योग सूत्र* 3/2
35. *योग सूत्र* 3/3
36. *अभिनवगुप्त का तन्त्रागमीय दर्शन,* अद्वयमूलक काश्मीरी शैवागम परम्पराओं में योग, नवजीवन रस्तोगी, 305, ।
37. *अभिनवगुप्त का तन्त्रागमीय दर्शन,* अद्वयमूलक काश्मीरी शैवागम परम्पराओं में योग, नवजीवन रस्तोगी, 306 ।
38. *काश्मीर शिवाद्वयवाद की मूल अवधारनाएं, योग,* नवजीवन रस्तोगी, 209।
39. "The section on aṣtanga-yoga placed at the level of para-dhyāna contains its essential practice, lifted from the Patanjali scheme, whose terminology is followed by the Netra, to a higher, transcendent level: in the words of Kṣemarājalokottaradṛṣṭyāpratipadya (on 8.16).

    He thereby implies that aṣtanga in the system of Patañjali is progressive in stages, whereas in the light of the non-dualism of Consciousness (cidadvaya), each stage is already a participation in the final goal. Even then the transcendental view of each anga follows the logic contained in it and connects with the original meaning by lifting it up to the higher level". - *The Yoga of Netratantra* Bettina Baumar, page- 73.
40. *काश्मीर शिवाद्वयवाद की मूल अवधारणाएँ,* नवजीवन रस्तोगी, 2002, पृष्ठ 205
41. *काश्मीर शिवाद्वयवाद की मूल अवधारणाएँ,* नवजीवन रस्तोगी, 2002, पृष्ठ 205

शोधार्थी,
धर्मागम विभाग,
संस्कृतविद्याधर्मविज्ञानसङ्काय,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी– 221005
9997899199
navkantjuyal@gmail.com

आगम तन्त्र : दार्शनिक, साधनात्मक एवं सांस्कृतिक अन्वेषण

सिद्धार्थ तिवारी

शोध-सारांश

प्रस्तुत शोध-पत्र भारतीय आध्यात्मिक एवं दार्शनिक परम्परा की एक महत्त्वपूर्ण धारा 'आगम तन्त्र' का समग्र विश्लेषण करता है, जिसमें इसके ऐतिहासिक विकास, शास्त्रीय स्वरूप, मूल दार्शनिक प्रतिपादन तथा साधनात्मक तकनीकों को समन्वित रूप से विवेचित किया गया है। आगम को वैदिक 'निगम' का प्रतिद्वन्द्वी न मानकर उसके पूरक और व्यावहारिक विस्तार के रूप में स्थापित किया गया है, जो कर्म, ज्ञान और उपासना के वैदिक आदर्शों के लिए साधन-तन्त्र प्रदान करता है। शोध में शैव, शाक्त और वैष्णव—इन तीन प्रमुख आगमिक धाराओं के अंतर्गत शिव-शक्ति अद्वैत, सृष्टि के 36 तत्त्व, पंचकृत्य, जीवन्मुक्ति, मंत्र-यंत्र-कुंडलिनी की साधना तथा विवादास्पद पंचमकारों के दार्शनिक एवं मनोवैज्ञानिक आधार का विश्लेषण किया गया है। साथ ही, तन्त्र के प्रति व्याप्त सामाजिक भ्रांतियों—विशेषतः गोपनीयता और वाममार्गी आचरण—का समालोचनात्मक परीक्षण कर यह दिखाया गया है कि प्रामाणिक आगम-तन्त्र एक अनुशासित, वैज्ञानिक और अंतर्दर्शी साधना-पथ है, जिसका लक्ष्य लौकिक सिद्धि नहीं, बल्कि अंतःशुद्धि और मोक्ष, विशेषतः 'जीवन्मुक्ति' है। मंदिर-वास्तु, मूर्तिकला, योग, आयुर्वेद और समकालीन ट्रांसपर्सनल मनोविज्ञान में आगमिक सिद्धांतों की गहरी उपस्थिति के आधार पर यह शोध आगम तन्त्र की सांस्कृतिक तथा आधुनिक प्रासंगिकता को रेखांकित करता है और निष्कर्ष रूप में इसे जीवन को पूर्णता, सजगता और दिव्यता के साथ जीने वाली भारतीय ज्ञान-परम्परा का एक प्रभावशाली, जीवंत एवं पुनर्पाठ योग्य आयाम सिद्ध करता है।

Keywords

आगम; तन्त्र; निगम-आगम समन्वय; शैव आगम; शाक्त तन्त्र; वैष्णव आगम (पांचरात्र); शिव-शक्ति अद्वैत; 36 तत्त्व; पंचकृत्य; जीवन्मुक्ति; पंचमकार; मंत्र-विज्ञान; यंत्र-पूजन; कुंडलिनी योग; षट्कर्म; कश्मीर शैव दर्शन; श्रीविद्या; मंदिर वास्तुकला; भारतीय दर्शन; समकालीन आध्यात्मिकता।

प्रस्तावना एवं आगम तन्त्र का स्वरूप

भारतीय आध्यात्मिक एवं दार्शनिक परम्परा में आगमतन्त्र का स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण और विशाल है। यह न केवल एक साहित्यिक व्यवस्था है, बल्कि जीवन के हर पहलू को प्रभावित करने वाली एक सम्पूर्ण दर्शनशास्त्र एवं साधना पद्धति है। 'आगम' का शाब्दिक अर्थ है 'आने वाला' ज्ञान, जो सीधे परमात्मा से उद्दीप्त होता है। इस ज्ञान को केवल तादात्म्य या शाब्दिक रूप में नहीं माना जाता, बल्कि इसे व्यावहारिक

साधनाओं के जरिए आत्मानुभूति के रूप में प्राप्त करना भी उद्देश्य है। तन्त्र शब्द का अर्थ है 'विस्तार करना', अर्थात् यह विज्ञान जीवन के अनेक आयामों, शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक, का विस्तार कर उन्हें परम चैतन्य से जोड़ता है। वैदिक परम्परा जहाँ सामाजिक अनुष्ठान और यज्ञ-कर्मों पर आधारित है, वही आगमतन्त्र व्यक्तिगत, गुप्त, और अनुभवप्रधान साधना पद्धति है, जिसे 'भोग से योग' का मार्ग भी कहा जाता है। आगम तन्त्र की स्थापनाएँ हिंदू धर्म के तीर्थस्थल, मंदिर, और धार्मिक तथा सांस्कृतिक क्रियाकलापों में गहराई से अंतर्निहित हैं। यह तन्त्रसमग्रता में वैदिक प्रथाओं का पूरक है, न कि उनका प्रतिद्वंदी। वैदिक चिंतन जहाँ कर्मकांड और यज्ञ के माध्यम से सामाजिक और ब्रह्माण्डीय संकल्पनाओं को व्यावसायिक स्तर पर प्रस्तुत करता है, वहीं आगम तन्त्रशरीर, मन और आत्मा के गूढ़ आध्यात्मिक अनुभवों को साधना के रूप में प्रस्तुत करता है।आगम तन्त्रकी मूलीकृत परिपाटी में तीन प्रमुख सम्प्रदाय हैं — शैव, शाक्त, और वैष्णव आगम। प्रत्येक सम्प्रदाय का दर्शन, उपासनापद्धति, तथा साधनात्मक क्रियाएँ स्वच्छ और विशिष्ट हैं। शैव आगम में शिव को सर्वोच्च देवता माना जाता है, जिसमें कश्मीर शैव दर्शन प्रमुख है, जो अद्वैत सिद्धांत पर आधारित है। शाक्त आगम में देवी (शक्ति) को परब्रह्म के रूप में स्वीकार किया जाता है, तथा यह सम्प्रदाय श्रीविद्या और कुंडलिनी जागरण का महत्व देता है। वैष्णव आगम विष्णु को सर्वश्रेष्ठ मानते हुए पंचरात्र और *लक्ष्मी तन्त्र* के ग्रंथों के माध्यम से आयतित होता है। आगम ग्रन्थ स्वयं भी विभिन्न विमर्शों में प्रमाणीकृत हैं, जिनमें मन्त्र विज्ञान, यंत्र पूजा, साधना के मौलिक तत्त्व एवं गूढ़ क्रियाएं सम्मिलित हैं। ये ग्रन्थ आध्यात्मिक साधना के साथ-साथ तांत्रिक क्रियाकलापों की व्याख्या, वैदिक संस्कारों के प्रति एक व्यावहारिक दृष्टिकोण, और सामाजिक-सांस्कृतिक अनुष्ठानों का मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। आगम तन्त्र का अध्ययन केवल आध्यात्मिकता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय कला, वास्तुकला, मूर्तिकला, योगशास्त्र, आयुर्वेद और आधुनिक मनोविज्ञान के कई आयामों के लिए भी आधार प्रदान करता है। जैसे खजुराहो और कोणार्क के मंदिरों की मूर्तिशिल्प को तांत्रिक प्रतीकवाद से जोड़कर देखा जाता है, वैसे ही हठ योग और आयुर्वेद की कई क्रियाएं तांत्रिक साधना का सशक्त प्रतिबिंब हैं। आगम तन्त्र में सैद्धांतिक चिंतन के साथ-साथ अनुभव प्रधान साधना पर भी पक्ष दिया जाता है। इसमें पंचमकारों का विश्लेषण और उनके दार्शनिक आधार की अवधारणा इस प्रणाली को विशिष्ट बनाती है। पंचमकार—मद्य, माँस, मत्स्य, मुद्रा, मैथुन—को तन्त्र एक सीमित और नियंत्रित साधना पथ के भीतर व्यापक आध्यात्मिक प्रयोग के रूप में प्रस्तुत करता है, जो साधक के वासनाओं एवं आसक्तियों का सामना करने का मार्ग है। मन्त्र विज्ञान, यन्त्र पूजन और कुंडलिनी योग आदि आगम तन्त्र के प्रमुख साधन हैं। मंत्रों को देवताओं का शरीर माना जाता है, प्रत्येक देवता का एक बीज मन्त्र होता है, और यन्त्र देव तत्त्व की ज्यामिति अभिव्यक्ति। कुंडलिनी योग मानव ऊर्जा और चेतना की जागृति का केन्द्र है, जो मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है।

आगम तन्त्र :ऐतिहासिक विकास एवं वर्गीकरण

ऐतिहासिक विकास—आगम तन्त्र की उत्पत्ति को लेकर सम्यक् साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं, किन्तु इसके विचार और तत्त्व प्राचीन वैदिक काल से ही विद्यमान माने जाते हैं। ऋग्वेद के 'अम्भृणी सूक्त' या 'देवी सूक्त'

में शक्ति के विस्तार और उसकी महत्ता का उल्लेख पाया जाता है, जो आगम तन्त्र के मूल सिद्धान्तों की नींव रखता है। पौराणिक साहित्य जैसे मार्कण्डेय पुराण का 'देवी महात्म्य' या 'चण्डीपाठ' शाक्त तन्त्र के आरम्भिक आभास हैं। प्राचीन भारतीय मंदिरों और मूर्तिशिल्पों में भी आगम तन्त्र का प्रभाव स्पष्ट है। खजुराहो के मंदिर, जिन्हें विश्व धरोहर का दर्जा प्राप्त है, विक्रमशिला एवं कोणार्क के सूर्य मंदिर में तान्त्रिक मूर्तिकला तथा प्रतीकवाद की झलक मिलती है। कश्मीर के महान योगी और दार्शनिक अभिनवगुप्त ने अपने ग्रन्थ *'तन्त्रालोक'* में आगम तन्त्र के दर्शन और साधनाओं की गूढ़ विवेचना की है, जिससे पता चलता है कि मध्यकालीन भारत में तन्त्रपर गहन शोध और परिचालन हुआ था। दक्षिण भारत की सिद्ध परम्परा और तमिल संप्रदायों ने भी अपने मंदिरों, पूजा पद्धति एवं अनुष्ठानों में आगम सिद्धांतों को अद्वितीय रूप से अंगीकार किया। इस प्रकार, आगम तन्त्र ने भारतीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जीवन में एक अप्रतिम स्थिरता और गहराई स्थापित की।

वर्गीकरण—आगम तन्त्र का साहित्य तीन मुख्य सम्प्रदायों में वर्गीकृत किया जाता है, जो अपने-अपने देवताओं एवं साधना पद्धति के आधार पर अलग-अलग हैं:

शैव आगम (Shaiva Agama)—शैवागम सिद्धान्त के तीन पदार्थ हैं—पति, पशु तथा पाश (पतिपशुपाशभेदात् त्रय: पदार्था इति) शिव को सर्वोच्च सत्ता मानने वाली यह शाखा दो मुख्य धाराओं में विभाजित है—काश्मीर शैव दर्शन और सिद्धांत शैव दर्शन। काश्मीर शैव दर्शन अद्वैत (एकत्व) की व्याख्या करता है, जिसमें सभी प्राणी और वस्तुएं परम शिव के स्वरूप मानी गई हैं। प्रमुख ग्रंथों में *विज्ञानभैरवतन्त्र*, *स्वच्छन्दतन्त्र*, और अभिनवगुप्त की *'तन्त्रालोक'* शामिल हैं। ये ग्रन्थ ध्यान तकनीकों (धारणाओं) और साधनाओं का विस्तृत वर्णन करते हैं।

शाक्त तन्त्र(Shakta Tantra)—इस सम्प्रदाय में देवी (शक्ति) को परम ब्रह्म के रूप में स्वीकार किया जाता है। इसमें श्रीविद्या एवं *कुलार्णवतन्त्र* विशेष महत्व के ग्रन्थ हैं। शाक्त तन्त्र में यंत्र-पूजन, कुंडलिनी जागरण और समस्त तांत्रिक साधनाएँ देवी की महाशक्ति के अनुष्ठानात्मक साधन हैं। *देवी भागवत पुराण* एवं *ब्रह्माण्ड पुराण* में शाक्त दर्शन का विस्तृत वर्णन मिलता है जो वैदिक परम्परा से पूरक है।

वैष्णव आगम (Vaishnava Agama): विष्णु को सर्वोच्च देवता मानने वाली विष्णु सम्प्रदाय की आगम शाखा पंचरात्र और *लक्ष्मीतन्त्र* से परिभाषित होती है। ये ग्रन्थ मंदिर निर्माण, देव मूर्तियों की स्थापना, और आराधना विधियों का विस्तृत निर्देश देते हैं। वैष्णव आगम में भक्ति, पूजा और सामाजिक अनुष्ठान प्रमुख आगम तन्त्र का यह वर्गीकरण न केवल विभिन्न पूजा पद्धतियों को स्पष्ट करता है, बल्कि दर्शन और साधना के विभिन्न स्तरों पर भी इनके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक योगदान को उजागर करता है। प्रत्येक आगम शाखा की गहनता और जटिलता इसके समृद्ध साहित्य, मंत्र, यंत्र, तथा साधनात्मक विधियों में विद्यमान है, जो भारतीय आध्यात्मिकता की विविधता और गूढ़ता को प्रतिपादित करते हैं।

आगम तन्त्र :दार्शनिक सिद्धांत एवं जीवन्मुक्ति

शिव और शक्ति का अद्वैत तत्त्व—आगमतन्त्र का केंद्रीय दार्शनिक आधार शिव और शक्ति के अद्वैत (अविभाज्य एकत्व) सिद्धांत पर टिका है। कुलार्णवतन्त्र में स्पष्ट कहा गया है कि शिव और शक्ति परस्पर

अविभाज्य हैं—शक्ति शिवमयी है और शिव शक्तिमय। शिव स्थिर, शून्यमय, पुरुष तत्त्व हैं, जो चेतना का आधार हैं, जबकि शक्ति गतिशील, स्त्री तत्त्व है जो सृजनशीलता एवं क्रियाशीलता का स्रोत है। ये दोनों मिलकर सृष्टि का निरन्तर संचलन करते हैं। उनकी यह एकता अस्तित्व की विविधता और अभिन्नता का दार्शनिक आधार प्रदान करती है। काश्मीर शैव दर्शन के अनुसार, सृष्टि 36 तत्त्वों की प्रणाली द्वारा होती है, जिनमें से एक तत्त्व शिव है और बचे हुए 35 शक्तियां एवं उनकी क्रियाएं हैं। आचार्य अभिनवगुप्त ने 'तन्त्रालोक' में इन तत्त्वों की विस्तारपूर्वक व्याख्या की है। यह दर्शन समस्त ब्रह्माण्ड को एक निरंतर चेतन अभिव्यक्ति मानता है, जो शिव और शक्ति के मेल से व्याप्त है।

सृष्टि-सिद्धान्त : पंचकृत्य—आगम तन्त्र के अनुसार, सृष्टि की प्रक्रिया पंचकृत्यों (पाँच कार्यों) के माध्यम से संचालित होती है:

सृष्टि (सृजन)—नव सृष्टि का उद्भव।
स्थिति (पालन)—सृष्टि का संरक्षण एवं संचालन।
संहार (नाश)—सृष्टि का पुनः एकता में विलय।
तिरोभाव (विलय)—सृष्टि के अस्तित्व में निग्रह।
अनुग्रह (कृपा)—परमात्मा की कृपा जो जीवात्मा को मोक्ष की ओर ले जाती है।

यह पंचकृत्य केवल भौतिक कर्म नहीं, बल्कि निरन्तर आध्यात्मिक प्रक्रिया भी हैं, जो सृष्टि, प्रलय और पुनर्निर्माण को अभिव्यक्त करते हैं। यह सिद्धान्त जीव और परम के बीच के सम्बन्ध को स्पष्ट करता है।

जीवन्मुक्ति की अवधारणा—आगम तन्त्र में जीवन्मुक्ति का महत्व अत्यन्त उन्नत एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत हुआ है। वैदिक परम्परा में मोक्ष को सामान्यतः मृत्यु के बाद की प्राप्ति माना जाता है, लेकिन आगम तन्त्र उस अवस्था को इनकार करता है जहाँ साधक इस जीवन में ही मुक्ति प्राप्त कर सकता है। इस दृष्टि से जीवन्मुक्ति का अर्थ है 'जीवन मे पूर्ण मुक्ति या मोक्ष'। *मालिनीविजयोत्तर* तन्त्र के अनुसार, साधक का लक्ष्य भौतिक शरीर को दिव्य देह में परिवर्तित करना है, जिसे ही जीवन्मुक्ति सिद्ध होती है। यह वह अवस्था है जब साधक सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर परमात्मा के अनन्त चेतना स्वरूप के साथ अभिन्न एकत्व अनुभव करता है।

पंचमकारों का दार्शनिक आधार—पंचमकार—मद्य (मद्यपान), माँस (मांसाहार), मत्स्य (मछली), मुद्रा (हस्त मुद्रा या अनुष्ठानिक भोजन), मैथुन (मैथुन क्रिया)—को तन्त्रसाधन में माना गया है। किन्तु इनके दार्शनिक आधार को गहनता से समझना आवश्यक है। *कुलार्णवतन्त्र* में स्पष्ट कहा गया है कि साधक को वासना और आसक्ति से लड़ते हुए इन वस्तुओं का सही तरीके से उपयोग करना चाहिए, जो साधक को योग सिद्धि के मार्ग पर ले जाता है। ये पंच तत्त्व राजसिक और तामसिक वृत्तियों के प्रतीक हैं, जो साधक को अपने स्वभाव को पहचानने एवं आत्मा की अनुभूति की ओर ले जाते हैं। यह मार्ग अत्यन्त कठिन होता है और बिना गुरु की उपस्थिति के सम्भव नहीं।

शिव-शक्ति के अनुभवात्मक स्वरूप—आगम तन्त्र न केवल दर्शन प्रस्तुत करता है, बल्कि शिव-शक्ति के अनुभवात्मक स्वरूप पर भी बल देता है। साधना में साधक आत्मा, प्रकृति, चेतना और ऊर्जा के विभिन्न पहलुओं को अनुभव करता है। मन्त्र, यन्त्र, और ध्यान की साधनाओं से जागृत कुंडलिनी शक्ति सृष्टि और चेतना के गूढ़ रहस्यों का उद्घाटन करती है। शिव और शक्ति की यह जीवंत एकता साधक को उसके स्वभाव, ब्रह्माण्ड और परम सत्ता के बीच सम्बन्ध की अनुभूति कराती है। *तंत्रालोक* सहित अनेक आगम ग्रन्थों में इस अनुभवात्मक तत्त्व को शाश्वत महत्व दिया गया है।

आगम तन्त्र :साधना पद्धतियाँ एवं पंचमकार

मंत्र-विज्ञान—आगम तन्त्र में मन्त्र का अत्यंत महत्त्व है। मन्त्र को देवताओं का 'शरीर' माना गया है, जिसके माध्यम से उनकी दिव्य ऊर्जा प्राप्त होती है। *शारदा तिलक तन्त्र* के अनुसार, मन्त्र वह है "जिसके मनन से त्राण (मुक्ति) मिले"। प्रत्येक देवता का एक बीज मन्त्र होता है जो उसकी सम्पूर्ण शक्ति का सार रूप है। तन्त्र में पंचदशी मन्त्र की महिमा का विस्तार से वर्णन है। मन्त्र जप, उच्चारण और ध्यान के द्वारा साधक अपने मन, चेतना और आत्मा को नियंत्रित कर आध्यात्मिक उन्नति करता है।मंत्र-विज्ञान में ध्वनि की ऊर्जा, उसके उच्चारण की पद्धति, और मन्त्र के प्रभाव की समझ आवश्यक है। तन्त्रग्रंथों में मंत्रों को केवल शब्द नहीं, बल्कि शक्तिशाली ऊर्जा के रूप में देखे जाने का निर्देश है, जो साधक को परम सत्ता से जोड़ने वाला सेतु है।

यंत्र-पूजन—यंत्र देवता की गतिशील ऊर्जा का ज्यामितीय प्रतिरूप होते हैं। यंत्र पूजन से साधक देवता की उपस्थिति और शक्ति का अनुभव करता है। *काम कलाविलास* तन्त्र किंवदंती के अनुसार, जहाँ एक यंत्र स्थापित होता है, वहाँ देवता का निवास होता है। श्रीयंत्र तन्त्र में यह सर्वोत्कृष्ट यंत्र माना जाता है, जिसका *भावनोपनिषद्* और *योगिनी हृदय* जैसे ग्रंथों में विस्तृत विवरण मिलता है। यंत्र की आकृतियाँ, उनकी रचना, समुचित पूजा और विसर्जन का विधान आगम ग्रंथों में उल्लिखित है। यह पूजा साधक के चित्त को स्थिर करती है और शक्ति जागरण की प्रक्रिया को सरल बनाती है।

कुंडलिनी योग—कुंडलिनी योग आगम तन्त्रकी हृदयस्थ पद्धति है। कुंडलिनी ऊर्जा का जागरण एवं षट्चक्रों (मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्धि और आज्ञा) का सक्रियण साधक को उच्च चेतना की ओर ले जाता है। *हठयोग प्रदीपिका* में कहा गया है कि जागृत कुंडलिनी शक्ति मृत्यु को भी नष्ट कर सकती है।यह योग केवल शारीरिक अभ्यास या साधारण ध्यान नहीं है, बल्कि इस ऊर्जा के सहारे साधक के पूरे अस्तित्व का सशक्त और दिव्य परिवर्तन सम्भव होता है। कुंडलिनी जागरण के लिए गुरु-मार्गदर्शन अत्यावश्यक है क्योंकि इस ऊर्जा के अनुचित जागरण से हानिकारक प्रभाव भी हो सकते हैं।

षट्कर्म—षट्कर्म तन्त्र में छह प्रकार की क्रियाएँ बताई गई हैं, जो शरीर और मन को शुद्ध करते हैं। *शारदा तिलक* तन्त्रएवं *मन्त्रमहोदधि* में इन क्रियाओं के मन्त्र एवं विधियाँ विस्तार से वर्णित हैं। षट्कर्म में शामिल हैं—धौति, नौली, वमन, बस्ति, निद्रा, और संगीत। इन क्रियाओं का उद्देश्य साधक के अन्दर की अशुद्धि, विकार और रोगों को दूर कर मोक्ष की प्राप्ति के लिए शरीर को उत्कृष्ट बनाना है। षट्कर्म साधना का

प्रारंभिक चरण होती हैं, जिनके बिना तंत्रिक साधना की गहन प्रगति सम्भव नहीं। साधक को केवल इनके बाहरी प्रदर्शन का अभिमान नहीं करना चाहिए, बल्कि आंतरिक शुद्धि एवं चेतना के विकास को लक्ष्य बनाना आवश्यक माना गया है।

पंचमकार और तांत्रिक साधना—पंचमकार—मद्य, मांस, मत्स्य, मुद्रा, मैथुन—आगम तन्त्र के ऐसे विषय हैं जिन्होंने विवादों और भ्रांतियों को जन्म दिया। किंतु तन्त्र ग्रन्थ बताते हैं कि इनका उद्देश्य साधक को सामाजिक और मानसिक वासनाओं से लड़ाना है, न कि उनका अंधाधुंध अनुसरण। कूलार्णव तन्त्र में कहा गया है कि साधक को इन वस्तुओं का सेवन करते हुए स्वभाव और आंतरिक वैराग्य नहीं छोड़ना चाहिए। पंचमकार का दार्शनिक रहस्य वासनाओं का प्रत्यक्ष सामना कर उससे ऊपर उठना है, जो गुरु-शिक्षा एवं अनुशासन के बिना सम्भव नहीं। यह मार्ग अत्यंत कठिन है, किन्तु इससे साधक को अपने अंतर्निहित स्वभाव, आसक्तियों और मोह-माया का वास्तविक अनुभव होता है।

सांस्कृतिक एवं समकालीन प्रासंगिकता

आगम तन्त्र का प्रभाव मात्र वैदिक कर्मकांड तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्राचीन से समकालीन भारतीय संस्कृति के विभिन्न आयामों में ईंधन की तरह कार्य करता है।

मंदिर वास्तुकला—भारत के प्राचीन और प्रतिष्ठित मंदिर आगम ग्रंथों द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार निर्मित हैं। *मानसार* एवं *मयमतम्* जैसे वास्तुशास्त्रीय ग्रन्थ आगम सिद्धांतों पर आधारित हैं। यह वास्तुकला न केवल शिल्प कला का विमर्श है, बल्कि अध्यात्म एवं ब्रह्मांड विज्ञान का व्यावहारिक अनुकरण भी है।

कला एवं मूर्तिकला—खजुराहो, कोणार्क और कश्मीर की मूर्तिकला तांत्रिक प्रतीकों से पूर्ण है। ये मूर्तियाँ केवल सजावट नहीं, बल्कि आध्यात्मिक वेदना, शक्ति और चैतन्य के प्रतीक हैं।

योग एवं आयुर्वेद—हठयोग की अधिकांश क्रियाएं, जैसे प्राणायाम, मुद्रा, धारणाएं, आगम तन्त्रसे प्रभावित हैं। *घेरंड संहिता* एवं *शिव संहिता* जैसे ग्रन्थ तन्त्रसाधना के अंग हैं। आयुर्वेद भी तन्त्र के साथ सहचर है जिससे शरीर और मन की शुद्धि एवं स्वस्थता के उपाय मिलते हैं।

समकालीन मनोविज्ञान—तन्त्र के कुंडलिनी जागरण और चक्र सिद्धांत आधुनिक ट्रांसपर्सनल साइकोलॉजी में गहन शोध के विषय हैं। स्थानीय और वैश्विक स्तर पर तन्त्रतकनीकों का आध्यात्मिक और मनोवैज्ञानिक उपचार में उपयोग हो रहा है।

जीवन्मुक्ति बेहतर जीवन की खोज—वर्तमान युग की भौतिकता और आध्यात्म के द्वैध में आगम तन्त्र का 'जीवन्मुक्ति' का सिद्धांत और 'इसी शरीर में दिव्यता' की अनुभूति अत्यंत प्रासंगिक व वैज्ञानिक मार्ग प्रदान करता है।

निष्कर्ष

आगम तन्त्र का अध्ययन यह दर्शाता है कि यह भारतीय दर्शन का एक अत्यंत प्रभावशाली और व्यापक आयाम है, जो वैदिक परम्परा का पूरक होते हुए जीवन के गूढ़ रहस्यों को वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दृष्टि से

व्याख्यायित करता है। शिव-शक्ति के अद्वैत सिद्धांत पर आधारित ये दर्शन और साधनाएँ न केवल साधक को जीवन्मुक्ति की ओर ले जाती हैं, बल्कि उसे जीवन के हर क्षेत्र में पूर्ण चेतना और दिव्यता से जोडने का माध्यम भी हैं। इस तन्त्रकी गूढ़ साधनाएँ, जैसे मन्त्र विज्ञान, यंत्र पूजा, कुंडलिनी योग, और षट्कर्म, संशोधित और अनुशासित गुरु-शिष्य परम्परा के बिना समझना और अपनाना कठिन है, जिसके कारण सामाजिक भ्रांतियाँ उत्पन्न हुईं। तथापि, वैज्ञानिक अध्ययन, आधुनिक शोध और जागरूक प्रसार के माध्यम से इन भ्रांतियों का निवारण सम्भव है। आगम तन्त्र न केवल प्राचीन धार्मिक और दार्शनिक प्रणाली है, बल्कि उसकी विधियाँ तथा सिद्धान्त आधुनिक योग, आयुर्वेद, वास्तुकला और मनोविज्ञान जैसे विभिन्न क्षेत्रों में आज भी प्रभावशाली रूप में विद्यमान हैं। यह तन्त्र आज के सामाजिक-आध्यात्मिक परिवेश में जीवन को समग्र और संतुलित रूप से जीने का सशक्त, वैज्ञानिक और अनुभूति प्रधान मार्ग प्रस्तुत करता है। अतः आगम तन्त्र का सम्यक् और अनुकरणीय अध्ययन न केवल भारतीय सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करता है, बल्कि मानवीय चेतना के विकास एवं आत्मा के मुक्त अनुभव के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। यह तन्त्रज्ञान और प्रायोगिक साधना का अद्वितीय समागम है, जो मानव जीवन के हर क्षितिज को दिव्यता से प्रकाशित करता है।

ग्रन्थ सूची

1. चौधरी, डॉ. राघव प्रसाद. (1987). *पाञ्चरात्रागम.* बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् पटना।
2. द्विवेदी, डॉ. श्यामाकान्त `आनन्द`. (2005). *श्रीविद्या-साधना.* चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी।
3. मिश्र, डॉ. परमहंस. (2000). *तन्त्रालोक* - अभिनवगुप्त. सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।
4. मालवीय, डॉ. सुधाकर. (2001). *कुलार्णव तन्त्र.* कृष्णदास अकादमी, वाराणसी।
5. मिश्र, डॉ. परमहंस. (2001). श्री *मालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्.* सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।
6. शर्मा, प्रो. उमाशंकर `ऋषि`. (2023). *सर्वदर्शनसंग्रह.* चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी।
7. द्विवेदी, पं0 ब्रजवल्लभ. (1984). *आगम और तन्त्रशास्त्र.* परिमल पब्लिकेशन, दिल्ली।

शोधच्छात्र
संस्कृत विभाग, कला संकाय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।

निगम आगम में शिव तत्त्व

शुभम कुमार पाण्डेय

सारांश

भारतीय ज्ञान परम्परा के दो मुख्य स्रोत **निगम** (वैदिक) और **आगम** (तांत्रिक) हैं। निगम, जिसे वेद कहा जाता है, वैदिक है, जबकि आगम तांत्रिक है, जिसे पंचम वेद भी कहा गया है। निगम धर्म के स्वरूप को बतलाता है, और इसका अधिकार सिर्फ द्विजों को है। आगम, जिसका अर्थ है व्यापक ज्ञान, कलयुग में महत्वपूर्ण है, सभी वर्णों के लिए अधिकार रखता है, और मोक्ष के साथ मारण, मोहन आदि विषयों का भी वर्णन करता है। दोनों के समन्वय की भूमिका महाभारत और पुराणों में दिखती है।

शिव तत्त्व इन दोनों धाराओं के केंद्र में है। निगमों में शिव को **विनाशकारक (रुद्र)** और **कल्याणकारक (शिव)** दो रूपों में पूजित किया जाता है। रुद्र का वर्णन *ऋग्वेद* में प्राप्त होता है। आगमों में शिव को परम तत्त्व, अनिर्वचनीय प्रकाश, तथा **सत्-चित्-आनंद** स्वरूप माना गया है। शैव दर्शन में शिव की पाँच शक्तियाँ—चित्, आनंद, इच्छा, ज्ञान, और क्रिया—संपूर्ण सृष्टि की अभिव्यक्ति का मूल आधार हैं। अंततः, निगम का ज्ञान मार्ग और आगम की क्रियात्मक साधना दोनों ही साधक को परम शिव तत्त्व की प्राप्ति की ओर ले जाते हैं, जो भारतीय धर्म की अखंडता का परिचायक है।

अतः इस शोध पत्र द्वारा भारतीय आध्यात्मिक और दार्शनिक परम्परा के दो प्रमुख स्तंभों, निगम और आगम, की गहरी समझ प्रदान होगी। निगम (वेद) और आगम (तन्त्र) की सटीक परिभाषा, व्युत्पत्ति, और तात्विक अंतरों को स्पष्ट करेगी, जिससे पाठक इन दोनों के बीच के भ्रम को दूर कर पायेंगे।

मुख्य वाक्यांश

निगम, आगम, शिव तत्त्व, तन्त्र शास्त्र, सत्, चित्, आनंद, इच्छा, ज्ञान, क्रिया।

परिचय और परिभाषा

भारतीय संस्कृति में अनेक प्रकार के विषयों को जानने के लिए अनेक ग्रंथों का वर्णन किया गया है। उन सभी शास्त्रों में निगम शास्त्र अग्रगण्य माने जाते हैं। निगम वेद को कहा जाता है। इस शब्द का प्रयोग छह अंगों में से एक निरुक्त शास्त्र में हुआ है। निरुक्त में **"निगमा इमे भवन्ति"**[1] कहकर वेद को परिभाषित किया गया है।

इसी वेद के दो पक्ष हैं, जिन्हें निगम और आगम के रूप में जाना जाता है। निगम वैदिक है तथा आगम तांत्रिक के रूप में विख्यात है।

आगम शास्त्र के महत्व को बतलाते हुए आद्यशंकराचार्य *प्रपञ्चसारतन्त्र* में कहते हैं:

श्रुत्युक्तस्तु कृते धर्मस्त्रेतायां स्मृतिसम्भवः।
द्वापरे तु पुराणोक्तः कलावागमसम्भवः।।[2]

अर्थात्, हर युग के अपने-अपने धार्मिक महत्व के ग्रंथों का वर्णन हुआ है; उनमें से कलयुग में आगम शास्त्र का महत्व कहा गया है। आगम शास्त्र की उपादेयता को जानकर ही *शारदातिलक* तथा महर्षि हारीत ने इसे पंचम वेद की संज्ञा दी है: **यथा- "आगमो पञ्चमो वेदः कौलस्तु पञ्चमाश्रयः"** एक अन्य ग्रन्थ *त्रिपुरारहस्य* में तो वेद को ही आगम का अंश कहा गया है: **"वेदो ह्यागमभागः"**।

निगम आगम के सम्बन्ध में संत तुलसीदास ने अपने बहुचर्चित ग्रन्थ रामचरितमानस में कहा है: **"नाना पुराण निगमागम सम्मत"** यहाँ निगम शब्द से वैदिक वाङ्मय तथा आगम शब्द से तंत्रागमशास्त्र का बोध कराया गया है।

निगम शब्द की व्युत्पत्ति **'नि'** उपसर्गपूर्वक भ्वादिगण के **'गम्'** धातु और **घञ्** प्रत्यय से बनता है। गत्यर्थक धातु ज्ञानार्थक भी होते हैं। निगम शब्द की व्युत्पत्ति करते हुए आचार्य यास्क ने निरुक्त में कहा है: **"निगमा इमे भवन्ति"** अर्थात जो शास्त्र निश्चितरूप से ज्ञानबोध कराये वह निगम है या जिसे वेद के रूप में जाना जाता है।

आगम शब्द व्युत्पत्ति पर विचार करें तो आगम शब्द **'आ'** उपसर्गपूर्वक गति अर्थवाले **'गम्'** धातु से बनता है। **'आ'** उपसर्ग का अर्थ चारों तरफ यानी सर्वत्र व्यापक रूप से होता है। तात्पर्य यह हुआ कि समग्र ब्रह्माण्ड में व्यापकता प्रदान करने वाला या व्यापक गति प्रदान करने वाला ज्ञान ही आगम है। वाचस्पति मिश्र ने *योगसूत्र* के *तत्त्ववैशारदी* टीका में आगम शब्द पर कहा है: **"आगच्छन्ति बुद्धिम् आरोहन्ति यस्माद् अभ्युदय-निःश्रेयसोपायाः सः आगमः"**[3] अर्थात्, जिस शास्त्र पर बैठ कर बुद्धि अभ्युदय और निःश्रेयस के मार्ग को बतलाती है, वह आगम शास्त्र है।

जैसा कि शास्त्रों में आया है: निहित रूप से तत्त्व की ओर ले जाने वाला निगम तथा आप्त वचन से आविर्भूत तत्त्वार्थ विशेष का संवेदी आगम होता है। **"आङ् भावस्तु समन्ताच्च गम्यतेत्यागमो मतः"** अर्थात्, सर्वतोमुखी अध्यात्मज्ञान जो सर्वतः प्रसृत हो चतुर्दिक व्याप्त हो रहा है, वही आगम है।

शैवमत के अनुसार

आ = पाश, ग = पशु और म = पति है।
अथवा आ = शिवज्ञान, ग = मोक्ष और म = पति है।

आगम शास्त्र को एक अन्य संज्ञा प्राप्त है जो तन्त्र शास्त्र कहलाता है, यह तन्त्र यानी शास्त्र कहलाता है क्योंकि इसके द्वारा ही सब कुछ शासित होता है, सुरक्षित होता है, स्थिर होता है। प्राणिमात्र की रक्षा या त्राण करने के कारण भी यह तन्त्र कहलाता है। जिसके द्वारा ज्ञान का विस्तार हो, वह शास्त्र तन्त्र कहलाता है: "तन्यते विस्तार्यते ज्ञानमनेनेति तन्त्रम्" तत्त्व, मन्त्र, देवता, साधनाविधि, फल आदि सभी का वर्णन जिसमें हो तथा जो साधक की रक्षा भी करे, वह शास्त्र या विद्या अथवा ज्ञान तन्त्र कहलाता है।

यह शब्द विस्तार अर्थवाले 'तन्' धातु से औणादिक 'ष्ट्रन्' प्रत्यय करने पर बनता है (सर्वधातुम्यः ष्ट्रन्)। जैसाकि उल्लेख है:

तनोति विपुलानर्थान् तत्त्वमन्त्रसमन्वितान्।
त्राणं च कुरुते यस्मात् तन्त्रमित्यभिधीयते।।[4]

निगम आगम में भेद एवं सामंजस्य

भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति प्रारंभ से ही निगम आगम से जुड़ी हुई मानी जाती है। ग्रंथों में इसकी प्रमाणिकता देखते हैं तो देवी भागवत में कहा गया है: "**निगम्यते ज्ञायते अनेन इति निगमः**"।[5] अभिनव गुप्त के शब्दों में निगम आगम को समझें तो, वे ईश्वरप्रत्यभिज्ञानविवृतिविमर्शनी में कहते हैं: "**वेद धर्माद्युपायं निश्चितं गमयतीति निगमो वेदः**"।[6] अर्थात्, जो ग्रन्थ धर्म के स्वरूप को बतलाने में सहायक सिद्ध होता है, वह निश्चित ही निगम शास्त्र अर्थात् वेद है।

आगम को कहते हैं:

इह तावत् समस्तोऽयं व्यवहारः पुरातनः।
प्रसिद्धिमनुसंधाय सदैव चागम उच्यते।।[7]

अर्थात्, हमारे जगत् के सभी प्राचीन व्यवहार तथा प्रसिद्धि (ख्याति) ही आगम नाम से व्यवहृत है। यहाँ प्रयोग प्रसिद्धि अर्थात् ख्याति का अर्थ बताते हैं कि प्रामाणिक व्यक्ति से उक्त वाक्य या कथन को ही प्रसिद्धि के नाम से जानना चाहिए यथा- "**प्रसिद्धिश्चाविगानोत्था प्रतीतिः शब्दनात्मिका**"।[8] इस प्रकार से निगम आगम शब्दों की विधि कही गई है।

प्राचीन काल से आध्यात्मिक मार्ग की साधना के लिए दो प्रकार के मार्गों का आलम्बन लिया जाता रहा है।

यजुर्वेद के बृहदारण्यक उपनिषद तथा सामवेद के छान्दोग्य उपनिषद में पंचाग्नि विद्या के प्रसंगों से यह बात स्पष्ट होती है कि वैदिक तथा आगमिक पूजा पद्धतियों का प्रयोग एक ही काल में प्रचलित रहा है। वर्तमान समय में भी वैदिक एवं आगमिक कर्मकांड का प्रयोग भारत के चारों दिशाओं में दृष्टिगोचर होता है।

निगम आगम शास्त्र के प्रारंभ के विषय में जब हम ज्ञात करते हैं तो शारदातिलक में कहा गया श्लोक इस विद्या के सर्वप्रथम वक्ता एवं श्रोता को स्पष्ट बतलाता है:

"**आगमो शिववक्त्रेभ्यो गतं च गिरिजाश्रुतौ, तदागम इति प्रोक्तं शास्त्रं परमपावनम्।**" अर्थात्, पहला बोलने वाला भगवान शंकर एवं सुनने वाली माता पार्वती हैं।

एक अन्य श्लोक में निगम आगम के लिए कहा गया है कि जो देवी के मुख से उत्कृत है, वह निगम है तथा जो शिव के द्वारा वर्णित है, वह आगम है। तथा इन दोनों के मतों पर भगवान विष्णु का समर्थन है, वहीं निगम आगम है।

निर्गतं गिरिजावक्त्राद् गतं च गिरिशश्रुतौ।
मतं च वासुदेवस्य तस्मान्निगममुच्यते ॥
आगतं शिववक्त्रेभ्यो गतं च गिरिजामुखे।
मतं च वासुदेवस्य तस्मादागममुच्यते ॥

इस प्रकार से हम कह सकते हैं कि संपूर्ण तान्त्रिक वाङ्मय आगम पद से और वैदिक वाङ्मय निगम पद से संबोधित हुआ है। प्रायः आजकल ये दोनों शब्द इन्हीं अर्थों में प्रसिद्ध हो गए हैं।

आगम और निगम के मध्य जब समन्वय स्थापित करने की बात होती है, तो इसमें सबसे प्रमुख भूमिका रामायण, महाभारत और पुराणों के अतिरिक्त धर्मशास्त्रीय ग्रन्थ दृष्टिगोचर होते हैं। भगवद्गीता को हम इसके उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में उपस्थित कर सकते हैं। महाभारतकार ने वेद के साथ साङ्ख्य, योग, पाशुपत और पाञ्चरात्र शास्त्र को समान प्रमाणकोटि में रखा है।

साङ्ख्यं योगः पाञ्चरात्रं वेदाः पाशुपतं तथा।
ज्ञानान्येतानि राजर्षे विद्धि नानामतानि वै।।[9]

कालिदास कहते हैं:

बहुधाप्यागमैर्भिन्नाः पन्थानः सिद्धिहेतवः।
त्वय्येव निपतन्त्योधा जाह्नवीया इवार्णवे।।[10]

पुष्पदन्त महिम्न स्तोत्र में कहते हैं—

त्रयी साङ्ख्यं योगः पशुपतिमतं वैष्णवमिति प्रभिन्ने प्रस्थाने...
नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव ॥[11]

वीरमित्रोदयकार लिखते हैं—

ननु साख्ययोगपाञ्चरात्रपाशुपताद्यागमा धर्मे प्रमाणमुत न।[12]

ये सभी प्रमाण शास्त्रों में समन्वय की बात को ही प्रतिष्ठापित करते हैं, क्योंकि परस्पर समन्वय के आधार पर ही इन सब शास्त्रों का प्रामाण्य सिद्ध किया जा सकता है।

निगम आगम का स्वरूप

निगम और आगम दोनों ही भारतीय ज्ञानपरम्परा के मूल स्रोत हैं। जिन सिद्धान्तों का प्रतिपादन संगठित रूप से वाचन परम्परा में पाई जाती है, उन्हीं सिद्धान्तों को लोकोपयोग और व्यवहारिक अपेक्षाओं की पूर्ति हेतु आगम की परम्परा विकसित होती है। निगम का स्वरूप बहुत ही वृहद् है, जैसे: चार वेद, छह अंग, दर्शन इत्यादि। इतिहास तथा पुराणों का सम्बन्ध निगम एवं आगम दोनों में ही प्राप्त होता है। इसमें कुछ विषय वेदों में कहे हुए से सम्बन्ध जोड़ते हैं, जैसे: उपासना, गृहस्थ धर्म, व्रतकथा आदि। आगम से संबंधित भी विषयों का वर्णन इसमें प्राप्त होता है, जैसे शिव पुराण में आगम का उल्लेख प्राप्त होता है।

भारतीय दार्शनिक ज्ञान एवं व्यावहारिक क्रियाकलापों के क्षेत्रों में वैदिक (औपनिषद) परम्परा और तांत्रिक परम्परा के बीच एक सुदृढ़ समन्वय दृष्टिगोचर होता है। वैदिक अथवा औपनिषदिक विचारधारा परम

तत्त्व (ब्रह्म या परम आत्मा) को विश्वोत्तीर्णता (Transcendence) के रूप में, सृष्टि के परे मानती है; जबकि तांत्रिक विचारधारा सृष्टि की प्रत्येक वस्तु में परम शिव अथवा शक्ति के विश्वमयता (Immanence) स्वरूप का साक्षात्कार करने का प्रावधान प्रस्तुत करती है। भारतीय संस्कृति में परिलक्षित होने वाला विश्वोत्तीर्णता एवं विश्वमयता का यह सटीक समन्वय संभवतः अन्य संस्कृतियों में दुर्लभ है। इस समन्वयात्मक स्थिति का श्रेय मुख्य रूप से वैदिक एवं तांत्रिक परम्पराओं के संविलन को दिया जाता है।

तांत्रिक परम्परा को प्रायः वाममार्ग तथा वैदिक परम्परा को दक्षिणमार्ग के रूप में अभिहित किया जाता है। वाममार्ग का अभीष्ट तथाकथित त्याज्य एवं घृणित वस्तुओं को भी उदात्त रूप में ग्रहण करते हुए आध्यात्मिक उत्कर्ष प्राप्त करने की एक विशिष्ट विधा प्रदान करना है, जो दक्षिणमार्ग द्वारा इंगित सर्वोच्च लक्ष्य तक पहुँचने का एक वैकल्पिक मार्ग प्रस्तुत करती है। शरीर क्रिया विज्ञान के सांकेतिक निरूपण के रूप में, वामहस्त और दक्षिणहस्त दोनों मिलकर एक ही अभीष्ट क्रिया को संपादित करते हैं। भारतीय जीवनधारा में ये दोनों परम्पराएँ कभी भी पृथक नहीं रहीं; अपितु धर्म, साहित्य, कला, पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन सहित संस्कृति के प्रत्येक अंग में इनका समावेशी समन्वय परिलक्षित होता है।

इस समन्वय को नदी धाराओं के सांकेतिक उपमान से समझा जा सकता है: जिस प्रकार एक ही हिमालय से निकलने वाली गंगा और यमुना मैदानी कर्मक्षेत्र में आकर एक संग्रथित धारा के रूप में भारतीय भूभाग को आप्यायित करती हैं, उसी प्रकार एक ही परम तत्त्व (ब्रह्म/शिव) से उद्भूत निगम (वैदिक) और आगम (तांत्रिक) की दो धाराएँ सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में आकर अभिन्न हो जाती हैं और भारतीय जनजीवन को व्यापक रूप से आप्लावित करती हैं। इस प्रकार से यह भिन्न होते हुए भी एक ही प्रतीत होते है।

आगम शास्त्र के मुख्य संप्रदाय शैव, शाक्त, वैष्णव, स्कन्द, गणपति इत्यादि हैं। इन सभी संप्रदायों में ज्ञान, योग, चर्चा और क्रिया इन चार प्रकार की विषयों का वर्णन है। शैवागम की उत्पत्ति शिव के पाँच मुखों (सद्योजात, वामदेव, अघोर, तत्पुरुष तथा ईशान) से हुई है तथा इसकी संख्या 28 है। ये पति (शिव), पशु (जीव), पाश (कर्म या माया) तीन पदार्थ को मानते हैं। शैवागम के चार प्रकार के नाम हैं: कपाली, कालमुख, पाशुपत, शैव।

निगम–आगम में शिव तत्त्व

भारतीय ज्ञानपरम्परा में दार्शनिक विमर्श की दृष्टि से, उपनिषद् (जिसे वेदान्त भी कहा जाता है) का विशेष महत्त्व है। यद्यपि उपनिषदों में शक्ति की अवधारणा पूर्ण रूप से विकसित अथवा पल्लवित नहीं है, तथापि यह बीज रूप में अथवा स्पष्ट संकेत के रूप में विद्यमान है। तन्त्र ने इस बीजरूप अवधारणा को पूर्णता प्रदान करते हुए इसे विकसित, पल्लवित, पुष्पित एवं फलित किया।

उपनिषदों में ब्रह्म की सृष्टिक्रिया का **निरूपण** करने वाले **कथन** (यथा, "**एकाकी न रेमे, स ऐक्षत एकोऽहम् बहु स्याम्**" – वह अकेला रमण नहीं कर सका, उसने इच्छा की कि मैं एक से बहुत हो जाऊँ ; तथा "**आनन्दाद्ध्येव हि खल्विमानि भूतानि जायन्ते**" – आनन्द से ही निश्चित रूप से ये सभी भूत–प्राणी पैदा होते हैं) ब्रह्म में उस तत्त्व की ओर इंगित करते हैं जिसे तन्त्र में शक्ति, क्रिया, विमर्श अथवा स्पन्द के

रूप में परिभाषित किया गया है। इन वाक्यों को मात्र आख्यायिका (कहानी) मानकर अस्वीकार कर देना – जैसा कि आचार्य शंकर ने किया है—उपनिषद् के मूल आशय के साथ अन्याय करना होगा।

इसके अतिरिक्त, केनोपनिषद् में वर्णित यक्षोपाख्यान में उमा हैमवती (सुनहले वर्ण की उमा) का प्रसंग इस बात का संकेत करता है कि ब्रह्म (यक्ष) शिव का प्रतिनिधित्व करता है और उमा शक्ति का। यह सर्वविदित है कि तन्त्र-परम्परा में उमा अथवा पार्वती को शक्ति का ही प्रतीकात्मक पर्याय माना जाता है।

निगम में शिव तत्त्व

भारतीय धार्मिक इतिहास में भगवान शिव का स्थान विशेष रहा है। वेदों में शिव को अंतरिक्ष स्थान के देवता के रूप में कहा गया है। शिव के एकादश अवतार हैं, जो कल्याण, मंगलता को प्रदान करने वाले तथा जल्द ही प्रसन्न होने वाले देवों के रूप में विख्यात हैं। जैसा कि उनके **"शिव-शंकर-आशुतोष"**, इस नाम से ही ज्ञात होता है। एकादश नामों में रुद्र नाम अत्यधिक प्रचलित है, जो उनकी संहारकर, भयानक और उग्र विशेषताओं के कारण ख्यातिलब्ध है। रुद्र शब्द की व्युत्पत्ति करते हैं: **"सः अरोदीत् यद्रोदीत् तद्रुद्रस्य रूद्रत्व"**। शिव की व्युत्पत्ति निरुक्त में कही है: **"रुद्रो रौतीति सतः रोरूयमाणो द्रवतीतिवा रोदयतेर्वा"**।

रुद्र एवं शिव में तदात्म्य है: **"स वै रुद्रः स शिवः...।"** इस श्लोक में रुद्र को शिव कहा है। वेदों में यत्र तत्र सर्वत्र स्थानों पर शिव तत्त्व या शिव से संबंधित कुछ न कुछ विषय वस्तु का ज्ञान अवश्य दिखलाई पड़ता है। जैसे- **"नमस्ते रुद्र मन्यवे। उत ते नमः"**, **"नमः शम्भवाय च मयोभवाय च। नमः शङ्कराय च मयस्कराय च। नमः शिवाय च शिवतराय च"**।

वेदों में शिव को दो मुख्य रूपों में वर्णित किया है—

1. **विनाशकारक (रुद्र रूप)**
2. **कल्याणकारक (शिव)।**

रुद्र का सर्वप्रथम वर्णन *ऋग्वेद* में प्राप्त होता है, जहाँ वे भयंकर स्वरूप वाले तथा सृष्टि का नाश करने वाले देवता हैं। ऋग्वेद में रुद्र के पुत्र के रूप में मरुतगणों को बतलाया गया है, जो उनचास प्रकार के होते हैं तथा विनाश के कार्यों में रुद्र के सहायक रहते हैं। *शतपथ ब्राह्मण* एवं *कौषीतकि ब्राह्मण* के अनुसार रुद्र उषा के पुत्र कहे गए हैं।

शुक्ल यजुर्वेद के शतरुद्रीय अध्याय में रुद्र को बहुत से स्थानों पर मंगलकारी एवं उग्रकारी रूपों में भेद किया गया है। **विनाशकारी:** रुद्र, शर्व, उग्र, अशनि। **कल्याणकारी:** पशुपति, महादेव, ईशान। शतरुद्रीय में शम्भु, शंकर तथा शिव भी कहा है।

शिव का स्वरूप[14]

वेद में शिव के विविध स्वरूपों का वर्णन है, जैसे: कपर्दिन (जटाजूट धारण करने वाले), गिरीशत: कैलाश पर्वत पर रहने वाले। सुमनाः—शोभन मन वाले। शिवेने वचसा:—कल्याण युक्त वाणी वाले। नीलग्रीवः—नीलकण्ठ वाले। सहस्राक्ष:—हजारों नेत्र वाले। इत्यादि प्रकार के स्वरूपों से युक्त शिव को वेदों में कहा गया है।

ब्राह्मण ग्रंथों में शिव के अष्टमूर्ति नामों का वर्णन *शतपथ ब्राह्मण* में, कालिदास कृत *अभिज्ञानशाकुंतल*[15] में तथा *भविष्यपुराण* में आया है, जिनमें शिव के प्रत्येक नाम को प्रकृति के एक तत्त्व (जैसे: शर्व-जल, उग्र-वायु, महादेव-चन्द्रमा) के साथ जोड़ा गया है। इन्हीं नामों का वर्णन आगम शास्त्रों में भी किया गया है। पुष्पदन्त ने भी महिम्नस्तोत्र में इनका वर्णन किया है: **"भवः शर्वो रुद्रः पशुपतिरथोग्रः---।"**[16]

ब्रह्मपुराण में शिव को सभी सिद्धियों को देने वाले के रूप में कहा है:

शंकरः सर्वभूत आत्मा करुणावरुणालयः
सर्वसिद्धिः स्यात् शिवदेवं सुखात्मा..।[17]

आगम में शिव

शिव के विषय में कहा गया है कि शिव को बुद्धि के द्वारा नहीं जाना जा सकता है, क्योंकि शिव का रूप अनिर्वचनीय है। तन्त्रालोक में कहा गया है:

"नसन्न चासत्सदसन च तन्नोभयोज्झितम्---।"[18] अर्थात्, शिव की अवस्था सत्-असत् रूप से परे है।

शिव का आत्मस्वरूप—**"तेन आत्मादे निराकरणे शिव"** अर्थात् आत्मस्वरूप में स्वयं ही सिद्ध है।

प्रत्यभिज्ञाहृदय में भी शिव को सर्वात्मा, आनन्दघन, प्रकाशपुञ्ज तथा अभेद रूप में कहा गया है।

चित् स्वरूप शिव: चित् का भाव चेतन से है, जो स्थायित्व से पृथक होता है। शिव तत्त्व भी ऐसा ही चित् स्वरूप वाला है, क्योंकि जो किसी आकार विशेष में आबद्ध न होकर निर्विकार स्वरूप वाला है। यथा—**विज्ञानस्य विभोरसौ।**

काश्मीर शैव दर्शन में शिव को विभिन्न स्वरूपों में बतलाया गया है। जिनमें से एक स्वरूप सर्वसम्पन्न सत्ता वाला है, जो सब में व्याप्त होकर भी सबसे बाह्य स्वतन्त्र सत्ता स्वभाव में है। वह शिव सत्, चित् तथा आनन्द स्वरूप वाला है।

सत् का सम्बन्ध शिव के शाश्वत, अजर, अमर और अविनाशी स्वरूप से है। चित् का सम्बन्ध चेतना के दिव्य गुणों से सुसज्जित, उच्चस्तरीय आदर्शों-आस्थाओं से युक्त है। *तन्त्रालोक* में चेतना को स्वयं सत्यस्वरूप गुण के रूप में वर्णित किया गया है। यथा—**संवितत्त्व स्वप्रकाशम्।**[19]

वेदान्ती लोग चेतना को शुद्ध चैतन्य रूप में स्वीकार किए हैं, परन्तु शैव लोग इसे स्वतन्त्र की संज्ञा देते हैं।

आनन्द का स्वरूप वेदान्ती एवं शैव दोनों ही मान्य करते हैं। आनन्द अर्थात् भाव संवेदनाओं, सरसता, मृदुलता से सिक्त अन्तःकरण स्वरूप में विषय-विषयी का भेद समाप्त हो जाता है। इस आनन्द का अनुभव तभी होगा जब स्वयं उसे प्राप्त कर लेते हैं। *वेदान्तसार* में भी परब्रह्म को अखण्ड- सत् चित् आनन्द रूप में कहा है। यथा—**अखण्ड सच्चिदानन्दमवाङ्मनसगोचरम् --।** इस श्लोक में सत्-चित्-आनन्द को अखण्ड रूप में कहा गया है तथा वह अखण्ड आत्मा को कहते हैं, जो शैव दर्शन में शिव का ही स्वरूप है।

वेदान्त में सत्त्व को ज्ञानरूप ब्रह्म कहा गया है—"**सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म**"।[20] चित् को चैतन्य था चित् स्वरूप कहा है। आनन्द को विज्ञानवान् ब्रह्म कहा है—"**विज्ञानमानन्दं ब्रह्म**"।[21] इस प्रकार जो सत् है, वही चित् है तथा वही आनन्द है।

वेदान्त में जहाँ परब्रह्म को अखण्ड-सत्-चित्-आनन्द रूप में कहा गया है, वहीं शैव दर्शन में इसी को शिव का ही स्वरूप माना गया है।

परमशिव की पंच शक्तियाँ

शिव तत्त्व ज्ञान, क्रिया से युक्त है। प्रत्यभिज्ञा दर्शन के अनुसार मुख्यत: शिव की पाँच शक्तियाँ हैं:

- चित्: आत्म प्रकाशन की शक्ति, शिव नामक है।
- आनन्द: महेश्वर नामक शक्ति, आनन्द वाली है।
- इच्छा: सर्जन करने वाली शक्ति, सदाशिव एवं संहारी नामक हैं।
- ज्ञान: ज्ञान शक्ति वाली, ईश्वर नामक है।
- क्रिया: आकार ग्रहण की शक्ति (सर्वाकार योगिलं क्रियाशक्तिः)।

इस प्रकार, यह स्पष्ट है कि भारतीय आध्यात्मिक परम्परा निगम (वेद) और तथा (तन्त्र) नामक दो मुख्य धाराओं में प्रवाहित होती है। जहाँ निगम (वेद) कर्म और ज्ञान के वृहद् स्वरूप को प्रस्तुत करता है, वहीं आगम शास्त्र (तन्त्र) मोक्ष के साथ-साथ मारण, मोहन आदि अन्य विषयों तथा सभी वर्णों के लिए अधिकार को स्वीकार करता है।

शिव तत्त्व इन दोनों धाराओं के केंद्र में स्थित है। निगमों में शिव को रुद्र के रूप में विनाशक और कल्याणकारी दोनों ही रूपों में पूजित किया जाता है, जबकि आगमों में शिव को परम तत्त्व, सत्-चित्-आनन्द और अनिर्वचनीय परम प्रकाश के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। शिव की ये पंच शक्तियाँ (चित्, आनन्द, इच्छा, ज्ञान, क्रिया) ही संपूर्ण सृष्टि की अभिव्यक्ति का मूल आधार हैं।

निष्कर्ष

निगम और आगम के समन्वयकारी दृष्टिकोण से यह सिद्ध होता है कि वेदों का ज्ञान मार्ग और तंत्रों की क्रियात्मक साधना पद्धति, दोनों ही साधक को एक ही अंतिम लक्ष्य—मोक्ष या परम शिव तत्त्व की प्राप्ति की ओर ले जाती हैं। यह समन्वय ही भारतीय धर्म एवं दर्शन की अखण्डता और पूर्णता का परिचायक है।

ग्रन्थसूची/संदर्भ सूची

1. *अभिज्ञानशाकुंतलम्,* शिवराज शास्त्री, मेहरचंद लक्ष्मीदास पब्लिकेशन नई दिल्ली
2. *तन्त्रालोक*
3. *तैत्तिरीय*
4. *देवी भागवत*
5. *निरुक्त,* जमुना पाठक, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, गोपाल मन्दिर लेन, वाराणसी,

6. *परिभाषाप्रकरण*, ए. हॉग सम्पादितम्
7. *प्रत्यभिज्ञाहृदय*, पद्मभूषण डॉ. श्रीपाददामोदर-सातवलेकरः
8. *ब्रह्मपुराण*, गीताप्रेस गोरखपुर पुनर्मुद्रण सं, 2071
9. *बृहदारण्यक उपनिषद्*, शङ्करभाष्यार्थ, गीताप्रेस गोरखपुर पुनर्मुद्रण सं, 2071
10. *महाभारत अनुशासनपर्व* , पद्मभूषण डॉ. श्रीपाददामोदर-सातवलेकरः, गीताप्रेस गोरखपुर पुनर्मुद्रण स, 2071
11. *महिम्नस्तोत्र*

सन्दर्भ

1. *निरुक्त* 1अध्याय3सूत्र
2. *योनितन्त्र* प्रस्तावना पृष्ठ 3
3. *योगसूत्र* तत्त्ववैशारदी 1/7
4. *योनितन्त्र* प्रस्तावना पृष्ठ 4
5. *देवी भागवत*1/5/61
6. *तंत्रालोक* भा.1,पृष्ठ15
7. *तन्त्रालोक*35/1-2
8. *तन्त्रालोक* 35/19
9. *शान्ति* 349।64
10. *रघुवंश*
11. *शिव महिम्न* स्तोत्र, श्लोक7
12. *परिभाषाप्रकरण, पृष्ठ 25*
13. *महाभारत.* अनुशासनपर्व. 60/30/45
14. *शुक्ल यजुर्वेद* शतरुद्रीय(16)अध्याय
15. *अभिज्ञानशाकुंतलम* 1.1
16. *महिम्नस्तोत्र,* 24 श्लोक
17. *ब्रह्मपुराण109*/37, 211/79, 130/17
18. *तन्त्रालोक 2*-28
19. *तन्त्रालोक* 2/10
20. *तैत्तिरीय* 2/2/1
21. *बृ. उ.* 6/3/9/28

शोध छात्र, वेदविभाग,
सं.वि.ध.वि. संकाय का.हि.वि.वि. वाराणसी,
14395sp@gmail.com,
Phone no- 7524062626

मीमांसा दर्शन में लोक-अर्थ की प्रधानता

प्रो. गोपाल प्रसाद शर्मा

मीमांसक वेद को अपौरुषेय मानते हैं।[1] लौगाक्षि भास्कर ने स्पष्ट शब्दों में कहा है 'अपौरुषेयं वाक्यं वेदः।'[2] मीमांसा को वेद वाक्य—विचार-शास्त्र कहा जाता है। वेद वाक्यों का अर्थ—विचार मीमांसा की सरणि में सम्यक् हो सकता है। वेदार्थ की जिज्ञासा करना धर्म है, अतः इस मीमांसा- शास्त्र को धर्मविचारशास्त्र कहा गया है।[3] वेदार्थ ही धर्म है तथा वेदाध्ययन का दृष्टफल अर्थज्ञान है, अतः वेदार्थ-विचार करना चाहिये। अदृष्ट को माने बिना मीमांसकों का काम नहीं चलता है परन्तु उनका सिद्धान्त है—**लभ्यमाने फले दृष्टे नादृष्टपरिकल्पना** यह भी संभव है कि इस प्रत्यक्ष-प्रमाण की अवधारणा को चार्वाकों ने मीमांसकों से लिया हो तथा उनका संपूर्ण लोकायत—विचार इसी पर केन्द्रित हो गया हो।

वेद वाक्यों के विचार क्रम में मीमांसक लोक-प्रचलित अर्थ का त्याग नहीं करते हैं। भाषाविदों के अनुसार शब्दों के अर्थ अपनी मूल प्रकृति से विचलित होते रहते हैं।

यह अर्थ-विचलन तीन प्रकार का होता है—

1. अर्थविस्तार

इसके अन्तर्गत कुशल, प्रवीण, तैल, पशु, गधा तथा उल्लू जैसे शब्द आते हैं, जिनका अर्थ-विस्तार हो गया है, इनमें कुशलः (कुशं लातीति), प्रवीणः (वीणावादने पटुः) तथा तैलम् (तिलस्य सारभागः) आज अपने मूल अर्थ को भी कदाचित् लोक में नहीं कह पाते हैं।

2. रूढीभवन

इसे अर्थसंकोच भी कहा जाता है, यह अर्थ-विस्तार की विपरीत प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत वे शब्द आते हैं जो कि व्यापक अर्थ व्यक्त करने की क्षमता रखते हुए भी सीमित अर्थ में सिमट जाते हैं। जैसे पंकज, सरोज तथा वारिज केवल कमल का बोध करा रहे हैं। इसी प्रकार शाला, भवन, मन्दिर, गृह, आलय, सदन, निकेतन तथा अगार कुछ विशेष शब्दों के साथ ही प्रयुक्त होते हैं। 'वेदना' (संवेदः, ज्ञानम्)[4] सुख तथा दुःख दोनों को व्यक्त करने की क्षमता रखते हुए भी दुःख का ही बोध कराता है। घृणा (प्रियते सिच्यते हृदयमनया दयारसेन हि हृदयं सिक्तमिवार्द्रं भवतीति तथात्वम्)[5] करुणा तथा घिन दोनों अर्थ रखते हुए भी घिन का ही बोध कराता है।

3. अर्थान्तरीभवन

इसे भाषाविद् अर्थादेश भी कहते हैं। इसका तात्पर्य है कि शब्द अपने अर्थ को छोड़कर दूसरे अर्थ को व्यक्त करने लगते हैं। जैसे विधुर विकल अथवा व्याकुल अर्थ से पत्नीरहित अर्थ में चला गया। पाषण्ड शब्द पहले एक सम्प्रदाय में रूढ़ था—

पालनाच्च त्रयीधर्म्मः पाशब्देन निगद्यते।
तं ष (ख) ण्डयन्ति ते यस्मात् पाषण्डास्तेन हेतुना।।

वेदविरुद्धाचारवान्[6] --- इस अर्थ से ढोंग अर्थ में चला गया है। प्रतीक शब्द अपने मूलार्थ अङ्ग[7] तथा प्रतिकूल अर्थ[8] को छोड़कर चिह्न अर्थ में आ गया है। मुग्ध शब्द भी मूढ़[9] अर्थ को छोड़कर मोहित अर्थ को बताता है। अर्थबोध के लिये शब्दों का प्रयोग किया जाता है परन्तु इनका अर्थ-विचलन भाषाशास्त्रीय सिद्धान्त है।

मीमांसक लोक अर्थ को ही स्वीकार करते हैं।[10] 'अथातो धर्मजिज्ञासा'[11] इस सूत्र का अर्थ करते हुए मीमांसा सूत्र के प्राचीन टीकाकार भवदास ने 'अथ' तथा 'अतः' इन दो पदों को एक पद मानकर अर्थात् 'अथातः' इस पद को आनन्तर्यार्थिक माना था। लोक में 'अथातः' यह पद आनन्तर्यार्थक नहीं है। इस प्रकार का अर्थ मानने में परिभाषा का अवलम्बन लेना होगा।[12] इसी पक्ष का खण्डन करने के लिये भाष्यकार ने 'लोके येष्वर्थेषु प्रसिद्धानि'[13] यह पक्ष लिखा। कुमारिलभट्ट का भी यही मत है कि इस प्रकार 'अथातः' पद की आनन्तर्यार्थक व्याख्या उपयुक्त नहीं है। इस प्रकार की व्याख्या में प्रसिद्धहानि तथा अप्रसिद्ध कल्पना ये दो दोष उपस्थित होंगे। अर्थात् 'अथ' यह पद आनन्तर्यार्थक प्रसिद्ध है, इस अर्थ की हानि होगी तथा 'अथ' एवं 'अतः' ये दोनों पद सम्मिलित होकर किसी अर्थ को बताते हैं, इस अप्रसिद्ध अर्थ की कल्पना करनी होगी।[14]

इन दोषों के कारण आचार्य भवदास को 'अथातः' इस पदद्वय को आनन्तर्यार्थक नहीं मानना चाहिये था। यदि मीमांसा के प्रथम सूत्र की ही व्याख्या में इस लोकाप्रसिद्ध सरणि से चलना पड़ेगा तो इस मार्ग से वेदों का अर्थनिर्णय दूर हो जायगा, इस प्रकार के अर्थ से वक्ता तथा श्रोता दोनों का यत्नभार बढ़ जायगा।[15]

शाबर-भाष्य में धार्मिक कौन है, इस तत्त्व पर विचार करते हुए भाष्यकार का मत है कि लोक में जिस अर्थ को स्वीकार किया जाता है, वही अर्थ मान्य होता है। जो यागानुष्ठान करता है, वह धार्मिक कहलाता है। जैसे लोक में पाचक तथा लावक शब्द क्रमशः पकाने वाले तथा काटने वाले के लिये प्रयुक्त होते हैं। जो पुरुष को निःश्रेयस से संयुक्त करता है, वह धर्मपदवाच्य है।[16] लौकिक उदाहरणों के पश्चात् भाष्यकार ने वैदिक मन्त्र[17] उपस्थापित किया है, इस मन्त्र में यज् धातु के वाच्य को धर्म कहा गया है। इस प्रकार उभयथा लोक एवं वेद में यज्ञ ही धर्म है। कदाचित् इसीलिये लौगाक्षिभास्कर ने भी यही बात कही है।[18] मीमांसकों के मत में यागादि क्रियायें तथा उनसे सम्बद्ध द्रव्य गुण आदि हि धर्म हैं।[19]

यह स्मरणीय है कि *जैमिनि-सूत्रों* का भाष्य *शाबर भाष्य* है। इस शाबर भाष्य की भी व्याख्या में कुमारिलभट्ट की तीन टीकायें वर्तमान में उपलब्ध हैं, जो इस प्रकार हैं—

1. श्लोकवार्त्तिक

यह शाबर भाष्य के प्रथमाध्याय के प्रथम पाद की पद्यमयी व्याख्या है। इस ग्रन्थ में बौद्धदर्शन के विषयों की जितनी आलोचना उनके मतों का उल्लेख करते हुए की गयी है, उतनी अन्य किसी ग्रन्थ में सम्भवतः ही की गयी हो।

2. तन्त्रवार्त्तिक

यह शाबर भाष्य के प्रथमाध्याय के द्वितीय पाद से लेकर तृतीयाध्याय तक की गद्य-पद्यमयी व्याख्या है।

3. टुप्टीका

यह शाबर-भाष्य के चतुर्थाध्याय से द्वादशाध्याय तक की संक्षिप्त व्याख्या है।

उपर्युक्त तीनों ग्रन्थ अपनी विशिष्टताओं के कारण स्वतन्त्र स्थान रखते हैं, यद्यपि ये तीनों शाबर भाष्य की ही व्याख्या के रूप में हैं।

कुमारिल भट्ट भी साधारण-जनों द्वारा किये जाने वाले यागादि अनुष्ठाता पुरुषों में धार्मिकत्व के व्यवहार को प्रस्तुत करते हैं।[20] कुछ विचारक धर्म के विषय में वैमत्य रखते हैं—सांख्यमतावलम्बी अन्तःकरण की वृत्ति-विशेष को, बौद्ध चैत्यवन्दनादि से उत्पन्न शुभा वासना को जैन पुद्गलादि परमाणुओं को, न्याय-वैशेषिक-मतावलम्बी मनुष्य की आत्मा में रहने वाले एक विशेष प्रकार के गुण को तथा कुछ मीमांसक यागादि से उत्पन्न होने वाले अपूर्व को धर्म कहते हैं।[21]

उपर्युक्त सभी मतों के खण्डन के लिये भट्टपाद लोक का ही प्रमाण लेते हैं। जब लोक में इस प्रकार का अर्थ बहुशः स्वीकृत नहीं है तो इन सभी पाँचों मतों में से एक भी धर्म-पद-वाच्य नहीं हो सकता है।[22]

मीमांसक रूढार्थ की प्रधानता को जानते थे। तभी तो 'बर्हिः' इस पद के अर्थ-निश्चय के लिये तथा इसी प्रकार के पदों के अर्थज्ञान एवं तदनुसार यागादि क्रियाओं के अनुष्ठान के लिये उन्होंने हमें 'लिङ्ग' नामक प्रमाण दिया, जिससे कि विनियोग का यथार्थ ज्ञान होता है। उक्त प्रमाण को स्पष्ट करते हुए अर्थसंग्रहकार ने कहा है—'शब्दसामर्थ्यं लिङ्गम्'।[23] इसी प्रमाण के आधार पर 'बर्हिः' पद कुश का वाचक होता है न कि 'उलप' आदि कोमल तृणों का।[24] जबकि कुश भी तृण-विशेष ही है। विस्तृत रूप से इस प्रकरण को लौगाक्षिभास्कर के *अर्थसंग्रह* में देखा जा सकता है। यौगिक अर्थ से रूढार्थ बलवान् होता है, यह इस प्रकरण का सार है। इस प्रकार मीमांसकों ने आधुनिक भाषा – विज्ञान के लिये भी एक सिद्धान्त तो दे ही दिया। *जैमिनीयन्यायमाला* में भी पिकनेमाधिकरण में व्याकरण, निरुक्तादि से पिक, नेमादि पदों की अर्थ- कल्पना की जाय अथवा चूँकि आर्यों में ये पद किसी भी अर्थ में प्रसिद्ध नहीं हैं तथा म्लेच्छों का प्रामाण्य न होने से व्याकरणादि की सहायता से पिकादि शब्दों की अर्थ-कल्पना उचित है, ऐसा पूर्वपक्ष उपस्थित होता है।

यहाँ सैद्धान्तिक रूप से यह कहा गया है कि यदि म्लेच्छप्रसिद्धि का आर्यों के अर्थ से विरोध नहीं होता है तो वह म्लेच्छप्रसिद्धि ग्राह्य है। इस अधिकरण का सार यह है कि म्लेच्छों की लोक-प्रसिद्धि का भी प्रामाण्य है। अतः माधवाचार्य म्लेच्छों की ही सही यदि उस प्रसिद्धि का आर्य-प्रसिद्धि से विरोध नहीं है तो वेदाङ्गों से भी अधिक उसका प्रामाण्य स्वीकार कर रहे हैं।

वाक्य-शास्त्र तो मीमांसा ही है। अतः वेद- वाक्य- विचार की प्रक्रिया मीमांसा के बिना नहीं हो सकती है। अत एव मीमांसा का अध्ययन आवश्यक है।[25] मीमांसा के प्रथम सूत्र में धर्म-जिज्ञासा की बात कही गयी है। अतः मीमांसा का प्रयोजन धर्म- विचार है।[26] यदि मीमांसक धर्म विषयक चर्चा करते हुए लोक तथा वेद से धर्म-तत्त्व निरूपण करते हैं तो इसमें कुछ विप्रतिपत्ति नहीं होनी चाहिये। इस मीमांसा – विद्या को समझने के लिए व्याकरणादि विद्याओं को जानना आवश्यक है।[27] इस मीमांसा को यथार्थ रूप में न जानने पर न्याय ठीक ढंग से नहीं हो सकता है।[28]

मीमांसकों का यह भी सिद्धान्त है कि आख्यात जब अपने अर्थ का बोध कराते हैं तब पुरुषगत सामर्थ्य भी अर्थबोध में सहायक होते हैं।[29] 'यजेत स्वर्गकामः' का यह भी तात्पर्य है कि जो आहिताग्नि हो तथा अध्ययन विधि से सिद्ध विद्यावान् हो, वह याग करे। 'स्रुवेणावद्यति' वाक्य से आज्य का ही अवदान होगा[30] तथा 'हस्तेनावद्यति' वाक्य से पुरोडाशावदान ही विवक्षित है। इसी प्रकार लोकव्यवहार में भी ऐसे उदाहरण देखे जा सकते हैं जो मीमांसा के सामर्थ्याधिकरण से प्रभावित हैं। जैसे पानी लाओ कहने पर गिलास में ही लाया जाता है तथा भोजन लाओ कहने पर थाली में ही लाया जाता है। हमें यह मानना चाहिये कि इस प्रकार की अर्थ व्यवस्था मीमांसकों की ही देन है। इसी प्रकार अन्य स्थलों में भी जहाँ अर्थ स्पष्टतया अवभासित न हो अथवा संशयात्मक स्थिति हो, वहाँ हमें मीमांसकों की सरणि का अनुसरण कर रूढार्थ (लोकार्थ) का ग्रहण करना उपयुक्त होगा।

सन्दर्भ

1. पौरुषेयं न वा वेदवाक्यं स्यात्पौरुषेयता।
   काठकादि समाख्यानाद्वाक्यत्वाच्चान्यवाक्यवत्॥ 25॥
   समाख्याध्यापकत्वेन वाक्यत्वं तु पराहतम्।
   तत्कर्त्रनुपलम्भेन स्यात्ततोऽपौरुषेयता॥ 26॥ *जै. न्या.मा.*
2. *'अर्थसंग्रह* 'वेदलक्षणविचार' प्रकरण
3. 'धर्मस्य वेदार्थस्य जिज्ञासा कर्तव्या इति शेषः। जिज्ञासापदस्य विचारे लक्षणा। अतो धर्मविचारशास्त्रमिदमारम्भणीयमिति शास्त्रारम्भसूत्रार्थः॥'
4. *शब्दकल्पद्रुम*
5. *शब्दकल्पद्रुम*
6. *शब्दकल्पद्रुम*
7. अङ्ग प्रतीकोऽवयवोपघनः। *अमरकोश* 2.6.70
8. 'प्रतिकूले प्रतीकस्त्रिष्वेकदेशे तु पुंस्ययम्।' *अमरकोश* 3.3.7
9. *शब्दकल्पद्रुम*
10. लोके येष्वर्थेषु प्रसिद्धानि यानि पदानि तानि सति सम्भवे तदर्थान्येव सूत्रेष्वित्यवगन्तव्यम्। नाध्याहारादिभिरेषां परिकल्पनीयोऽर्थः परिभाषितव्यो वा। एवं वेदवाक्यान्येवैभिर्व्याख्यायन्ते। इतरथा वेदवाक्यानि व्याख्येयानि, स्वपदार्थश्च व्याख्येया इति प्रयत्नगौरवं प्रसज्येत। *शा. भा. पू.* 1
11. *जै.सू.* - 1.1.1
12. वृत्त्यन्तरेषु केषाञ्चिल्लौकिकार्थव्यतिक्रमः।
    शब्दानां दृश्यते तेषामुपालम्भोऽयमुच्यते॥ 33॥
    अथात इत्ययं लोके नानन्तर्ये प्रयुज्यते।
    तस्मात्तादर्थ्यमेतस्य परिभाषादिभिर्भवेत् ॥ 34 ॥ *मीमांसाश्लोकवार्तिक प्रतिज्ञासूत्रम्*
13. टिप्पणी 10
14. प्रसिद्धहानिः शब्दानामप्रसिद्धे च कल्पना।
    न कार्या वृत्तिकारेण सति सिद्धार्थसम्भवे॥ 35॥ *मीमांसाश्लोकवार्त्तिक प्रतिज्ञासूत्रम्*
15. सूत्रार्थे क्लिश्यतश्चैवं दूरे वेदार्थनिर्णयः।
    तत्र यत्नस्य भारत्वं वक्तृश्रोत्रोः प्रसज्यते ॥ 36 ॥ *मीमांसाश्लोकवार्त्तिक प्रतिज्ञासूत्रम्*
16. य एव श्रेयस्करः, स एव धर्मशब्देनोच्यते। कथमवगम्यताम् यो हि यागमनुतिष्ठति, तं 'धार्मिकः' इति समाचक्षते।

यश्च यस्य कर्त्ता स तेन व्यपदिश्यते। यथा पाचको लावकः इति। तेन यः पुरुषं निःश्रेयसेन संयुनक्ति, स धर्मशब्देनोच्यते। *मीमांसा शावर भाष्य पृ. 13, 14*

17. यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्। *ऋ.* 10.90.16 तथा *वा. स.* 31.16
18. `अथ को धर्मः, किं तस्य लक्षणम् ?, इति चेत्, उच्यते यागादिरेव धर्मः।` *अर्थसंग्रह – धर्मलक्षण-प्रकरण*
19. श्रेयो हि पुरुषप्रीतिः सा द्रव्यगुणकर्मभिः।
चोदनालक्षणैः साध्या तस्मात् तेष्वेव धर्मता।। *मीमांसाश्लोकवार्तिक, चोदनासूत्रम् – 191*
20. अन्यत्साध्यमदृष्ट्वैव यागादीननुतिष्ठतः।
धार्मिकत्वसमाख्यानं तद्योगादिति गम्यते।। *मीमांसाश्लोकवार्तिक, चोदनासूत्रम् – 192*
21. अन्तःकरणवृत्तौ वा वासनायां च चेतसः।
पुद्गलेषु च पुष्येषु नृगुणेऽपूर्वजन्मनि।। *मीमांसाश्लोकवार्तिक, चोदनासूत्रम्- 195*
22. प्रयोगो धर्मशब्दस्य न दृष्टो न च साधनम्।
पुरुषार्थस्य ते ज्ञातुं शक्यन्ते चोदनादिभिः।। मीमांसाश्लोकवार्तिक, चोदनासूत्रम् – 196
23. *अर्थसंग्रह लिङ्गस्वरूपनिरूपण प्रकरण*
24. *वाचस्पत्यम्*
25. `वैदिक वाक्यों में कौन से वाक्य विधायक हैं? कौन से अर्थवाद-वाक्य हैं? किन वाक्यों का स्वार्थ में तात्पर्य है? किन वाक्यों का अन्यत्र तात्पर्य है? कहाँ वास्तव में निषेध है? कहाँ विधि का आभास हो रहा है? इन सबका ज्ञान मीमांसा दर्शन को जाने बिना नहीं हो सकता।` *मीमांसा दर्शन का विवेचनात्मक इतिहास – पृ. 58* डा. गजानन शास्त्री मुसलगाँवकर
26. अथातो धर्मजिज्ञासा सूत्रमाद्यमिदं कृतम्।
धर्माख्यं विषयं वक्तु मीमांसायाः प्रयोजनम्। – *मीमांसाश्लोकवार्तिक, चोदनासूत्रम्- 11*
27. मीमांसाख्या तु विधेयं बहुविधान्तराश्रिता।
न शुश्रूषयितुं शक्या प्रागनुक्त्वा प्रयोजनम्।। *मीमांसाश्लोकवार्तिक, चोदनासूत्रम् – 13*
28. मीमांसायां त्विहाज्ञाते दुर्ज्ञाते वाऽविवेकतः।
न्यायमार्गे महान् दोष इति यत्नोपचर्यता।। *मीमांसाश्लोकवार्तिक, चोदनासूत्रम्- 13*
29. आख्यातानामर्थं ब्रुवतां शक्तिः सहकारिणी। – *अर्थसंग्रह अधिकारविधिलक्षण-प्रकरण*
30. `स्रुवेणावद्यति` इत्यवदानसामान्यशेषत्वावगमेऽपि स्रुवस्य सामर्थ्यरूपाल्लिङ्गादाज्यसान्नाय्यादि द्रवद्रव्यस्यावदानविशेषाङ्गत्वम् स्रुवेण पुरोडाशाद्यवदानस्य कर्तुमशक्यत्वात्। *मीमांसा परिभाषा* – पृ. 36

(आचार्य – वेद विभाग)
श्री.ला. ब. शा. रा. संस्कृत विश्वविद्यालय,
शहीद जीतसिंह मार्ग,
कटवारिया सराय,
नयी दिल्ली।
मो. 9911559965

कष्टार्तव की समस्या का योग द्वारा निवारण

कृष्णा दग्दी एवं डॉ राकेश गिरी

सार

अच्छा स्वास्थ्य एक ऐसी व्यक्तिगत एवं सामाजिक अनुभूति है जिसमें एक व्यक्ति स्वयं को सक्रिय, सृजन-शील, समझदार तथा योग्य महसूस करता है, एक महिला का स्वास्थ्य उनके जीवन के हर पहलू पर प्रभाव डालता है फिर भी अनेक वर्षों तक महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवा का अर्थ गर्भावस्था तथा प्रसव में दी जाने वाली मृतस्वास्थ्य सेवाओं से अधिक को कुछ नहीं रहा है, यह सेवाएं आवश्यक है परन्तु महिलाओं की अन्य कई समस्याएं हैं—जैसे मासिक धर्म से संबंधित समस्याएं है। मासिक धर्म प्रत्येक स्त्री के जीवन चक्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, मासिक धर्म चक्र के दौरान एक महिला हार्मोन परिवर्तनों की एक शृंखला से गुजरना प्रारंभ कर देती है। मासिक धर्म स्त्रियों में एक स्वाभाविक क्रिया है। 75% लड़कियों को मासिक धर्म से संबंधित समस्याओं का अनुभव होता है। यूनिसेफ के अनुसार प्रत्येक माह दुनिया भर में लगभग 1.8 बिलियन स्त्रियों को मासिक धर्म होता है, परन्तु फिर भी प्रथम महावारी के पूर्व इस विषय में कहीं लड़कियों को इसकी पूर्व जानकारी नहीं होती है अतः समाज में महिलाओं की मासिक धर्म की समस्याओं की अवहेलना की जाती है। मासिक धर्म से संबंधित समस्याओं में से एक समस्याकष्टार्तव की भी है।कष्टार्तवमासिक धर्म के दौरान पेट के निचले भाग में बार-बार होने वाला ऐंठन वाला दर्द होता है। मासिक धर्म वाली महिलाओं में से 60% से 90% महिलाओं में कष्टार्तव की समस्या देखी जा सकती है। मासिक धर्म के समय होने वाला दर्द एवं ऐंठन किसी अभिशाप से काम नहीं होता है। यह दर्द अलग-अलग प्रकार से हो सकता है इस समस्या में महिलाओं को योग चिकित्सा द्वारा लाभ प्राप्त होता है।

मूल शब्द - *कष्टार्तव, महिला, मासिक धर्म, स्वास्थ्य, योग चिकित्सा आदि।*

परिचय

वर्तमान समय में वैज्ञानिक युग में जैसे-जैसे तकनीकी विकास हो रहा है, मानव को अनेक सुविधाएं प्रदान हो रही है, परन्तु मनुष्य की सामान्य जीवन शैली को अव्यवस्थित कर दिया है। आधुनिक जीवन शैली तथा असंतुलित आहार-विहार से मनुष्य के शरीर का संतुलन बिगड़ रहा है। अनियमित जीवन शैली के दुष्प्रभाव छात्राओं और महिलाओं के मासिक धर्म की कष्टार्तव की समस्या पर भी हुआ है, कष्टार्तव

महिलाओं की आम समस्या है, जो आज उनके जीवन का एक अंश बनता जा रहा है। कष्टार्तव महिलाओं एवं लड़कियों की मासिक धर्म से जुड़ी एक समस्या है जो प्रतिमाह महिलाओं को मासिक धर्म के पूर्व तथा दौरान होने वाले दर्द से हैं मासिक धर्म के दौरान व पूर्व गर्भाशय में असहनीय पीड़ा होना तथा इस असहनीय पीड़ा के कारण सामान्य क्रियाकलाप में भी बाधा उत्पन्न होने लगती है।

कष्टार्तव एक ऐसी पीड़ा है जो महिला के मासिक धर्म के समय होती है और यह गर्भाशय की मायोमेट्रियल मांसपेशियों में अधिक संकुचन के कारण होता है, जिसके कारण रक्त प्रवाह कम हो जाता है, जिससे मायोमेट्रियल कोशिकाओं में ऑक्सीजन की कमी से मासिक धर्म के दौरान पीड़ा होता है, इस पीड़ा के कारण पेट में जलन एवं दर्द महसूस होता है।[1]

महिलाएं सामान्यतः अपने मासिक धर्म से एक या दो दिन पहले से पेट के निचले भाग में ऐंठन या दर्द की शिकायत करती हैं और यह दो या तीन दिनों तक रहता है।[2] किशोर लड़कियों और महिलाओं को अक्सर अपने मासिक धर्म के दौरान कष्टार्तव अर्थात मासिक धर्म के समय होने वाली असहनीय पीड़ा का अनुभव होता है।[3] हर महिला मासिक धर्म के दर्द को अलग-अलग तरीके से अनुभव करती है, कुछ को हल्की असुविधा होती है, जबकि अन्य को गंभीर दर्द होता है जो मासिक धर्म से पहले तथा मासिक धर्म के समय होता है।

